खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 24°C

मुरादाबाद, शनिवार 5 जुलाई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 325 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 9 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



योगी ने प्रशिक्षु पीसीएस को दी संवेदनशीलता बरतने की नसीहत पेज 2



जडेजा ने बीसीसीआई का दिशा-निर्देश तोड़ा पर सजा की उम्मीद नहीं खेल टाइम्स



करबला से मिलती है चरित्र निर्माण की शिक्षा संपादकीय



रूस ने अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को दी मान्यता पेज 12

## अगले सप्ताह से शुरू होगा हज-2026 के लिए आवेदन: रिजिजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को कहा कि हज -2026 की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और एक सप्ताह बाद से आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी। श्री रिजिजू ने शुक्रवार को यहां हज समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि हमने आज से आधिकारिक तौर पर हज-2026 की तैयारियां शुरू कर दी हैं। मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि हज-2025 को हाल के इतिहास में सबसे बेहतरीन तरीके से प्रबंधित और सबसे सफल हज यात्राओं में से एक माना जा सकता है। उन्होंने कहा कि पिछले साल और उससे पहले हज यात्रा के दौरान कई घटनाएं देखने को मिली।

## हिमाचल: बारिश से अब तक 69 की मौत, केदारनाथ मार्ग बंद

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में मानसून ने 20 जून को एंट्री ली थी। बारिश से जुड़ी घटनाओं में राज्य में अब तक 69 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें 26 मौतें एक्सीडेंट के कारण हुई। एक दिन पहले 6 लोगों की जान गई थी। बीते 15 दिन में राज्य को लगभग 500 करोड़ का नुकसान हो चुका है। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में लगातार बारिश के कारण अलकनंदा उफान पर है। इसके किनारे बने घर डूब गए हैं। वहीं, केदारनाथ यात्रा के पड़ाव गौरीकुंड में लैंडस्लाइड के बाद रूट ब्लॉक हो गया है। बद्रीनाथ हाईवे पर नंदप्रयाग और भनेरपानी के पास लैंडस्लाइड से रास्ता बंद हो गया था, उसे अब खोल दिया गया है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ने से बाढ़ का खतरा बढ़ने लगा है। इसको लेकर प्रशासन की ओर से अलर्ट जारी किया गया है।

# त्रिनिदाद में भारतीय मूल के लोगों की छठी पीढ़ी को ओसीआई कार्ड होंगे जारी: मोदी

**पोर्ट ऑफ स्पेन/ नई दिल्ली, वार्ता**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने त्रिनिदाद- टोबैगो में भारतीय समुदाय के लोगों के अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित और पोषित करने के मजबूत इरादों की सराहना करते हुए कहा है कि इस देश में उनकी यात्रा साहस और परिश्रम की गाथा है।

पांच देशों की यात्रा के दूसरे चरण में गुरुवार देर रात घाना से त्रिनिदाद- टोबैगो पहुंचे श्री मोदी ने यहां भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए घोषणा की कि इस देश में भारतीय मूल के लोगों की छठी पीढ़ी को 'ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया' यानी ओसीआई कार्ड जारी किए जाएंगे। कार्यक्रम में श्री मोदी का स्वागत करते हुए त्रिनिदाद-टोबैगो के प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर ने उन्हें देश के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार 'द ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एवं टोबैगो' से सम्मानित करने की घोषणा की। श्री मोदी ने इस अवसर पर भारतीय समुदाय के दृढ़ इरादों के लिए उनकी सराहना की तथा उनके साथ संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अब त्रिनिदाद - टोबैगो में भारतीय मूल के लोगों की छठी पीढ़ी को ओसीआई कार्ड जारी किए जाएंगे।

### मोदी को सर! कह नमन किया त्रिनिदाद-टोबैगो की पीएम ने

**पोर्ट ऑफ स्पेन / नई दिल्ली।** त्रिनिदाद- टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उनको आज की दुनिया के सबसे प्रशंसित दूरदर्शी नेताओं में एक बताया। प्रधानमंत्री ने श्री मोदी के स्वागत में उन्हें सर! कह कर नमन किया और उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से विभूषित करने की घोषणा की।

## मोदी ने पीएम कमला प्रसाद को भेंट की राम मंदिर की प्रतिकृति व पावन सरयू-जल

**पोर्ट-ऑफ-स्पेन / नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने अपने सम्मान में यहां मेजबान त्रिनिदाद-टोबैगो की सरकार द्वारा गुरुवार रात आयोजित रात्रि भोज में प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर को कुछ स्मृति चिह्नों के साथ अयोध्या-धाम के राम मंदिर की एक प्रतिकृति और पावन सरयू के जल का एक पात्र भी भेंट किया।

श्री मोदी ने आस्था के इन प्रतीकों को भारत और त्रिनिदाद- टोबैगो के गहरे सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संबंध का परिचायक बताया।



## सब लेफ्टिनेंट पूनिया बनीं नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट

**नई दिल्ली।** सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया ने नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट होने का गौरव हासिल किया है। नौसेना ने बताया कि विशाखापत्तनम स्थित नौसैनिक एयर बेस पर दूसरे बेसिक हॉक कन्वर्जन कोर्स के पूरा होने के बाद शुक्रवार को उन्हें यह गौरव हासिल हुआ। इस कोर्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए लेफ्टिनेंट अतुल कुमार और सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया को सहायक नौसेना प्रमुख (वायु) रियर एडमिरल जनक बेवली ने प्रतिष्ठित 'विंग्स ऑफ गोल्ड' पुरस्कार से सम्मानित किया।

# चीन की नीच हरकत का सेना ने किया खुलासा


## ऑपरेशन सिंदूर का लाइव डाटा पाक को किया था लीक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- **भारतीय उपसेना प्रमुख का सनसनीखेज रहस्योद्घाटन: चीन, तुर्की व पाकिस्तान का नापाक गठबंधन लगा था अंजाम देने में**
- **चीन-तुर्की और पाकिस्तान के गठबंधन को किया बेनकाब, बोले: हम एक सीमा पर दो विरोधियों या असल में तीन से लड़ रहे थे जंग**

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के उप सेना प्रमुख (क्षमता विकास एवं संधारण) लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन पाकिस्तान को भारत की तैयारियों और अग्रिम मोर्चों पर हमारी तैनाती को लेकर इनपुट दे रहा था।

फिक्की द्वारा आयोजित न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजीज कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि जब डीजीएमओ स्तर की वार्ता चल रही थी, तो पाकिस्तान को चीन से हमारे महत्वपूर्ण वैक्टरों के लाइव अपडेट मिल रहे थे। ऐसे में यह एक ऐसा क्षेत्र है, जहां हमें असल में ज्यादा से ज्यादा और तेजी के साथ काम करने की जरूरत है। अपने संबोधन में उन्होंने चीन-तुर्की और पाकिस्तान के गठबंधन को बेनकाब करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हम एक सीमा पर दो विरोधियों या असल में तीन से जंग लड़ रहे थे। पाकिस्तान अग्रिम मोर्चे पर था और चीन उसे हर संभव सहायता प्रदान कर रहा था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पास 81 फीसदी सैन्य हार्डवेयर चीनी हैं। इस अभियान में चीन -शेष पृष्ठ दो पर



## नीट-यूजी 2025 परिणाम को चुनौती, सुप्रीम कोर्ट ने याचिका की खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल के विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट- यूजी) 2025 की अंतिम उत्तर कुंजी और परिणाम को चुनौती देते हुए दाखिले के लिए शुरू होने वाली काउंसलिंग प्रक्रिया पर अंतरिम रोक लगाने की मांग वाली एक याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर महादेवन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने नीट-यूजी 2025 के अभ्यार्थी शिवम गांधी रैना की याचिका खारिज करते हुए कहा कि वह राष्ट्रीय परीक्षा में किसी व्यक्तिगत मामले के आधार पर हस्तक्षेप नहीं कर सकती। याचिकाकर्ता ने अंतरिम राहत के तौर पर एमबीबीएस एवं नीट-यूजी परिणाम के आधार पर दाखिले के लिए संभावित इस माह आयोजित काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक लगाने की भी मांग की थी।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि व शाही ईदगाह विवाद

# हिंदू पक्षकारों को झटका

**प्रयागराज, वार्ता**

- **शाही ईदगाह से जुड़ी संपत्ति को विवादित घोषित करने से इलाहाबाद हाईकोर्ट ने किया इन्कार**

**मथुरा** स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मामले में शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद हाईकोर्ट ने कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह से जुड़ी संपत्ति को विवादित घोषित करने से इन्कार कर दिया। कोर्ट के इस फैसले से हिंदू पक्षकारों को झटका लगा है।

न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की अदालत ने वादी महेंद्र प्रताप सिंह की ओर से दाखिल अर्जी खारिज कर दी। श्रीकृष्ण जन्मभूमि व शाही ईदगाह मामले में शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में शाही ईदगाह को विवादित ढांचा घोषित करने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। इससे पहले कोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिका पर मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। साथ ही निर्णय के लिए चार जुलाई की तारीख नियत की थी।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में मांग की है कि शाही ईदगाह को विवादित ढांचा घोषित किया जाए, जैसा कि बाबरी मस्जिद प्रकरण में किया गया था। साथ ही दावा किया था कि मथुरा की शाही मस्जिद भी श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मूल गर्भगृह को तोड़कर ही बनाई गई है। हालांकि हिंदू पक्ष की इस मांग पर मुस्लिम पक्ष ने विरोध जताया था। साथ ही कोर्ट में लिखित आपत्ति भी दाखिल की थी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र की कोर्ट ने शाही ईदगाह को विवादित ढांचा घोषित करने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## अहमदाबाद प्लेन हादसा

# मुआवजा देने से बच रही एयर इंडिया

**नई दिल्ली/लंदन, वार्ता**

**अहमदाबाद प्लेन** क्रैश में जान गंवाने वाले यात्रियों के परिजनों को एयर इंडिया मुआवजा देने से बचना चाहती है। यह आरोप 40 से ज्यादा पीड़ित परिवारों का केस लड़ने वाली ब्रिटेन की कानूनी फर्म स्टीवर्ट्स ने लगाए हैं। स्टीवर्ट्स 40 से ज्यादा पीड़ित परिवारों का केस लड़ रही है।

फर्म के एडवोकेट पीटर नीनन ने कहा है कि एयर इंडिया ने मुआवजा देने से पहले परिवारों से कानूनी रूप से संवेदनशील वित्तीय जानकारी मांगी, जिससे उनका हक कम हो सकता है। उधर, एयर इंडिया ने आरोपों को इन्कार कर दिया है। नीनन ने कहा कि एयर इंडिया पीड़ित परिवारों के साथ अनैतिक और अपमानजनक व्यवहार कर रही है। एयर इंडिया इस तरह से व्यवहार कर लगभग 1,050 करोड़ रुपये बचाने की कोशिश कर सकती है। उन्होंने मामले की जांच की मांग भी की है। वहीं,



- **वकील बोले: एयर इंडिया पीड़ित परिजनों से वित्तीय जानकारी मांग रही**

उन्होंने अपने क्लाइंट्स को सलाह दी है कि वे फॉर्म न भरें और मुआवजा पाने के लिए कानूनी रास्ता अपनाएं। अहमदाबाद में एयर इंडिया का प्लेन क्रैश 12 जून को हुआ था। उस वक्त विमान में 242 लोग सवार थे। इनमें एक यात्री की जान बच गई थी। इसके अलावा, जिस मेडिकल हॉस्टल पर विमान गिरा था, वहां 29 लोगों की जान गई थी। इस तरह इस हादसे में 270 लोगों की जान गई थी। नीनन ने आरोप लगाया कि न तो किसी परिजन को पहले से कोई सूचना दी गई, न ही -शेष पृष्ठ दो पर



# बिजलीघर पर विद्युत समस्याओं को लेकर किसानों धरना प्रदर्शन

## विद्युत बिलों के बकाया में राहत देने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ढक्का करमचंद स्थित बिजली घर पर किसानों द्वारा जोरदार धरना प्रदर्शन किया गया। नेतृत्व कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता सौरभ ठाकुर ने जनहित से जुड़ी कई समस्याओं को लेकर बिजली विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई।

धरने में प्रमुख रूप से मिलक जहांगीराबाद के सहारनपुर नवादा गांव की गंभीर समस्या को उजागर किया गया, जहां पिछले दो वर्षों से हरे-भरे पॉपलर के पेड़ों में 440 वोल्ट की लाइन जुगाड़ से डाली गई है। सौरभ ठाकुर ने बताया कि इससे पूर्व में दो युवकों के साथ दुर्घटना होते-होते बची है। उन्होंने मांग की कि लाइन को पेड़ों से हटाकर उचित तरीके से पोल लगाकर स्थापित किया जाए। इसके साथ ही क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती पर भी चिंता व्यक्त की गई। ठाकुर ने कहा कि कई वर्षों से किसानों की गन्ने की फसलें बिजली आपूर्ति की कमी के चलते बर्बाद हो रही हैं, बावजूद इसके उन्हें पुराने बिजली बिलों के लिए लगातार परेशान किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि किसानों को बकाया भुगतान के लिए कुछ वर्षों की राहत दी जाए।

इस धरना प्रदर्शन में ढक्का करमचंद बिजलीघर से जुड़े विभिन्न गांवों के मानस कुमार, कुलदीप कुमार, तेजवीर सिंह, मायेश कुमार, सचिव राजपूत, गौरव कुमार, राहुल, गोलू, कार्तिक, विनीत, मयंक, प्रिंस, देवकांत, अजय, आशीष, गोल्डी, राहुल आदि किसान उपस्थित रहे।

# चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

**नहटौर।** शासन के दिशा निर्देश के अनुसार विकासखंड आंकू की ग्राम पंचायत ताहरपुर सैद उर्फ तरकौला व आंकू में शुक्रवार को ग्राम चौपाल आयोजित की गई। जिसमें शासन की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई।

ग्राम पंचायत आंकू में ग्राम चौपाल में संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी और ग्रामीणों की समस्या सुनी। जिसमें ग्रामीणों ने पेंशन, किसान सम्मान निधि, सफाई व्यवस्था आदि समस्याओं से अवगत कराया। जिसमें एडीओ कृषि अनमोल तोमर ने ग्रामीणों को सफाई अभियान के तहत संबंधित विभाग के कर्मचारी को अवगत कराते हुए व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके अलावा आयोजित ग्राम चौपाल में योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर एडीओ समाज कल्याण योगेश कुमार, एडीओ पीपी राजू कुमार, सुभाष सैनी आदि मौजूद रहे।

# 'ग्राम की समस्या ग्राम में समाधान'

## एसडीएम ने चौपाल लगा कर जन समस्याएं सुनीं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ब्लॉक कासमपुर गढ़ी की ग्राम पंचायत इस्लामनगर में शुक्रवार को उपजिलाधिकारी रितू रानी की अध्यक्षता में 'ग्राम की समस्या ग्राम में समाधान' जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल में उपजिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनी और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

चौपाल में एसडीएम धामपुर रीतू रानी ने सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। स्वच्छ भारत मिशन, वृद्धा पेंशन योजना, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र, कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री आवास और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत की जांच की और वंचित पात्रों को योजनाओं का लाभ देने के स्पष्ट निर्देश दिए। भिक्कावाला निवासी अनिल नेगी द्वारा एसडीएम को क्षेत्र की समस्या के संबंध में छह बिन्दुओं का ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया। जिसमें करीब तीन वर्ष पूर्व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ का रिक्त पड़े पदों पर नियुक्ति करने एवं जंगली जानवरों द्वारा हुए नुकसान का मुआवजा देने की मांग, उत्तराखंड सीमा की टूटी दीवार बनाने, सोलर लाइट, फेंसिंग, रात्रि गश्त, ग्राम में बिजली आपूर्ति 24 घंटे, पंचायत के कई हिस्सों में पाइपलाइन, सड़कों नालियों की मरम्मत कराने एवं सौंदर्यीकरण, स्वच्छता व कूड़ेदान की मांग की। उधर एसडीएम ने कहा कि यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी पात्र होने के बावजूद लाभ नहीं दे रहा है। उस संबंध में मुझे अवगत करायें। संबंधित के खिलाफ बेहद कठोर कदम उठाया जाएगा। इस मौके पर एसडीएम ने विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए ग्राम में खराब कच्चे रास्ते को ठीक कराने, स्वच्छ भारत मिशन के तहत बन रहे शौचालय, पात्र लाभार्थियों की पेंशन बनवाने व जो अन्य कल्याणकारी योजनाओं, हर ग्रामीण की समस्याओं को हल करने की भी हिदायत दी। इस अवसर पर विकास खंड अधिकारी सी.पी.पाडे, एबीएसए प्रेम सिंह राणा, धर्मेंद्र शर्मा आपूर्ति अधिकारी धामपुर, सीडीपीओ रीता देवी, थाना अध्यक्ष सुमित राठी, ग्राम प्रधान जितेन्द्र चौधरी, प्रधानाचार्य यामीन उस्मानी, विनोद काला, भूपेंद्र सिंह, गजेन्द्र सिंह, संसार सिंह, शान्ति देवी, विरेन्द्र सिंह, कलेश खतहाल सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे हैं।

# डॉक्टर्स-डे पर डॉ. आकाश अग्रवाल को किया सम्मानित



## लायंस क्लब ने सर्टिफिकेट सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर की लायनेस केशव क्लब की महिलाओं ने डॉक्टर-डे पर बीती रात एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस दिन कुशल चिकित्सक विधान चंद्र राय की स्मृति में डॉक्टर-डे के रूप में प्रतिवर्ष मनाया जाता है।

क्लब की अध्यक्ष आशा माहेश्वरी ने कहा कि डॉक्टर की ईश्वर का दूसरा रूप होते हैं। समाज के प्रति उनका योगदान एवं सेवा भाव अमूल्य होता है। क्लब की सभी महिलाओं ने जी के हॉस्पिटल नगीना में जाकर डॉक्टर आकाश अग्रवाल से चिकित्सक परामर्श लिए, साथ ही डॉक्टर आकाश अग्रवाल को सर्टिफिकेट एवं स्मृति पत्र देकर उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया। क्लब की अध्यक्ष आशा महेश्वरी, सचिव ऋतु गर्ग, गीता माहेश्वरी के साथ ही लवली अग्रवाल, कुसुम अग्रवाल, विनीता गुप्ता, शालू गर्ग ने इस विशेष दिन को सुंदर रूप में संपन्न किया। जी के हॉस्पिटल के मालिक डॉक्टर आकाश अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत व आभार व्यक्त किया।

# पर्यावरण प्रहरी विक्रांत शर्मा सम्मानित

## अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाजसेवा संस्थान की बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाज सेवा संस्थान (रजिस्टर्ड) बिजनौर के तत्वावधान में संस्थापिका श्रीमती सविता अग्रवाल के नेतृत्व में एक मासिक बैठक का आयोजन संस्थान सदस्य श्रीमती मधु अग्रवाल के निवास स्थान एसडी पुरम में एक सम्मान समारोह के रूप में मनाया गया। जिसमें विक्रांत शर्मा, प्रसन्न कुमार शर्मा, आशा अग्रवाल, उषा शर्मा, अलका अग्रवाल, ललित अग्रवाल, डॉ. नीलम गुप्ता आदि को सम्मानित किया गया।

पर्यावरण प्रहरी विक्रांत शर्मा और उनके साथियों को उनके द्वारा किए पर्यावरण की रक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विक्रांत जी ने कहा कि सभी को पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रयत्न करने चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपने घर पर भी प्लास्टिक की बोतल का उपयोग नहीं करना चाहिए। क्योंकि इससे भी प्रदूषण होता है। प्रसन्न कुमार शर्मा ने कहा कि हरियाली को बचाना है, तो दिल लगाकर काम करना ही होगा। ललित अग्रवाल को भी पर्यावरण पर सर्वाधिक कार्य करने पर सम्मानित किया गया।

संस्थापिका श्रीमति सविता अग्रवाल ने बताया कि चार मई को हुए परिचय सम्मेलन की वजह से कम से कम अभी तक बारह रिश्ते हो चुके हैं। कुछ और भी रिश्ते तय हुए है पर उनके घर वालों ने सूचना नहीं दी है। परिचय सम्मेलन की सफलता में महिलाओं ने उल्लेखनीय कार्य किया था। उनको सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि वैसे तो सभी ने अच्छा काम किया था, लेकिन इतने कम समय में सभी को सम्मानित करना संभव नहीं था। उन्होंने बताया कि आशा अग्रवाल ने परिचय सम्मेलन में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए उषा शर्मा को संस्कृत कार्य करने के लिए, अलका अग्रवाल को और डॉक्टर नीलम गुप्ता को कार्य को ऊंचाइयों में पहुंचाने में सहयोग करने के लिए किया गया। भावना भारद्वाज ने भी जोड़े बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उनका भी बहुत बड़ा हाथ है। जोड़े बनाने में प्रदीप कुमार अग्रवाल, जगदीश प्रसाद गुप्ता (हरिद्वार), नीना शर्मा, उषा शर्मा, मीनू गोयल, ममता शर्मा, कुसुम लता अग्रवाल, मधु अग्रवाल, सरस्वती जोशी, सुनील कुमार अग्रवाल, मनुश्री अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, सान्वी अग्रवाल आदि ने भी अपना पूर्ण सहयोग दिया।

## एक नजर

### भूतपुरी में बिजली बनी मुसीबत

**अफजलगढ़।** ग्राम भूतपुरी में बिजली की आंख मिचौली और लो वोल्टेज, घंटो घंटों बिजली गुल ने ग्रामीणों का जीना दूभर कर दिया है। दिन में कई-कई बार बिजली गुल हो जाती है और जब आती भी है तो वोल्टेज इतना कम होता है कि पंखा भी ठीक से नहीं चलता। गांव के लोग बिजली की इस लचर व्यवस्था से बेहद परेशान हैं। गर्मी और उमस के इस मौसम में न तो बच्चों की पढ़ाई हो पा रही है और न ही घरेलू कामकाज सुचारू रूप से चल पा रहे हैं। किसान सिंचाई के लिए बिजली पर निर्भर हैं, लेकिन कम वोल्टेज और बार-बार कटौती से खेती भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार बिजली विभाग से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। लोगों में विभाग के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है बार-बार बिजली घंटों घंटों गुल होने से इनवर्टर और बैटरे भी डाउन हो जाते है और जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### ट्रेन की चपेट में आने से बकरियों की मौत



**चंदक।** नाईवाला निवासी कल्लन वाल्मीकि अपनी बकरियों को चराने के लिए रेलवे लाइन के किनारे गया था। बकरियों को रेलवे ट्रैक पार कराने के दौरान नजीबाबाद की ओर से आ रही ट्रेन अचानक आ गई। ट्रेन की चपेट में आने से दो दर्जन से अधिक बकरे-बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे ने पशुपालक के लिए भारी आर्थिक क्षति पहुंचाई है, क्योंकि बकरियां उनकी आजीविका का प्रमुख साधन थीं। यह हादसा उनकी आजी. विका के लिए बड़ा झटका है।

### खस्ताहाल मार्ग ठीक कराने की मांग



**अफजलगढ़।** गांव हिदायतपुर चोहड़वाला मुख्य मार्ग की हालत खस्ता होने से ग्रामीण परेशान हैं। बरसात के चलते राहगीरों व स्कूली विद्यार्थियों की परेशानी और बढ़ गई है। ग्रामीण ऋषिपाल सिंह, महेश चौहान, खेल सिंह, संदीप, टिल्लू, जाबिर, अफजल बेग, नवाब अली, नाजिम अंसारी, खुशीराम, मेघनाथ सिंह, ऋषि पाल सिंह, रवि, यशपाल सिंह, अनिल आदि का कहना है कि मार्ग पर बार बार पत्थर, बजरपुट आदि डाल कर सड़क की मरम्मत के नाम पर इतिश्री कर ली जाती है। चंद दिनों बाद सड़क फिर उसी हालत में आ जाती है। वर्षों से गांव के मुख्य मार्ग का नव निर्माण नहीं हुआ, जबकि दर्जनों गांव को जोड़ने वाला यह मुख्य मार्ग है। गन्ने के सीजन में गन्ना वाहन के लिये भी किसान इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। आरोप है कि मिट्टी खनन के लिये मार्ग का इस्तेमाल किये जाने से दूर तक कीचड़ व फिसलन रही है ग्रामीणों ने शीघ्र मार्ग निर्माण की मांग लोनिवि से की है।

# बाइकों की भिड़ंत में पांच घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** तेज रफ्तार में आ रही बाईक की दूसरी बाईक से भिड़ंत में 5 घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सुहागपुर निवासी हसन पुत्र नईम व आर्यन गुरुवार की देर रात लगभग साढ़े नो बजे बाइक सही कराकर अफजलगढ़ से अपने गांव जा रहे थे। जब वे हाईवे स्थित चुंगी नम्बर 5 के निकट पहुँचे तो बाइक से हाईवे पार कर रहे एक अन्य बाइक से जोरदार टक्कर हो गई, जिससे दोनों बाइक सवार हसन, आर्यन, मनोज व सौरभ सहित एक अन्य घायल हो गये। आसपास के लोगों ने तुरंत घायलों को एक तरफ उठाकर बैठाया ओर तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजते हुए घायलों के परिजनों को घटना की जानकारी दी।

# कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग ने तैयार की कार्य योजना

**नहटौर।** सावन माह में नहटौर क्षेत्र से निकलने वाली कांवड़ यात्रा को दृष्टिगत रखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए कार्य योजना तैयार की है। जिसके तहत मार्गों के दोनों ओर चार एंबुलेंस की व्यवस्था के साथ कर्मचारियों को तैनात किया गया है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष आर्य ने बताया कि नहटौर क्षेत्र से निकलने वाली कांवड़ यात्रा को स्वास्थ्य सेवा देने के लिए नहटौर, पैजानिया, नूरपुर व कोतवाली देहात मार्ग पर फुलसंदा आश्रम पर दो चिकित्सक एएनएम फार्मासिस्ट आशा संगिनी सहित 10 कर्मचारियों की टीम 24 घंटे रहेगी। इसके अलावा चार एंबुलेंस भी चार अलग-अलग स्थान पर खड़ी रहेगी। उन्होंने बताया कि फुलसंदा आश्रम में मनाए जाने वाले गुरु पूर्णिमा के पर्व को दृष्टिगत रखते हुए तीन दिन तक चलने वाले कार्यक्रमों के तहत स्वास्थ्य विभाग के 10 कर्मचारियों की टीम मौजूद रहेगी।

# दो दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन

## हवन-पूजन व भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मोहल्ला बाड़वान स्थित श्री शंकर मंडल शिव मंदिर में चल रहे दो दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुक्रवार को सामूहिक हवन यज्ञ एवं विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल भगवान भोलेनाथ के पारंपरिक जयकारों से गूंज उठा।

दो दिवसीय महोत्सव के प्रमुख आयोजक संजीव कुमार अग्रवाल निक्के भैया ने जानकारी दी कि दो दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत शिव परिवार मे शामिल माता पार्वती, गणेश भगवान, कार्तिकेय भगवान, नंदी जी महाराज आदि की मूर्तियों के साथ ही चमत्कारिक और विलक्षण प्रतिभा के धनी बाबा लाल गिरी जी महाराज की मूर्तियों के प्रति श्रद्धालु परिवारों ने श्रद्धा भावना प्रदर्शित की।

मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रशांत कुमार शर्मा एवं महासचिव अमित कुमार अग्रवाल तथा कोषाध्यक्ष सभासद सोमपाल सैनी सहित उनके अनेक सहयोगियों का समर्पित योगदान रहा।

अंत में दो दिवसीय महोत्सव के प्रमुख आयोजक संजीव कुमार अग्रवाल ने सभी श्रद्धालु परिवारों तथा योगदान देने वाले भगवान भोलेनाथ के भक्तों के प्रति आभार प्रदर्शित किया।

## आम महोत्सव में पहुंचे योगी, सरकार ने औद्यानिक फसलों का निर्यात बढ़ाया

# यूपी की कृषि प्रगति को वैश्विक मंच पर लाएंगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ लखनऊ, अमरोहा, सहारनपुर और वाराणसी में चार आधुनिक पैक हाउस स्थापित किए गए हैं

आम महोत्सव पीएम मोदी के विकसित भारत के विजन को साकार करने का प्रयास

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में बागवानों की मेहनत और कृषि प्रगति को वैश्विक मंच पर ले जाने के लिए उनकी सरकार कटिबद्ध है।

लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम, अवध विहार योजना, सेक्टर 9, में तीन दिवसीय 'उत्तर प्रदेश आम महोत्सव 2025' के शुभारंभ के मौके पर उन्होने कहा कि हमारे बागवानों ने जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की चुनौतियों के बावजूद तकनीक का उपयोग कर शानदार प्रदर्शन किया है। ढाई से तीन किलो के आमों की किस्में देखकर आश्चर्य होता है, जो न केवल स्वाद में बेजोड़ हैं, बल्कि वैश्विक बाजार में भी उत्तर प्रदेश की शान बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम महोत्सव न केवल किसानों की आमदनी बढ़ाने का माध्यम है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के विजन को साकार करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है।

आम उत्पादन को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने के लिए लखनऊ, अमरोहा, सहारनपुर और वाराणसी में चार आधुनिक पैक हाउस स्थापित किए गए हैं। इन पैक हाउसों के माध्यम से आम की गुणवत्ता, वैरायटी और एक्सपोर्ट के मानकों की जानक. ारी किसानों को दी जाती है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आम महोत्सव न केवल आम उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देता है, बल्कि बागवानों में औद्यानिक फसलों, आधुनिक तकनीक और वैश्विक बाजारों के प्रति विश्वास जगाने का भी माध्यम है। योगी ने जोर देकर कहा कि डबल इंजन सरकार की डबल इंजन नीति ने औद्यानिक फसलों के निर्यात को कई गुना बढ़ाया है। इस महोत्सव के दौरान दो देशों के लिए आमों का एयर कार्गो रवाना किया गया, जिसमें सरकार द्वारा दी गई सब्सिडी ने बागवानों को बेहतर दाम दिलाने में मदद की। मुख्यमंत्री ने महोत्सव में सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया और लखनऊ की दशहरी, वाराणसी का लंगड़ा, गोरखपुर का गवर्जीत, बस्ती का आम्रपाली, मेरठ और बागपत का रटोल जैसी किस्मों की जानकारी ली। उन्होंने बागवानों के परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और तकनीकी नवाचार ने उत्तर प्रदेश को औद्यानिक फसलों का केंद्र बनाया है। योगी सरकार ने बागवानों को प्रोत्साहित करने के लिए सब्सिडी, प्रशिक्षण और बाजार की सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं, जिससे उनकी आय कई गुना बढ़ी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि एक समय उत्तर प्रदेश की जीडीपी में कृषि और औद्यानिक फसलों का योगदान 25.30 प्रतिशत था। आज सरकार की नीतियों ने इस क्षेत्र को और सशक्त किया है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**चीन की...** ने एक तरह से अपने हथियारों का परीक्षण अन्य हथियारों के खिलाफ किया। पाकिस्तान एक तरह से उनके लिए एक प्रयोगशाला की तरह उपलब्ध था। तुर्की ने भी इस प्रकार की सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपने संबोधन में उन्होंने एक मजबूत वायु रक्षा प्रणाली की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में अगर पाकिस्तान हम पर हमला करता है, तो वह आबादी वाले क्षेत्रों को निशाना बना सकता है। इस बार पूरे ऑपरेशन के दौरान एयर डिफेंस और उसका संचालन बेहतरीन था, लेकिन इस बार हमने आबादी वाले क्षेत्रों में एयर डिफेंस पर ठीक से ध्यान नहीं दिया गया, लेकिन भविष्य में हमें इसके लिए तैयार रहना होगा। फिक्की द्वारा आयोजित न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजीज कार्यक्रम में बोलते हुए लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के परिणामों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि इसे हमें कुछ सबक मिले हैं। उन्होंने कहा कि पड़ोसी मुल्क में टारगेट की योजना और उनका चयन बहुत सारे डेटा पर आधारित था। यह प्रौद्योगिकी और मानव खुफिया जानकारी का उपयोग करके एकत्र किया गया था। हमने पाकिस्तान में कुल 21 टारगेट तय किए थे, जिनको निशाना बनाना था। फिर सेना की कार्रवाई से ठीक पहले आखिरी घंटे में यह तय किया गया कि 21 में से किन नौ ठिकानों को निशाना बनाना है। उसके बाद एक सुविचारित निर्णय लिया गया कि दुनिया को सही संदेश भेजने के लिए तीनों सेनाओं का यह दृष्टिकोण होना चाहिए कि हम वास्तव में एक एकीकृत बल हैं।

इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम को रणनीतिक कदम करार दिया। कहा कि जब हम किसी सैन्य लक्ष्य पर पहुंचते हैं, तो हमें इसे रोकने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि युद्ध शुरू करना आसान है, लेकिन इसे नियंत्रित करना बहुत मुश्किल है। ऐसे में मैं कहूंगा कि यह एक बहुत ही शानदार चाल थी, जो संघर्ष विराम को रोकने के लिए पाकिस्तान ने चली। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को अहसास हो गया था कि अगर संघर्ष जारी रहा तो भारत का पंच तैयार है और वह और बुरी स्थिति में पहुंच सकता है इसलिए उन्होंने संघर्षविराम की मांग की। अब पहले की तरह आतंकवादी कृत्यों को सहन नहीं किया जाएगा।

**मुआवजा देने...** उन्हें कानूनी सलाह मिली और न ही इन दस्तावेजों की कोई कॉपी दी गई। एयर इंडिया के अधिकारियों ने कुछ परिजन पर फॉर्म भरने का दबाव डाला और उनके घर जाकर पूछने लगे कि फॉर्म क्यों नहीं भरे गए। रिजन से कहा गया कि जब तक वे फॉर्म नहीं भरते, उन्हें कोई मुआवजा नहीं मिलेगा। जबकि अंतर्राष्ट्रीय कानून के मुताबिक एयरलाइन को पहचान और रसीद पर हस्ताक्षर के बाद तत्काल अंतरिम मुआवजा देना होता है, किसी फॉर्म की जरूरत नहीं होती। एयर इंडिया ने इन सभी आरोपों को नकारते हुए कहा है कि ये दावे गलत और आधारहीन हैं।

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा मुरादाबाद मंडल के विभिन्न डी एंड ई केटेगरी के रेलवे स्टेशनों पर कैटरिंग स्टाल (जनरल माइनर यूनिट्स) के आवंटन हेतु ई-बोलियाँ www.ireps.gov.in पर दिनांक 23.07.2025, 24.07.2025 & 25.07.2025 को आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 2025/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला शव

## पत्नी की शिकायत करने आया था ससुराल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ पर लटका एक व्यक्ति का शव मिला। परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी। एक व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में ससुराल में ही घर के बाहर खड़े पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मंडावर थाना क्षेत्र के ग्राम औरंगाबाद शकूरपुर उर्फ गिदड़पुरा निवासी गोपाल पुत्र पुरन सिंह कल गुरुवार को अपनी ससुराल किरतपुर, थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर गया था। जिसमें शुक्रवार की सुबह सवेरे ससुराल के घर के बाहर ही एक पेड़ पर रस्सी पर झुलता हुआ उसका शव मिला। जिसमें ससुराल पक्ष के लोगों ने इसकी जानकारी किरतपुर पुलिस को दी। जिसमें मौके पर पहुंची पुलिस ने गोपाल के परिजनों को सूचित करते हुए पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। वहीं पर गोपाल के भाई नरेन्द्र पुत्र पुरन सिंह निवासी औरंगाबाद शकूरपुर, थाना मंडावर ने थाना किरतपुर चौकी मौजमपुर में आज शुक्रवार को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई गोपाल पुत्र पुरन सिंह और उसकी पत्नी किरन देवी में विवाद चल रहा था। जिसमें कल उसकी पत्नी ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसका एक हाथ तोड़ दिया था। जिसमें उसका भाई अपने ससुर को बताने के लिए अपनी ससुराल रायपुर चला गया। जिसमें ससुर ओमकार सिंह व रवि कुमार, मौसम, छोटू पुत्रगण ओमकार ने साजिश के द्वारा मेरे भाई गोपाल को अपने घर के बाहर ही फांसी पर लटका दिया और हमें इसकी सूचना भी नहीं दी और उसका ससुर रात में ही अपनी बेटी किरन देवी को ग्राम औरंगाबाद शकूरपुर उर्फ गिदडपुरा से अपने घर ले गया। जब हमें इसकी सूचना मिली, तो हम वहां पहुंचे, तो गोपाल को हमसे पहले ही फांसी से नीचे उतार लिया था।

वहीं किरतपुर पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा।

## शादी समारोह में जमकर मारपीट

**नहटौर।** गांव कासमपुर लेखराज में शादी समारोह में खाने के दौरान महिला को अपशब्द कहने को लेकर हुई कहासुनी होने पर बारात चढ़त के दौरान बरातियों व घरातियों के बीच मारपीट होने पर दूल्हे ने नाराज होकर शादी से इंकार कर दिया। समझाने के बाद दूल्हे के राजी होने पर फेरो की रस्म की अदायगी हुई।

नहटौर क्षेत्र के गांव तालमपुर निवासी एक युवक की बारात नहटौर क्षेत्र के गांव कासमपुर लेखराज में आई थी। बताया जाता है कि खाने के दौरान बारात में आए दो युवकों द्वारा एक महिला को अपशब्द कहने पर विवाद हो गया। महिला के पति के विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। कुछ लोगों ने विवाद का निपटारा कर दिया। उसके बाद बारात चढ़त के दौरान इसी बात को लेकर दोबारा से विवाद हो गया। बारातियों और घरातियों के बीच मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान दूल्हा भी बग्गी से उतरकर बरातियों व घरातियों बीच में पहुंच गया। मारपीट होने से नाराज होकर दुल्हे ने शादी करने से इंकार कर दिया, जिसको लेकर हड़कंप मच गया। घंटों तक दूल्हे को समझाया गया, जिसके बाद दूल्हा राजी हो गया और शादी की बाकी रस्मो की अदायगी की गई।

# अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान

## 35 लीटर कच्ची शराब व उपकरण किए बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर 35 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद कर 500 लीटर लाहन को मौके पर ही नष्ट किया है। जबकि एक भट्टी संचालक पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है।

उच्चाधिकारियों के आदेश पर स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र में कच्ची शराब बनाने व बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने गांव मदपुरी के जंगल में चलाई जा रही भट्टी पर आरोपी श्याम सिंह पुत्र दयाल सिंह निवासी मदपुरी थाना बढ़ापुर घने जंगल का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। जबकि पुलिस ने मौके से एक प्लास्टिक की केन में लगभग 35 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण एक लोहे का ड्रम, एक एल्मुनियम पाइप, एक रबड़ पाइप, बाल्टी व मग बरामद किया है। वही मौके पर लगभग 500 लीटर लाहन को नष्ट किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार ने बताया कि आरोपी श्याम सिंह के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है और गिरफ्तारी के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है।

# मॉडर्न एरा के तीन छात्रों ने उत्तीर्ण की जेईई ( मेन ) परीक्षा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल बिजनौर के आयुष चौहान, सक्षम कौशिक और आयुष पाल ने जेईई (मेन) परीक्षा 2025 को उत्तीर्ण किया है।

भारत सरकार द्वारा आयोजित जेईई (मेन) परीक्षा 2025 का परीक्षाफल घोषित किया जा चुका है। इस परीक्षा में संपूर्ण भारत से लाखों की संख्या में विद्यार्थी परीक्षा देते हैं परंतु पास वही होता है जो कड़ी मेहनत और लगन से तैयारी करके परीक्षा देता है। मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल बिजनौर के लिए यह बहुत गौरव की बात है कि विद्यालय का नाम रोशन करते हुए विद्यालय के आयुष चौहान, सक्षम कौशिक और आयुष पाल ने अच्छे अंकों से जेईई (मेन) की परीक्षा को उत्तीर्ण किया है।

विद्यालय डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा विश्वास ने तीनों बच्चों की सफलता को देखते हुए उनको ढेरों बधाइयां दी, उनके आने वाले उज्जवल भविष्य की कामना की, साथ ही अपने शुभ वचनों द्वारा जीवन में आगे बढ़ते हुए अपने लक्ष्य की प्राप्ति की प्रेरणा देकर प्रोत्साहित किया।

# कंपोजिट स्कूल में वन महोत्सव मनाया

## वृक्ष जीवन के लिए अति आवश्यक: करुणा सिंह




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** कंपोजिट स्कूल नारायणवाला में शिक्षकों एवं स्थानीय वनकर्मियों ने संयुक्त रूप से वन महोत्सव मनाया।

इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी कराया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आई छात्राओं में खुशी, संध्या व श्रीसागर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपने संबोधन में वन क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर ने अधिक से अधिक पेड़ लगाने व उनका संरक्षण करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका श्रीमती करुणा सिंह चौहान ने उपस्थित जन समूह को जीवन में वृक्षों के महत्व के संबंध में विस्तृत रूप से बताते हुए इस सप्ताह चलने वाले वन महोत्सव में प्रत्येक व्यक्ति से पेड़ लगाने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में डिप्टी रेंजर श्यामलाल यादव, वन दरोगा रवि कुमार, ग्राम प्रधान बेगराज सिंह, संगीता सागर, महेंद्र सिंह, स्कूल की शिक्षिका मीना कुमारी, शिक्षक मौहम्मद ताहिर व शिक्षामित्र राजपाल सिंह समेत छात्र-छात्राएं एवं अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# सपा जिलाध्यक्ष जाकिर अपनी सदस्यता साबित करें: समद

## कार्यकर्ताओं के सम्मान को नहीं पहुंचाए चोट



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा के वरिष्ठ नेता अब्दुल समद उर्फ चमन त्यागी ने अपनी सदस्यता पर जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन के द्वारा उठाए गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि सबसे पहले उन्हें अपनी सपा के प्रति वफादारी और सदस्यता साबित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्टी के समर्पित एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान को ठेस न पहुंचाई जाए।

उन्होंने कहा कि सपा की सदस्यता ग्रहण करने की उनके पास रसीद मौजूद है। जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन को भी अपनी सदस्यता की रसीद दिखानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सपा जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन यह भी बताये कि उन्होंने कितनी पार्टियों की यात्राएं की है। पिछले लोकसभा चुनाव में वह सपा के प्रत्याशी दीपक सैनी के चुनाव प्रभारी थे और उनका चुनाव दिल से लड़ा रहे थे। जबकि शेख जाकिर हुसैन ने बिजनौर में बसपा प्रत्याशी चौधरी विजेन्द्र सिंह का चुनाव लड़ाया था। जबकि नगीना में आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर का चुनाव लड़ाया था। अब्दुल समद ने हमला बोलते हुए कहा कि वह कपड़ों की तरह पार्टी बदलते है।

उन्होंने कहा कि वह स्वयं दो लोकसभा चुनावों में सपा के प्रत्याशियों के चुनाव प्रभारी रह चुके है। चुनाव प्रभारी पार्टी के वफादारों को ही बनाया जाता है। गद्दारों को यह जिम्मेदारी नहीं दी जाती है। उन्होंने कहा कि वह सपा के नेता नहीं, बल्कि वफादार कार्यकर्ता है। नेता का खिताब तो देश में सिर्फ सुभाषचंद बोस एवं पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव को ही मिला है। उन्होंने कहा कि जब सपा में कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान को चोट पहुंचा कर मौका परस्तों एवं दबे-कुचले समाज के लोगों को शामिल किया जाएगा और उनके महलों में दावतों का दौर चलेगा, तो तकलीफ होना लाजमी है। उन्होंने कहा कि इस कदम का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। मस्जिद की जमीन कब्जाने वाले एवं उसका साथ देने वालों को भी बख्शा नहीं जाएगा। यह मान-सम्मान की लड़ाई है।

# पेदी सादात पहुंचा जुलूस-ए-अलम

## तीन मजलिस बरपा की गई




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आठवीं मोहर्रम पर अन्जुमन सरकारे हुसैनी बुखारा बिजनौर का कदीमी जुलूसे अलम शुक्रवार दिन में दो बजे इमाम बाड़ा से आरम्भ होकर तीन बजे ग्राम पेदी सादात पहुंचा।

जहां पर अन्जुमन अब्बासिया के सोगवारों ने नम आंखों से जुलूस का खैरमकदम किया। उसके बाद पेदी सादात में क्रमश: तीन मजलिस बरपा की गई। जिन्हें मौलाना रोशन अब्बास ने खिताब किया। उन्होंने कहा कि कर्बला की दास्तान अपने अन्दर दुख और कर्ब समेटे है। यजीद ने इमाम हुसैन पर पानी बदे कर दिया है। छोटे-छोटे बच्चे प्यास से बेहाता है। हजरत अब्बास से ये मंजर नहीं देखा गया। उन्होंने इनाम हुसैन से जंग को इजाजत मांगी मगर इजाजत नहीं लेकिन बच्चों के लिए फरात से पानी लाने की इजाजत मिल गई। अब्बास दरिया पर पहुंचे और पानी भरा लेकिन फरात पर यजीदी सैनिक घात लगाए बैठे थे। उन्होंने हजरत अब्बास को घेर लिया और दोनों हाथों को काट दिया। मश्बीजा का पानी जमीन पर वह गया। हजरत अब्बास को शहीद कर दिया गया और प्यासी सकीना चचा का इन्तेजार करती रह गयी। जुलूसे अलम में फराज हैदर, जव्वार ऐ बाद मौ. सज्जाद, असद मेहंदी, अली मेहंदी, मौहम्मद आजम, कमैल महंदी आदि ने शिरकत की। मरसिया ख्वानी शबीउल हसन, अहमद रजा, नफीस हैदर व मौ. सज्जाद ने की। नाजा ख्वानी कामरान, सलमान लख्ते हसन, फैसल, मौहम्मद मेहंदी आदि ने की। जुलूस का नेतृत्व अफरोज नकवी, रूहेल हसनैन, मौहसिफ हसन, हसन आबिद, फिरदौस रजा, रईस हैदर, नवाब रजा, कनर अब्बास आदि ने किया।

# जेसीबी से बंद रास्ता खुलवाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ग्राम सीरवासुचंद में वर्षों से किसानों की परेशानी बना एकमात्र संपर्क मार्ग आखिरकार खुल गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार प्रधान जुबैदा के प्रतिनिधि शकील अहमद पुत्र रियाज अहमद ने वो कर दिखाया, जो अब तक कोई नहीं कर पाया था। जिस रास्ते से ग्राम के 24 किसान अपने खेतों तक जाते थे, वह लंबे समय से गंदगी, कूड़े और बदबू से पूरी तरह जाम पड़ा था। न आवागमन की सुविधा थी, न ही सफाई की सुध लेने वाला। ग्राम में बीमारियों के खतरे और किसानों की बढ़ती नाराजगी को देखते हुए शकील अहमद ने जेसीबी मशीनें, डंपर और सफाई कर्मियों की टीम लगाकर पूरे रास्ते की सफाई कराई। ट्रकों में भरकर कचरा निस्तारण केंद्र तक पहुंचाया गया और रास्ता पूरी तरह सुचारु कर दिया गया। ग्राम वालों ने कहा कि यह रास्ता सिर्फ खेतों का नहीं, बल्कि उनके जीवन का सहारा है और आज यह खुला है, तो सिर्फ प्रधान पति की मजबूत सोच और जबरदस्त कार्यवाही की वजह से। अगर समय रहते यह कार्रवाई नहीं होती, तो बरसात में हालात और भी खतरनाक हो सकते थे। यह कदम जहां प्रशासन को आइना दिखाता है, वहीं यह भी बताता है कि अगर जनप्रतिनिधि ईमानदार और सक्रिय हो, तो बड़ी से बड़ी समस्या का हल मुमकिन है।

# नाराज शिक्षक पहुंचे सपा विधायक के पास

## प्रदेश सरकार के विद्यालयों को विलय करने के निर्णय से शिक्षक असंतुष्ट




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** प्राथमिक विद्यालयों को एक दूसरे में विलय करने के उत्तर प्रदेश सरकार के निर्णय से असंतुष्ट शिक्षक नगीना विधायक मनोज पारस के पास पहुंचे। उधर विधायक ने भी शिक्षकों को भरपूर मदद का आश्वासन दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र नगीना के ग्रामीण क्षेत्रों से उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षा संघ ब्लॉक कोतवाली जनपद बिजनौर के जिला मंत्री विवेक कुमार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षक संगठन के पदाधिकारी एवं शिक्षक विधायक नगीना मनोज पारस से मिलने उनके कैंप कार्यालय पहुंचे और उनसे अपनी समस्या बताते हुए कहा कि बड़ी संख्या में प्राथमिक विद्यालयों को एक दूसरे में विलय किया जा रहा है, जिससे शिक्षकों के पद समाप्त हो रहे हैं और स्कूल भी बंद हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा संबंधित प्रधानाध्यापकों एवं ग्राम प्रधान/विद्यालय प्रबंधन समितियों से विद्यालय बंद करने के बारे में प्रस्ताव मांगे जा रहे हैं। इस संबंध में शिक्षकों ने विधायक को ज्ञापन सौंप कर अनुरोध किया कि उपरोक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए हजारों प्रधानाध्यापकों को सरप्लस घोषित करने के संबंध में उत्तर प्रदेश शासन के आदेश को वापस लेने हेतु मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को पुन: विचार करने के लिए अवगत करायें, जिससे निर्णय पर पुनर्विचार केएडीएम से निर्णय में परिवर्तन का मार्ग खुले।

उधर विधायक मनोज पारस ने भी सभी प्रधानाध्यापकों, अध्यापकों को आश्वासन दिया कि विधानसभा मानसून सत्र एवं विधानमंडल दल की अनुसूचित जातियों जनजातियों एवं विमुक्त जातियों की संयुक्त समिति की मीटिंग में इस मुद्दे को पूर्व की भांति फिर से उठाएंगे और शिक्षकों की मांग सरकार तक पहुंचा कर उनको न्याय दिलाने में मदद करेंगे।

## एक नजर

### दम्पति सड़क दुर्घटना में घायल

**राजा का ताजपुर।** मौहल्ला खद्दर बाजार निवासी व्यापारी नेता महबूब सलमानी व उनकी पत्नी बीती रात नूरपुर की ओर से आ रहे थे। जैसे ही क्षेत्र के ग्राम भूतपुरी पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तो अचानक उनकी बाइक बजरी पर फिसल गई। बाइक फिसलने से दोनों जमीन पर गिर गए। जहां पर दोनों के हाथों-पैरों में गंभीर चोटें आई। पीछे से आ रहे मक्का मस्जिद के इमाम हजरत कारी अजीम ने अपनी गाड़ी रोक कर उनको गंभीर हालात में उठा कर ताजपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जिन्होंने इंसानियत की मिसाल पेश की। जहां पर दोनों की गंभीर हालात देखते हुए। धामपुर के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उनका इलाज चल रहा है। उनको देखने के लिए सैकड़ों व्यापारियों की भीड़ अस्पताल में जमा हो गई। नूरपुर ताजपुर रोड पर बजरी पड़ी होने से आयेदिन बाइक सवार हादसे के शिकार होते रहते हैं। किसी भी अधिकारी का इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं है। पिछले हफ्ते भी स्कूटी फिसलने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

### तेरहवी में पहुंचे नरेश टिकैत



**बिजनौर।** आज भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री होशियार सिंह की तेरहवीं में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत और प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा, होशियार सिंह के निज निवास कुतुबपुर नांगली पहुंचे और शोकसभा में शामिल हुए। उन्होंने होशियार सिंह के निधन को संगठन के लिए अपूर्ण क्षति बताया और कहा कि उनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी। वह किसानों के लिए अनेक आंदोलनों में शामिल हुए। उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। उनके पुत्र अमित की पगड़ी की रस्म अदा की। नरेश टिकैत के साथ अशोक सहित अन्य जनपदों से भी लोग होशियार की तेरहवीं में शामिल हुए। बिजनौर जिले से समस्त पदाधिकारी शामिल हुए। सोमपाल सिंह, राम अवतार सिंह, हरीराज सिंह, बाबूराम तोमर, सुनील प्रधान, विजय पहलवान, जितेंद्र पहलवान, गजेंद्र सिंह, मुनेंद्र काकरान, कुलदीप सिंह, दिनेश कुमार, इंद्रदेव सिंह रवि, शेखर तोमर, रोहित राणा, अरुण कुमार, संदीप त्यागी, धर्मेंद्र राणा, राजू चौधरी, मनप्रीत सिंह, गजेंद्र सिंह, देवदत्त शर्मा, अवनीश कुमार, बलजीत सिंह, अमरपाल सिंह, मदन राणा, वीरेंद्र सिंह, अमित बालिया, मुकुल चौधरी आदि किसान शामिल हुए। बीजेपी के भी कुछ लोग राजीव अग्रवाल के साथ उनके रस्म पगड़ी में शामिल हुए।

### बैंक खाते से रकम गायब

**अफजलगढ़।** गांव मीरापुर खास निवासी बुजुर्ग इब्राहीम ने बताया कि उनका भिक्कावाला स्टेट बैंक में एक बचत खाता है। काफी समय से उन्होंने कोई लेन देन बैंक से नहीं किया है। आज जब वह आवश्यकता पड़ने पर पैसे निकालने बैंक गए तो उन्हें खाता खाली होने का पता चला जबकि बुजुर्ग के अनुसार खाते में चालीस हजार से अधिक रुपये थे। बैंक स्टेटमेंट से पता चला कि बीते माह उनके पैसे किसी ने धोखाधड़ी कर दस दस हजार कर चार बार मे निकाल लिए हैं। पीड़ित ने तहरीर सौंप कार्यवाही की मांग की है।

### भाजपा मंडल की कार्यकारिणी की बैठक



**नूरपुर।** भाजपा मंडल की कार्यकारिणी की एक बैठक नगर के परी गार्डन बैंकट हाल में आयोजित हुई। जिसमें आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल व संचालन महामंत्री वीरप्रकाश सिंह ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि जिला महामंत्री नरेश भाटी ने कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ छह जुलाई को होने वाली गोष्ठी व आगामी कार्यक्रमों को लेकर रूप रेखा तैयार की। उन्होंने कहा कि आने वाले पंचायत विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ता अपनी कमर कस लें। क्योंकि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ की हड्डी है। भाजपा कार्यकर्ता डोर टू डोर जाकर पार्टी की नीतियों के बारे में बताये। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार मोदी योगी के नेतृत्व में देश व प्रदेश तरक्की कर रहा है। भाजपा सरकार में किसान से लेकर हर वर्ग खुशहाल हैं। अपराधी गुंडे माफिया जेलों की सलाखों के पीछे है। बेखौफ होकर कही पर भी जा सकता है। किसी को कोई डर नहीं है। इस मौके पर बैठक में महामंत्री सुधीर चौहान, उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र जोशी, जीतू भुइयार, गुरविंदर सिंह, प्रदीप चौधरी, प्रमोहन चौहान, मंडल मंत्री सुरेंद्र पाल, राजेश चौहान, राहुल यादव, विनोद वाल्मीकि सतीश कुमार, भावना जोशी, विजेन्द्र सिंह, अंकीत जोशी आदी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शिव मंदिर में विशाल भंडारा



**हल्दौर।** नगर के मौहल्ला रईसान स्थित शिव मंदिर (शिवालय) में शुक्रवार को भक्ति और श्रद्धा का अनुपम संगम देखने को मिला। मंदिर परिसर में पंडित दिनेश शर्मा द्वारा मुख्य यजमान गगन मारवाड़ी व विकास मारवाड़ी के सान्निध्य में वैदिक विधि-विधान से हवन-पूजन संपन्न कराया गया। पूजन के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। भक्तिमय वातावरण में मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। आयोजन में श्रद्धालुओं की उत्साहपूर्वक सहभागिता रही। इस अवसर पर विशाल महंत, महीपाल, गौरव गिरी, नागेंद्र मारवाड़ी, रामौतार चौहान, विशाल महंत, रामनाथ शर्मा, डॉ. सर्वेश शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम, छह माह पूर्व हुई थी शादी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** पंजाब से घर लौट रहे एक युवक की ट्रेन से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। शव घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। शुक्रवार शाम अन्तिम संस्कार कर दिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव मौहम्मदपुर राजौरी निवासी आकाश कुमार (22 वर्ष) पुत्र जय सिंह अपने चाचा मान सिंह व छोटे भाई धर्मेंद्र सिंह के साथ पंजाब से काम कर जनता एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा घर वापसी कर रहे थे। ट्रेन में भीड़ अधिक होने के कारण आकाश कुमार खिड़की पर खड़ा था।

गुरुवार की देर शाम जैसे ही जनता एक्सप्रेस ट्रेन जनपद सहारनपुर के मुस्तफाबाद रेलवे स्टेशन के समीप पहुंची, तो खिड़की पर खड़े आकाश कुमार का पैर फिसल गया। उसकी नीचे गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। चाचा मान सिंह और छोटा भाई धर्मेंद्र सिंह डब्बे में अंदर बैठे थे।



जीआरपी रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जनता एक्सप्रेस जो की रात्रि ढाई बजे धामपुर स्टेशन पर पहुंचनी थी। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक आकाश कुमार की लगभग छह माह पूर्व ही शादी हुई थी। दुल्हन के हाथों की अभी मेंहदी भी नहीं छूटी थी। शुक्रवार को शव घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक का देर शाम भूतपुरी



रामगंगा घाट पर अंतिम संस्कार संस्कार कर दिया गया।

## प्रधानाध्यापिका रफत बहाल

**बिजनौर।** बेसिक शिक्षा अधिकारी ने स्कूल का नाम उर्दू में लिखने की वजह से सस्पैंड की गई प्राथमिक विद्यालय द्वितीय साहनपुर की प्रधानाध्यापिका रफत खातून को बहाल कर दिया है। जांच अधिकारी ने उन पर लगे आरोपों को सही नहीं पाया है। शाह टाइम्स में इस मुद्दे को प्रमुखता के साथ उठाया था।

# लखी शाह बंजारा की जयंती मनाई

## महापुरुषों से प्रेरणा लेने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** सुभासपा के कार्यकर्ताओं ने बाबा लखी शाह बंजारा की जयंती धूमधाम से मनाई।

प्राप्त समाचार के अनुसार सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष अशोक राठौड़ के नेतृत्व व जिला सदस्यता प्रभारी रणवीर सिंह निराला की रेख देख में स्थानीय लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में बंजारा समाज के महापुरुष एवं परम योद्धा बाबा लखी शाह की 445 वीं जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक राठोर ने बताया कि बाबा लखी शाह ने अपने 100 वर्ष के जीवन काल में उन्होंने खुद कुआं खोद कर पानी पिया इसलिए संपूर्ण भारत वर्ष में 800 तालाब और पुरे भारत वर्ष में पांच हजार से ज्यादा बगीचे लगवाएं और 400 एकड़ जमीन पर मध्य प्रदेश में झील




बनवाई।

सिखों के नौ वे गुरु तेग बहादुर के समर्थन में मुंगलो को चुनौती देकर गुरु तेग बहादुर के पार्थिक शरीर को अपने घर पर दाह संस्कार किया। जिला अध्यक्ष अशोक राठौड़ ने बताया कि दिल्ली में जहां आज संसद भवन है। उसके 50 किलोमीटर दूर तक बंजारा समाज की जमीन थी और बंजारा समाज का राज था। ऐसे महापुरुषों से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अशोक राठौर, जिला सदस्यता प्रभारी रणवीर सिंह निराला, जिला प्रमुख महासचिव चंद्रवीर सिंह डवास, जिला संगठन मंत्री रुपेंद्र सिंह, प्रदेश सचिव विवेक नायक, जिला मीडिया प्रभारी प्रीतम सिंह राठौड़, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष कविता चौधरी, जिला उपाध्यक्ष, नैपाल सिंह मंत्री प्रतिनिधि डॉक्टर राजेंद्र कश्यप, गुलाम साबिर, वीरेंद्र सिंह, भुपेंद्र सिंह, सुरेश, विपिन नायक सहित सैकडों लोग उपस्थित रहे।

# इंजीनियर ने कुत्ते को गोली मारकर उतारा मौत के घाट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद बता दें कि पीडब्ल्यूडी के रिटायर्ड इंजीनियर द्वारा रिवाल्वर से कुत्ते को कई राउंड गोली मारने की वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है जिसमें एक रिटायर्ड इंजीनियर द्वारा खुलेआम कुत्ते पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई जा रही हैं।।

शुक्रवार को दोपहर में पीडब्ल्यूडी के रिटायर्ड इंजीनियर द्वारा एक रिवाल्वर से अचानक कुत्ते पर गोली दाग दी गई। जिससे कॉलोनी में अफरा तफरी मच गई। गोलियों की आवाज सुनकर जब लोग अपने घरों से बाहर निकले, तो रिवाल्वर लेकर इंजीनियर अपने घर में चला गया तथा पास ही नाली में कुत्ता मरा हुआ पड़ा था। जिसको कई गोलियां लगी हुई थी। सावित्री एनक्लेव कल्याण

## इंजीनियर के खिलाफ थाने में दी तहरीर

समिति ने थाने में लिखित शिकायत पत्र देकर आरोप लगाया है कि स्थानीय सावित्री एनक्लेव निवासी रिटायर्ड पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर राजवीर सिंह ने खुलेआम दहशत फैलाने की गरज से सड़क पर घूम रहे कॉलोनी के लावारिस कुत्ते पर रिवाल्वर से एकाएक कई राउंड फायर कर मौत के घाट उतार दिया। जिससे कॉलोनी में अफरा तफरी मच गई तथा लोगों में दहशत का माहौल बन गया। कॉलोनीवासियों ने रिवाल्वर की जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग कि है तथा रिटायर्ड इंजीनियर के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत भी कार्रवाई की मांग की।

# ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह ने किया शुभारंभ

## फिजियोथैरेपी सेंटर शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मंडावली थाना अंतर्गत नजीबाबाद हरिद्वार एनएचएआई पर स्थित ग्राम करौली में ब्लॉक प्रमुख नजीबाबाद तपराज सिंह देशवाल ने भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र राजपूत, चौधरी ईशम सिंह, अनुज चौधरी के साथ विश्वकर्मा फिजियोथैरेपी एवं हेल्थकेयर सेन्टर का उद्घाटन फीता काटकर किया।

ग्राम कामराजपुर निवासी डॉ. हरीश विश्वकर्मा के इस नए प्रतिष्ठान के शुभारंभ के अवसर पर पंडित अमित कौशिक ने विधि विधान से हवन पूजा कराकर स्थानीय गणमान्य नागरिकों, क्षेत्रीय ग्राम प्रधानों,



सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि सरकार की मंशा है कि ग्रामीण अंचलों में निवास कर रहे प्रदेशवा. सियों को सस्ती व सुलभ चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो। इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस फिजियोथैरेपी सेंटर की शुभारंभ के लिए डॉ. हरीश कुमार विश्वकर्मा को शुभकामनाएं बधाई देते हुए उनसे अपील की कि वह व्यवसाय के साथ-साथ समा. जसेवा से जुड़कर कार्य करें।

भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा करना बड़ा पुण्य का कार्य है। इसे व्यवसाय के साथ-साथ दया एवं सेवा भाव से करना परम आवश्यक है। शुभारम्भ के अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेन्द्र राजपूत, चौधरी ईशम सिंह, भाजपा नेता अनुज चौधरी, थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील सैनी, ग्राम प्रधान इरफान अहमद, साजिद हुसैन, दलीप कुमार, लोकेन्द्र सिंह, युनुस अहमद, शाहिद अहमद, करीमुद्दीन, खुर्शीद, अकबर, अनवर अहमद, करुणा धीमान, देवांश धीमान, राजीव कुमार, किरण देवी, शिवानी, अक्की धीमान, ओम प्रकाश विश्वकर्मा, लक्की, अनवर अहमद, अकबर, सब्बू, स्टाफ नर्सिंग, हिमानी, पिंकी, शिप्रा, मुस्कान, नीरज कुमार, नफीस अंसारी, निखिल कुमार, ऑडियो उपस्थित रहे।

ब्लॉक प्रमुख एवं उपस्थित अतिथियों का डॉ. हरीश कुमार विश्वकर्मा ने शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

## एक नजर

### अतिक्रमण कांवड़तियों के रास्ते में बाधा

**बिजनौर।** विगत दिनों जिलाधिकारी ने अपने आलाधिकारियों के साथ एक बैठक सावन मास कि कांवड़ यात्रा को लेकर की। डीएम साहिबा ने कांवड़ लाने वालों को रास्ते में कोई दिक्कत न हों। बताते चले कि बिजनौर के राम लीला रोड, चांदपुर रोड व चांदपुर की चुंगी से सिरधनी रोड को होकर चांदपुर, धनौरा गजरौला से पहले पड़ने वाले ग्रामों के शिव भक्त इसी रास्ते से होकर कांवड़ लेकर आते जाते है। खासकर रामलीला रोड, सिरधनी रोड की सड़क की साइडों में घोड़ा बुग्गी, रेत बजरी, रोलर, कारे, सड़क की साइडों में खड़ी रहती है। कांवड़ लाने वालों को रास्ता छोटा पड़ जाता है।

### मारपीट का आरोपी गिरफ्तार



**चांदपुर।** समीप के ग्राम अज्जूनंगली निवासी एक ग्रामीण मोहम्मद कासिम पुत्र मोहम्मद सरफराज ने **28** जून को पुलिस को एक प्रार्थना पत्र देते हुए कहा था कि गांव के ही साजिद, माजिद, बाबर, बिट्टू, बिलाल, अंसार, जाकिर, रेहान, साकिब व कई अन्य अज्ञात व्यक्तियों ने वादी के घर में घुसकर वादी व उसके भाई जमशेद, अबरार, माता और बहन के साथ गाली गलौज की थीं विरोध करने पर इन सभी ने लाठी डंडों से वादी व वादी के परिजनों पर ताबड़तोड़ हमला कर बुरी तरह लहूलुहान कर दिया था। आरोप हैं कि इस मारपीट में आरोपियों ने वादी का हाथ भी तोड़ दिया था और जाते-जाते जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए थे। पुलिस ने इस मामले में वांछित आरोपी साजिद पुत्र जसीमुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया।

### दहेज में ट्रैक्टर न मिलने पर बारात नहीं आई

**बिजनौर।** मौहल्ला मिर्दागान वार्ड नम्बर 31 चांदपुर रोड स्थित जन्नत कॉलोनी में एन वक्त पर एक लड़की की बारात नहीं आ पाई। दुल्हन लाल जोड़े में सजी धजी रह गई। किसी ने सही कहा है कि अल्लाह अगर किसी के यहां बेटी पैदा करें तो उसका नसीब भी अच्छा हो। बताते चले कि असलम शेख किसानी का काम करता है। उसने अपनी बेटी की शादी शेख बाबू के बेटे अनस के साथ तय की थी। एक साल से खूब दावतें चल रही थी। परसों लड़की वालों ने दहेज का सामान भी लड़के वालों के घर भिजवा दिया था। सारे मौहल्ले में बिजली कि सजावट अपनी छटा बिखेर रही थी। इसी बीच होने वाले दुल्हा अनस पुत्र बाबू की तरफ से लड़की वालों के यहां खबर आई कि हमें दहेज में ट्रैक्टर चाहिए। इस पर लड़की पक्ष के लोगों की सांसे अटक गई। किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। बाद में लड़की पक्ष ने शादी करने से मना कर दिया। लड़के को पुलिस चौकी वाले उठा कर ले गये। बाद में किसी नेता ने फीलगुड कर दुल्हे को छुड़ा लिया और बारात नहीं आई।

# जंजीरों और आग पर चल कर मातम कर करबला के शहीदों को याद किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोगीरम्पुरी।** आठ मोहर्रम का जुलूस इमामबाड़ा अबु तालिब से बरामद किया गया। जिसमें अलम, ताबूत बरामद किए गए। जुलूस से पहले मजलिस बरपा की गई।

जिसकी मरसिया खानी फरीद हुसैन, अजादार हुसैन, शफीक हुसैन ने की, मजलिस को खिताब करते हुये मौलाना शेर अब्बास नाइमजरा सहारनपुर ने कहा कि इमाम हुसैन ने दीने इस्लाम को बचाने के लिए मदीने से करबला का सफर किया और तपती धूप में तीन दिन भूखे प्यासे रह कर अपनी शहादत पेश की और इस्लाम और इंसानियत को बचा लिया। जब यजीद ने इमाम हुसैन से बैयत मांगी, तो इमाम हुसैन ने इंकार कर दिया कि मुझ जैसा तुझ जैसे कि बैयत नहीं करेगा, अब जो भी इमाम हुसैन के बताये रास्ते पर अमल करेगा, वो हुसैनी होगा और जो यजीद के बताये रास्ते पर अमल करेगा वो



यजीदी होगा। अजादारों ने करबला के शहीदों की याद में जंजीरों से मातम कर अपने आप को खून से लहूलुहान कर लिया। जुलूस इमामबाड़ा हैदरी में पंहुचा। जहां पर मातम दारों ने दहकते शोलों पर (आग) पर मातम कर इमाम हुसैन को पुरसा दिया। जुलूस में नोहा खानी अजादार हुसैन, मोहसिन अब्बास, साजिद रजा, वाजिद रजा, फिरोज हैदर, मोहर्रम अली तकि अब्बास, गुलाम ईरानी आदि ने की। जुलूस अपने परम्परागत रास्तों से होते हुये दरगाह आलिया पर जाकर संपन्न हुआ। जुलूस का नेतृत्व अकबर ऊर्फ मुन्ना, ईद अली, मुजफ्फर हुसैन आदि ने किया। सुरक्षा की दृष्टि से थाना नगीना देहात का पुलिस बल साथ रहा।

# जिला स्तरीय जूनियर हॉकी प्रति. में आरजेपी रहा प्रथम

## प्रधानाचार्य बिशन लाल ने विजेताओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर की हॉकी टीम शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार ने जनपद स्तरीय जूनियर खेल प्रतियोगिता में नेहरू स्टेडियम बिजनौर में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल द्वारा टीम को सम्मानित किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन सिंह ने खेल प्रभारी नरेंद्र कुमार व व्यायाम शिक्षक अजय



कुमार को बधाई देते हुए उनके कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल, संगीत एवं भाषण आदि प्रतियोगिताओं जीवन में परिवर्तन लाया जा सकता है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य गयूर आसिफ, जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, बालेश कुमार, सुधीर कुमार राजपूत, डीओसी स्काउट चंद्रहास सिंह, सुभाष बाबू राजपूत, मनोज कुमार यादव, करन वीर सिंह, विनोद कुमार यादव, तेजपाल सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, भूपेंद्र पाल सिंह, अलका रानी, रश्मि चौहान, विनीत कुमार गहलोत, वाजिद हुसैन आदि मौजूद रहे।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरी पत्नी ममता, पुत्री प्रियंका व पुत्र ऋषभ त्यागी मेरे कहने में नहीं है और मेरा अपमान व मुझे प्रताड़ित करते रहते है तथा मारपीट करते है। जान से मारने की धमकी देते हैं। बीमार होने पर इलाज नहीं कराते है तथा खाना भी नहीं देते हैं। इसलिए मैंने 04 जुलाई 2025 से अपनी पत्नी, पुत्र व पुत्री से तृस्त होकर इनसे मैंने अपने सभी संबंध विच्छेद कर लिए है तथा अपने नाम व सभी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में आज के बाद मुझसे इनका कोई संबंध नहीं होगा। मेरी चल व अचल संपत्ति में भी कोई अंश, हक व अधिकार इनका नहीं होगा। **टीकम पुत्र अमीचन्द ग्राम राधोरामपुर उर्फ नया गांव, थाना कोतवाली शहर, जिला बिजनौर**

# टेढ़े खंभे को लेकर आसपा नेता को सौंपा शिकायती पत्र

**जलालाबाद।** घर के अंदर की तरफ को तिरछा हो चुके टेढ़े खंभे को सीधा करवाने हेतु बिजली मिस्त्री शरीफ साबरी ने आसपा नेता को मांग पत्र सौंपा। निकटवर्ती ग्राम मुबारकपुर कल्हेड़ी निवासी बिजली मिस्त्री शरीफ साबरी के घर के पास में खड़ा सीमेंट वाला बिजली का खंभा घर के अंदर की तरफ को तिरछा हो चुका है। बिजली मिस्त्री शरीफ साबरी को अपनी कच्ची दीवार को पक्का बनवाना है। इसलिए इस खंभे का सीधा होना बहुत जरूरी है । इस संबंध में बिजली मिस्त्री शरीफ साबरी बिजली विभाग एवं लाइनमैन को कई बार अवगत करा चुका है। मगर पिछले लगभग चार महीने से यह खंभा अभी तक सीधा नहीं करवाया जा सका। गांव में ही खुले आजाद समाज पार्टी के कैंप कार्यालय के संचालक सैयद शोएब अली को मांग पत्र सौंपते हुए बिजली मिस्त्री शरीफ साबरी ने कहा है कि टेढ़े हो चुके इस खंभे को अति शीघ्र सीधा करवाया जाए ताकि वह अपनी दीवार का निर्माण करवा सके।

शाह टाइम्स खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# अवैध निर्माण को ग्रामीणों ने उखाड़ फेंका

## लेखपाल से चक मार्ग की पैमाइश कराकर रास्ते को कब्जा मुक्त कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** सीरवासुचंद में खेत स्वामी द्वारा सरकारी चकरोड पर कब्जा कर अवैध निर्माण को ग्रामीणों ने एकता का सबूत देकर उखाड़ फेंक दिया। ग्रामीणों व खेत स्वामी की तीखी नोकझोंक हुई। जिससे दोनों पक्षों मे भारी हंगामा हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अवैध निर्माण रुकवा दिया गया है। गौरतलब है कि पहले भी खेत स्वामी ने खेत के पास जोहड़ी पर कब्जा करके उसे पाटने का प्रयास किया था। जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया था और जोहड़ी खसरा नंबर नौ कब्जा मुक्त करायी थी। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रेषित पत्र में चकरोड कब्जा मुक्त कराने व पक्की सड़क बनाने की मांग की है ।

ग्रामीण महावीर सिंह, जयप्रकाश सिंह, सुरेंद्र सिंह, भारत सिंह, इन्द्रपाल सिंह, महीपाल सिंह, रामपाल सिंह, कृष्णपाल सिंह, सुरेन्द्र सिंह आदि का आरोप है कि ग्राम



सीरवासुचंद में सरकारी आम रास्ते चकमार्ग जो त्रिलोकपुर व पुक्खेवाला बाईपास मार्ग पर मेन रोड से पश्चिम दिशा की ओर है। जिसका चकमार्ग खसरा नंबर 12 है। उसपर अमीर हुसैन पुत्र नामालूम, कारी जाकिर, कारी शाकिर, कारी जाफर, मौ. साबिर पुत्रगण अमीर हुसैन निवासीगण ग्राम सीरवासुचंद थाना अफजलगढ़ की इस सरकारी आम रास्ते को कब्जाने हेतु बुरी नजर रखते हैं और पूर्व में भी कई बार इस सरकारी मार्ग पर अवैध कब्जा करने का असफल प्रयास कर चुके हैं। जिसे पुलिस प्रशासन व राजस्व विभाग के सहयोग से बामुश्किल रोका गया है। इस चकमार्ग को लेकर वर्तमान में न्यायालय में भी वाद विचाराधीन है और अफजलगढ़ पुलिस इस बाबत इनमें से कई लोगों का शांतिभंग की आशंका के तहत चालान भी कर चुकी है। मगर उपरोक्त लोग इस सरकारी चकमार्ग पर अवैध कब्जा करने के प्रयास की अपनी हरकतों से बाज आने को तैयार नहीं है। आज जब उक्त लोगों ने फिर सरकारी चकमार्ग सरकारी रास्ते पर अवैध कब्जे का प्रयास कर निर्माण कार्य शुरू किया, तो वहां गांव के तमाम ग्रामीण महिलाओं-पुरुषों ने मौके पर पहुंच कर अवैध निर्माण को उखाड़ कर फेंक दिया। ग्रामीणों व खेत स्वामी में तीखी नोंकझोंक हुई। जिससे शान्ति भंग होने का खतरा हो गया। लेकिन सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मांग पर निर्माण कार्य रूकवा दिया गया है। उधर पुलिस कहना है कि दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है तथा लेखपाल से चक मार्ग की पैमाइश कराकर रास्ते को कब्जा मुक्त कराया जाएगा।

**न्यायालय सिविल जज जू.डी. बिजनौर**

मूल प्रकीर्ण वाद सं. 40/25

**सुषमा देवी बनाम मैनपाल सिंह**

सुषमा देवी उम्र 55 वर्ष पत्नी स्व. जगदेव सिंह निवासी ग्राम रतनपुर रियाया, परगना व पोस्ट मण्डावर, तहसील जिला बिजनौर।

**बनाम**

1. मैनपाल सिंह आयु 30 वर्ष 2. सचिन आयु 28 वर्ष पुत्रगण जगदेव सिंह निवासीगण ग्राम रतनपुर रियाया पोस्ट व परगना मण्डावर, तहसील व जिला बिजनौर। 3. एकता आयु 26 वर्ष पुत्री जगदेव सिंह पत्नी रोहित निवासी ग्राम व पोस्ट भोपा, जिला मुजफ्फरनगर।

चूंकि उपरिनामांकित से यह आवेदन किया है कि आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 18.07.2025 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

नियत दिनांक: 18.07.2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज जू.डि. बिजनौर**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर (बिजनौर)**
**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं. 11 के सम्पत्ति संख्या 58 जो पालिका के गृहकर / जलकर अभिलेखों में श्री रणवीर सिंह पुत्र शिवनाथ सिंह के नाम दर्ज है। अत: रणवीर सिंह पुत्र शिवनाथ सिंह का नाम निरस्त कर श्रीमती विनीता विश्नोई पत्नी स्व. संजय बिश्नोई का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तत्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर (बिजनौर)**
**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं. 23 के सम्पत्ति संख्या 175 जो पालिका के गृहकर / जलकर अभिलेखों में श्री रणजीत सिंह पुत्र हरीश चंद के नाम दर्ज है। अत: श्री रणजीत सिंह पुत्र हरीश चंद का नाम निरस्त कर सुरेंद्र सिंह व कुलदीप सिंह पुत्र रणजीत सिंह का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तत्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

**न्यायालय सिविल जज जू.डी. बिजनौर**

मूल प्रकीर्ण वाद सं. 02/24

**श्रीमती जीनत परवीन बनाम इरशाद हुसैन**

1.श्रीमती जीनत परवीन पुत्री स्व. श्री अमीर हुसैन पत्नी श्री इरशाद हुसैन निवासी ग्राम सिरधनी, परगना व तहसील व जिला बिजनौर हाल निवासी मौ. कुरैशी शहर परगना व तहसील अमरोहा, जिला जे.पी. नगर।

**विपरीत**

1. इरशाद हुसैन पुत्र स्व. श्री इकबाल अहमद निवासी मौ. कुरैशी शहर, परगना व तहसील अमरोहा, जिला जेपी नगर।

चूंकि उपरिनामांकित से यह आवेदन किया है कि आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 09.07.2025 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

नियत दिनांक: 09.07.2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज जू.डि. बिजनौर**

**न्यायालय सिविल जज जू.डी. /एफ.टी.सी. प्रथम बिजनौर**

प्रकीर्ण वाद सं. 35/1992

**श्रीमती नसीमा आदि बनाम अल्लादी आदि**

1.श्रीमती नसीमा पत्नी रफीक निवासी ग्राम सदुपुरा, परगना, तहसील व जिला बिजनौर आदि

**बनाम**

1. श्रीमती अल्लादी पत्नी बुन्दू निवासी मौहल्ला कस्साबान, बिजनौर, परगना, तहसील व जिला बिजनौर आदि

1/2. श्रीमती शाहजहां पत्नी सईद निवासी ग्राम तुख्मापुर, परगना व तहसील नगीना, जिला बिजनौर

(प्रस्तावित प्रतिवादी)

चूंकि उपरिनामांकित से यह आवेदन किया है कि आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 08.07.2025 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

नियत दिनांक: 08.07.2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज जू.डि./एस.टी.सी. कोर्ट नं. 1, बिजनौर**

# अनियमितताएं मिलने पर होटल सील

## बिना लाइसेंस के चल रहे दर्जनों होटल



शाह टाइम्स संवाददाता

**नूरपुर।** नगर में दर्जनों होटल ऐसे हैं जो कि बगैर लाईसेंस के चल रहे इन होटलों में आये दिन शिकायत मिलती रहती है। अधिकारियों ने होटलों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जांच कर कार्यवाही करते हुए होटल को सील कर दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार बिजनौर रोड पर बने निजी होटल रेस्टोरेंट पर छापा मारकर हड़कंप मच गया। होटल में तमाम सारी कमी को देखते हुए होटल को सील कर दिया है। शिवा होटल को सील करने पहुंचे। चांदपुर उपजिलाधिकारी नितिन तेवतिया के साथ तहसीलदार पंकज राणा के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम के साथ भारी पुलिस ने संयुक्त रूप शिवा होटल रेस्टोरेंट पर छापा मारा। जहां पर गंदगी के साथ-साथ अनियमितताएं सामने आई जैसे के होटल के पास फायर का न होना। नगर पालिका से नक्शा पास न होना जैसी तमाम कमी पाई गई। खाद्य विभाग का लाईसेंस न होना। छापामारी के दौरान कानूनगो हरिराज सिंह, नृपेन्द्र सिंह, अनिरुद्ध कुमार, शिवम् यादव, हल्का लेखपाल अमित तोमर के साथ भारी पुलिस बल मौजूद था। शिवा होटल की आये दिन शिकायत मिल रही थी। शिकायत मिलने पर अधिकारियों ने गंभीरता से लेते हुए। शिवा होटल रेस्टोरेंट पर छापा मारकर सील कर दिया। नगर के ज्यादातर होटल में गौरख धंधा जोरों पर चल रहा है। इन होटलों में मासूम लड़कियां अपने मां-बाप की आंखों में धूल झोंककर अपनी जिंदगी बर्बाद करने में लगी हुई है। एसडीएम नितिन तेवतिया की कार्यवाही के बाद नगर में हड़कंप मचा हुआ है। अधिकारियों के निशाने पर अभी कई होटल निशाने पर है।

# किरतपुर चोरी के आभूषणों की खरीदारी की मंडी बना

## सस्ते दामों में गहने खरीद कर कमा रहे मुनाफा

शाह टाइम्स संवाददाता

**किरतपुर।** कस्बे में लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं और उसके बाद चोरी के गहनों की स्थानीय स्तर पर बिक्री ने एक गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है। क्या किरतपुर कुछ सुनारों के कारण चोरी के गहनों की मंडी बनता जा रहा है?

कुछ दिन पूर्व और हाल ही में पुलिस द्वारा की गई दो बड़ी कार्रवाइयों में यह खुलासा हुआ कि चोरी हुए आभूषणों को किरतपुर में ही बेचा गया। इससे पहले भी कस्बे की कुछ आभूषण दुकानों पर छापामार कार्रवाई की जा चुकी है, जिनमें चोरी के गहनों की बरामदगी हो चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जब कोई चोर चोरी किए हुए आभूषणों को किसी दुकानदार को बेचता है तो चोर और खरीदार दोनों ही आपराधिक श्रेणी में आते है, लेकिन इन्हें किसी का खौफ नहीं है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, कुछ सुनार चोरी के गहनों को सस्ते दाम में खरीदने के लालच में चोरों के साथ खतरनाक गठजोड़ बना लेते हैं।

नगर व क्षेत्र के जागरूक लोगों का कहना था अगर सुनार चोरी के आभूषण न खरीदे, तो चोरों के हौसले पस्त हो जाए। आभूषणों की दुकान की आड़ में कुछ दुकानदार कानून की धज्जियाँ उड़ा रहे हैं और अपराधियों को संरक्षण दे रहे हैं। ऐसे दुकानदारों की पहचान कर पारदर्शिता के साथ पुलिस को कार्रवाई करनी चाहिए।

# स्योहारा में नकली दूध का कारोबार

## बीमारियों का खतरा बढ़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** नगर और आस-पास के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों नकली और मिलावटी दूध की सप्लाई तेजी से बढ़ रही है जिस दूध को पोषण और स्वास्थ्य का स्रोत माना जाता है। वहीं अब बीमारियों का कारण बनता जा रहा है। स्थानीय स्तर पर दूध विक्रेताओं की बल्ले-बल्ले हो रही है लेकिन जनता की सेहत के साथ हो रहा यह खेल प्रशासन की आँखों से ओझल या अनदेखा बना हुआ है

सूत्रों से मिली जानकारी और स्थानीय नागरिकों की शिकायतों के अनुसार स्योहारा क्षेत्र में डिटर्जेंट सिंथेटिक केमिकल, वनस्पति घी और यूरिया जैसे हानिकारक पदार्थों को दूध में मिलाकर खुलेआम बेचा जा रहा है। सुबह के समय मोहल्लों और गलियों में आने वाले दूधियों की टंकियों में जो दूध भरा होता है वह अधिकतर मशीन से तैयार नकली दूध बताया जा रहा है। नगर में बीते कुछ महीनों में डायरिया, पेट की बीमारियाँ, त्वचा संक्रमण और बच्चों में कमजोरी जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। डॉक्टरों का कहना है कि इन बीमारियों के पीछे दूषित और मिलावटी दूध एक बड़ा कारण है। बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों के लिए यह दूध जहर के समान साबित हो रहा है। सबसे हैरानी की बात यह है कि स्थानीय खाद्य विभाग और प्रशासन जानकारी के बावजूद मूकदर्शक बना हुआ है। नियमित जांचें नहीं की जा रहीं न ही सैंपलिंग की जा रही है। छोटे दूध कारोबारी और मिलावटखोरों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई न होने से उनके हौसले बुलंद हैं। वहीं अब क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया जाए। दूध विक्रेताओं के लाइसेंस और स्रोत की जांच हो, दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। लोगों को शुद्ध दूध की पहचान और जागरूकता अभियान चलाकर जानकारी दी जाए।

स्योहारा नगर में सुबह-सुबह टैंकरों और मोटरसाइकिलों पर दूध की जो धार बहती है वह अब शुद्धता की प्रतीक गंगा नहीं बल्कि मिलावट और मुनाफाखोरी का नाला बन चुकी है। सेहत के नाम पर जहर परोसने वालों के खिलाफ अब जनता को भी जागरूक और सतर्क होने की जरूरत है।

वहीं नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है कि जब कभी खाद्य विभाग चेकिंग अभियान चलता है तो इन मिलावटखोरों के संपर्क सूत्र इतनी मजबूत होते हैं कि पहले ही इनको जानकारी मिल जाती है और सभी किसी भी सुरक्षित स्थानों पर छिप कर बैठ जाते हैं और यह पता लगते हैं कि क्या अधिकारी चले गए या नहीं उसके बाद जब अधिकारी चले जाते हैं तो फिर खाना पूर्ति का सिलसिला भी शुरू होता है। किसी एक दुकानदार पर कोई हल्की कारवाई की गई और फिर मिलावट खोरी का सिलसिला लगातार जारी होता है और अधिकारी महीनों के लिए खामोश होकर बैठ जाते हैं जो बहुत ही चिंता का विषय है।

# दस्तक व संचारी रोग नियंत्रण अभियान का प्रशिक्षण सम्पन्न



## अभियान को गंभीरता से लें: डा. स्नेही

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही की अध्यक्षता में आशा व संगिनी कार्यकर्ताओं को 1 से 31 जुलाई तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 11 से 31 जुलाई तक चलने वाले दस्तक अभियान का प्रशिक्षण दिया गया।

डॉ. स्नेही ने बताया कि अभियान के दौरान आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर बुखार, सर्दी-जुकाम, कुपोषण, टीबी, कुष्ठ रोग जैसे मामलों की सर्वे सूची बनाकर पोर्टल पर फीडिंग करेंगी। आभा आईडी बनाएंगी और घर-घर ओआरएस व जिंक वितरित करेंगी। उन्होंने साफ-सफाई, फॉगिंग, एन्टी लार्वा छिड़काव, कचरा निस्तारण और शुद्ध पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरूकता अभियान मोहल्ला निगरानी समिति का सहयोग और खुले में शौच से मुक्ति जैसे विषयों पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। प्रशिक्षण में नोडल अधिकारी राजेश कुमार, एनएमए शीशराम, बीपीएम शालिनी बिष्ट, डीओ राशि अनम समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी और आशा संगिनी उपस्थित रहीं।

डॉ. स्नेही ने सभी से अभियान को गंभीरता से लेने और माइक्रोप्लानिंग के अनुसार कार्य करने की अपील की है।

# नवनिर्मित सत्संग भवन का भव्य उद्घाटन

## भविष्य में अस्पताल निर्माण का भी संकल्प




शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** मोहल्ला साहूवान स्थित श्रीराम मंदिर आश्रम में नवनिर्मित सत्संग भवन का उद्घाटन बुधवार प्रात: नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रवि कुमार सिंह एवं श्रीराम मंदिर आश्रम के पीठाधीश्वर महंत राधेश्याम व्यास जी महाराज ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन उपरांत दीप प्रज्वलन कर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में आचार्य शशिकांत वशिष्ठ, आचार्य राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ, गौरव वशिष्ठ और सौरव वशिष्ठ द्वारा मंचासीन अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। अतिथियों में पूर्व अध्यक्षराजू गुप्ता, हिन्दू युवा वाहिनी के निवर्तमान मंडल प्रभारी डॉ. एनपी सिंह, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, हरिओम शर्मा गुरुजी, डीएस चौहान, संजय शर्मा और पराग अग्रवाल शामिल रहे।

कार्यक्रम का आयोजन सनातन उत्थान सेवा संघ (पंजीकृत) के तत्वावधान में किया गया। वक्ताओं ने संस्था के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आश्रम में समय-समय पर धार्मिक अनुष्ठान कराए जाते हैं। साथ ही निर्धन कन्याओं के विवाह और शिक्षा में आर्थिक सहयोग प्रदान करना भी प्रमुख उद्देश्य है।

इस अवसर पर महंत राधेश्याम व्यास जी महाराज ने अपने आध्यात्मिक सफर की चर्चा करते हुए कहा कि 1976 में वे धामपुर आए और पंजाबी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में एक दशक तक सेवा की। 1988 में उन्हें साहूवान मोहल्ले में एक जीर्ण-क्षीर्ण मंदिर की सेवा करने का अवसर मिला, जहां उन्होंने नर्मदा नदी से लाया गया शिवलिंग स्थापित कर श्रीराम मंदिर की नींव रखी। उन्होंने बताया कि तीन वर्षों की कठिन तपस्या और प्रयासों के बाद सत्संग भवन का निर्माण संभव हो सका।

महंत जी ने घोषणा की कि भविष्य में धामपुर में एक निशुल्क उपचार केंद्र (अस्पताल) स्थापित करने की दिशा में कार्य किया जाएगा, जिससे स्थानीय जनता को लाभ मिल सके।

इस धार्मिक आयोजन में प्रशांत त्यागी, अनिल अग्रवाल, अशोक अग्रवाल (होंडा) सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। संच. लन सुमित अवस्थी और आचार्य शशिकांत वशिष्ठ ने संयुक्त रूप से किया।

# विकास खंड के सभागार में विदुर ब्रांड की कार्यशाला



## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में पूर्ण सहभागिता करें

शाह टाइम्स संवाददाता

**नहटौर।** विकास खंड के सभागार में विदुर ब्रांड की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी ने कहा कि विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत संचालित समूहों द्वारा बनाए जा रहे विभिन्न प्रकार के सामानों की बिक्री में व्यापारी वर्ग पूर्ण सहभागिता करें।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी ने कहा शासन का उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में रहने वाली महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। इसी क्रम में उन्होंने ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूहों के द्वारा ग्रामीण अंचलों में महिलाओं को विभिन्न प्रकार के सामानों का उत्पादन किया जा रहा है। जिसमें झाड़ू, चप्पल, अचार व चटनी आदि सामानों का उत्पादन किया जा रहा है। इनकी गुणवत्ता बेहतर है। साथ ही इनकी बिक्री के लिए व्यापारी वर्ग अपने प्रतिष्ठानों पर इन्हें बेचकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में पूर्ण सहभागिता करें ताकि शासन का उद्देश्य पूरा हो सकें। उन्होंने बताया विदेश से आने वाले सामानों की बिक्री पर भी रोक लगेगी तथा स्वदेशी सामान की बिक्री बढ़ेगी।

इस अवसर पर ग्रामीण आजीविका मिशन के एडीओ दीनदयाल ने विदुर प्लांट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही पैकेजिंग, ब्रांडिंग, वित्तीय, वितरण, गुणवत्ता की जानकारी दीं।

इस मौके पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष कपिल शर्मा, पवन अग्रवाल, महेश, परवेज खान, ममता, नीतू, दीपा चौधरी, मंजू आदि समूह की महिलाओं ने भाग किया। कार्यशाला का संचालन परवेज अहमद ने किया।

# पुष्प निकेतन की छात्रा आरोही बनी नेशनल योगा चैंपियन



शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** पुष्प निकेतन स्कूल की छात्रा आरोही ने योग प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 16 मई 2025 को आयोजित अंबेडकर नेशनल गेम्स (योगा) में आरोही ने ट्रेडिशनल योग इवेंट में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और नगर को गौरवान्वित किया। इस सफलता के बाद आरोही का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ, जो यूनिवर्सल योगा फेडरेशन द्वारा 7 एवं 8 जून को सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल) में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में देशभर से आए लगभग एक हजार खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। आरोही ने यहां भी शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए, अपने आयु-वर्ग में ट्रेडिशनल इवेंट में तृतीय स्थान तथा आर्टिस्टिक इवेंट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रश्मि रेखा ने छात्रा को बधाई दी और कहा कि यह सफलता सभी विद्यार्थियों को खेलों के प्रति प्रेरित करेगी। उन्होंने विद्यालय में योग और खेलों को और अधिक प्रोत्साहित करने की बात कही। इस अवसर पर विद्यालय के खेल विभागाध्यक्ष राजेश यादव, जयप्रकाश मिश्रा, पुष्पेंद्र चौहान सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## राहगीरों को पानी की बोतलें बांटी

**कोतवाली देहात।** इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की याद में अंजुमन बकायये हुसैनियत का तीन दिवसीय वाटर कैंप प्रोग्राम शुरू हो गया है। कर्बला के शहीदों की याद में इस प्रोग्राम में राहगीरों के लिए पानी की बोतल का रूह अफजा शरबत, दूध, बादाम शेक तथा बिस्कुट के पैकेट आदि वितरित किये जाते हैं। यह प्रोग्राम मोहर्रम की सात तारीख से शुरू होकर आठ और नौ तारीख तक चलता है। तीन दिवसीय चलने वाले इस प्रोग्राम में रोजाना पांच से आठ हजार के लगभग पानी की बोतल वितरित की जाती है।

# लोहे के तौल तराजू पर नहीं लग रही सरकारी मोहर

## विभाग की चुप्पी से बढ़ रही कालाबाजारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में लोहे के व्यापार और तौल तराजुओं के इस्तेमाल में भारी अनियमितताएं सामने आ रही हैं। वर्षों से चली आ रही प्रक्रिया के तहत नगर पालिका एवं संबंधित विभागों द्वारा हर वर्ष लोहे के बाट और तराजुओं पर वैधता की सरकारी मोहर लगाई जाती थी ताकि आम उपभोक्ताओं को ठगी से बचाया जा सके। लेकिन बीते कुछ वर्षों से यह प्रक्रिया पूरी तरह ठप पड़ चुकी है।

आज भी बाजारों में अनमापी व बिना मोहर लगे बाटों और तराजुओं का खुलेआम प्रयोग हो रहा है। सबसे गंभीर बात यह है कि विभागीय अधिकारी इस स्थिति से भली-भांति परिचित होने के बावजूद भी चुप्पी साधे हुए हैं। बिना मोहर लगे बाटों से आम उपभोक्ता ठगे जा रहे। जब तौलने के लिए प्रयोग में लाए जाने वाले बाट और तराजू की वैधता पर प्रश्न उठते हैं तो इसका सीधा असर उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ता है। बिना प्रमाणित बाटों से कम तौल कर अधिक पैसे वसूले जा रहे हैं, जिससे बड़े स्तर पर कालाबाजारी और मुनाफाखोरी को बढ़ावा मिल रहा है।

भारतीय विधि के तहत वजन एवं माप विभाग (Legal Metrology Department) द्वारा प्रत्येक वर्ष व्यापारियों के पास मौजूद सभी बाटों व तराजुओं की जांच कर प्रमाणित करना अनिवार्य होता है। उसके बाद विभाग द्वारा एक विशेष मुहर लगाई जाती है, जिससे उसकी वैधता तय होती है लेकिन स्योहारा क्षेत्र में यह प्रक्रिया कई वर्षों से बंद है जिससे कानून की खुलेआम अनदेखी की जा रही है।

स्थानीय नागरिकों और जागरूक समाजसेवियों का कहना है कि यह सब विभागीय मिलीभगत और भ्रष्टाचार का परिणाम है। जब तक वजन माप विभाग के अधिकारी, नगरपालिका प्रशासन और व्यापार मंडल इस पर सख्त कार्रवाई नहीं करेंगे तब तक यह बंदरबांट यूं ही चलती रहेगी। जनहित में तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए।

यह प्रक्रिया पूर्व में लगातार हर वर्ष की जाती थी लेकिन अब कई वर्षों से इस पर कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बिना मोहर के ही उपभोक्ताओं को सामान देता जा रहा है। नगर स्तर पर तुरंत जांच कमेटी गठित की जाए। लोहे के सभी बाटों और तराजुओं की पुन: जांच व वैधता प्रमाणन किया जाए। दोषी अधिकारियों और व्यापारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। हर साल मुहर लगाने की प्रक्रिया को सार्वजनिक रूप से समय पर लागू किया जाए। यदि अब भी प्रशासन नहीं जागा तो यह लापरवाही उपभोक्ताओं के साथ अन्याय और महंगाई के बोझ को और बढ़ा देगी।

## एक नजर

### पौधारोपण अभियान का शुभारंभ



**नहटौर।** नगर पालिका प्रशासन ने 2951 पौधे रोपने के लिए बनाई गई कार्य योजना के तहत शुक्रवार को नगर पालिका परिसर से इस अभियान का शुभारंभ किया। अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने बताया कि इस अभियान के तहत जामुन, अनार, अमरुद, नींबू, आम आदि वैरायटी के पौधे रोपे जाएंगे। जिसमें नगर के एचएमआई इंटर कॉलेज श्याम नारायण सिंह स्मारक इंटर कॉलेज मुस्लिम कन्या इंटर कॉलेज जैन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज और झील पार्क के अलावा दोनों ईदगाह परिसर आदि स्थानों पर पौधे रोपे जाएंगे। इस मौके पर रमेश कुमार, हर्ष जैन, कपिल कुमार, सलीम अहमद, अकरम अहमद, शाहवेज, आमिर आदि ने पौधे रौपे।

### शिविर में 150 मरीजों का परीक्षण



**धामपुर।** श्रीराम सर्वोदय हॉस्पिटल, पीपलसाना के सौजन्य से ग्राम कल्याणपुर में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा करीब 150 ग्रामीणों की जांच व परामर्श दिया गया। शिविर में ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, नेत्र जांच एवं शुगर परीक्षण जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं नि:शुल्क प्रदान की गईं। इसके साथ ही रोगियों को नि:शुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। इस अवसर पर डॉ. सुमित सिंह, डॉ. गौहर फैयाज एवं डॉ. वसीम ने विशेष रूप से अपनी सेवाएं दीं। शिविर के आयोजन में श्रीराम सर्वोदय हॉस्पिटल के स्टाफ सदस्य एम.एम. गिल, अंकुर कौशिक, वर्षा चौहान, कुलदीप कुमार, निशु रानी और निशा रानी ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान नसीम फातिमा अंसारी (पत्नी मोहम्मद दिलशाद) की सक्रिय सहभागिता रही। शिविर के दौरान श्रीराम सर्वोदय हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. एन.पी. सिंह स्वयं मौजूद रहे और उन्होंने ग्रामीणों को स्वास्थ्य जागरूकता के प्रति प्रेरित किया। ग्रामीणों ने इस स्वास्थ्य सेवा के लिए हॉस्पिटल टीम का आभार प्रकट किया और ऐसे शिविरों के नियमित आयोजन की मांग की।

# स्कूलों के विलय के विरोध में आसपा का प्रदर्शन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को कलक्ट्रेट के धरना स्थल पर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के 25 हजार से अधिक प्राथमिक विद्यालयों के विलय के फैसले का विरोध किया।

भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को सौंपा। उन्होंने कहा कि स्कूलों के विलय का निर्णय शिक्षा के अधिकार अधिनियम के खिलाफ है। इससे बड़ी संख्या में छात्र शिक्षा से वंचित हो जाएंगे।

कार्यकर्ताओं ने बताया कि ग्रामीण इलाकों में अभिभावकों को दूर के स्कूलों में बच्चों का दाखिला कराना पड़ेगा। भीम आर्मी ने सरकार से इस निर्णय को तुरंत वापस लेने की मांग की है।

कार्यकर्ताओं ने कौशांबी और प्रयागराज में दलित समाज से जुड़ी घटनाओं की सीबीआई जांच की मांग की। साथ ही पुलिस द्वारा समाज के युवकों का उत्पीड़न रोकने की मांग भी रखी। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ...बाग से बाजार तक अब लंगड़ा चलेगा

## धामपुर में मैंगो महोत्सव एवं कवि सम्मेलन बना आकर्षण का केंद्र



शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** आम को यूं ही 'फलों का राजा' नहीं कहा जाता। इस बात को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ, धामपुर के तत्वावधान में तथा अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में एक नई पहल के तहत गांव गोविंदपुर स्थित 'मुखिया बाग' में भव्य 'मैंगो महोत्सव' का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में महासंघ के पदाधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों, विद्यार्थियों, बागवानों और साहित्य प्रेमियों ने सहभागिता की। महोत्सव में आम की विभिन्न किस्मों दशहरी, लंगड़ा, चौसा, कलमी और देसी आम की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की विशेषता रहा मुखिया बाग में आयोजित कवि सम्मेलन, जिसमें कवियों ने आम पर केंद्रित रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को हँसी, व्यंग्य और विचार की मिठास से सराबोर कर दिया। संचालन कर रहे डी.एस. चौहान ने अपने व्यंग्य में कहा- न डिस्को चलेगा न भंगड़ा चलेगा, बाग से बाजार तक अब लंगड़ा चलेगा! कवि सम्मेलन में डॉ. पूनम चौहान, नरेंद्र जीत 'अनाम', अनिल शर्मा 'अनिल', डॉ. सुरेंद्र सिंह राजपूत व राजकुमार वर्मा ने आम पर रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। समापन के अवसर पर आगंतुकों को गाय के गर्म दूध के साथ ताजे रसीले आमों का पारंपरिक स्वाद भी परोसा गया, जिसने कार्यक्रम को पूर्णता दी। कार्यक्रम के संरक्षक डॉ. लोकेन्द्र सिंह चौहान ने इसे पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल देने की दिशा में एक सार्थक प्रयास बताया।

इस आयोजन को सफल बनाने में नारायण सिंह, डॉ. रवेन्द्र सिंह कुंवर, आशीष राजपूत, धनंजय सिंह, भूपेंद्र सिंह चौहान, नागेश्वर दयाल गहलोत, डॉ. आर.के. चौहान, इंजीनियर डी.बी. सिंह, अरविंद वत्स, वीरेंद्र सिंह, प्रीतम सिंह, ठाकुर रविकांत, कपिल चौहान, विजयपाल सिंह, कल्याण सिंह, सभासद संतोष राजपूत, शिशुपाल सिंह, महेश शर्मा, पंकज चौहान, नौबहार सिंह पंडित जी, वीर सिंह व सोनू बाग वाले का विशेष सहयोग रहा।

सहायक महानिरीक्षक निबंधक ने दिए थे निर्देश

# नगर पंचायत में दर्ज विलेखों की जांच शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** तहसील गुन्नौर की तीनों नगर पंचायतों में नामांतरण दर्ज करने वालों की जांच के आदेश पर अमल होना शुरू हो गया है। सहायक महानिरीक्षक के उप निबंधक गुन्नौर को मिले आदेश पर सब रजिस्ट्रार ने गुन्नौर नगर पंचायत की जांच शुरू कर दी है।

विगत दिवस सहायक महानिरीक्षक निबंधन सम्भल ने सब रजिस्टार गुन्नौर को दिये पत्र में कहा कि नामांतरण पत्रवलियों का परीक्षण कर सुनिश्चित करें कि नामांतरण निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत पंजीकृत विलेख/वास्तविक वारिसान साक्ष्यों के आधार पर किया गया है। किसी पत्रावली में संपत्ति का नामांतरण अपंजीकृत विलेख, पंच फैसला,नोटरी के आधार पर नहीं किया गया है। यदि इस प्रकार का कोई भी प्रकरण संज्ञान में आता है। तो उसे पत्रावली की छाया प्रति प्राप्त करते हुए निरीक्षण आख्या के साथ संलग्न कर अग्रिम कार्रवाई करने हेतु सुनिश्चित करें। सब रजिस्टार गुन्नौर नरेंद्र सिंह ने बताया कि गुन्नौर तहसील की बबराला,गवा और गुन्नौर तीनों नगर पंचायतों की जांच की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। जिसमे गुन्नौर नगर पंचायत से करना आरम्भ कर दिया है। वर्ष 2023-24 और 2024-25 दो वर्षों में नगर पंचायतों में दर्ज नामांतरण की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि समझौता पत्र,पंच फैसला, बंटवारा, नोटरी प्रमाणित अपंजीकृत विलेखों को विधि-विरुद्ध माना जाएगा। इसे स्टांप चोरी का मामला माना जाएगा।

# हरित सम्भल बनाने को ईओ ने कराया वृक्षारोपण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** हर तरफ हरियाली हो और सुन्दरता व पर्यावरण का संरक्षण को लेकर नगर पालिका परिषद सम्भल ने अभियान छेड़ दिया है। ई ओ के नेतृत्व में चल रहे हरा-भरा सुन्दर शहर कार्यक्रम के तहत प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को दिए गए लक्ष्यानुसार वृक्षारोपण किया गया।

01 जुलाई 2025 से 07 जुलाई 2025 तक वन सप्ताह कार्यक्रम के तहत 09 जुलाई को महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसको सफल बनाने के लिए नगर पालिका परिषद सम्भल ने रणनीति तैयार की है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मणि भूषण तिवारी ने पालिका के प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी को वृक्षारोपण करने का लक्ष्य चिन्हित स्थानों पर दिया है। शुक्रवार को स्वयं अधिशासी अधिकारी कर्मचारियों संग वृक्षारोपण किया। ईओ ने स्कूल, कॉलेज, स्वंयसेवी संगठन, तथा जनप्रतिधिनिधायों से वृक्षा रोपण अभियान मे बढ़चढ़कर प्रतिभाग कर सम्भल को हरित बनाने के लिए सहयोग करने की अपील की।



सम्भल- हरित सम्भल बनाने को वृक्षारोपण करते अधिशासी अधिकारी मणि भूषण तिवारी।



बबराला-एसबीआई के प्रबंधक के स्थानांतरण पर विदाई देते।

# रंजो गम के माहौल में निकला मेहंदी का जुलूस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मेंहदी का जुलूस देर रात परम्परागत तरीके से निकाला गया। निकाला गया। जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के भारी इंतजाम किए गए।

उप नगरी सरायतरीन में हर साल मेंहदी का जुलूस निकालने की परम्परा है। मेंहदी कमेटी तैयारियों में सुबह से ही जुट गई थी। पीला खदाना से बाजार गंज तक सजावट की गई थी। धार्मिक परम्परा के अनुसार शुक्रवार देर रात मेंहदी अपने निर्धारित स्थानों से शुरू हुआ। इसमें मुहल्ला पैठ इतवार, बरखेरियान, नवादा, बागीचा आदि मुहल्लों से मेंहदियां देर रात शुरू हुई। नवादा मुहल्ला होते हुए पीला खदाना मार्ग से पुलिस चौकी पर पहुंची।

## सुरक्षा के किए गए कड़े इंतज़ाम, अधिकारी देर रात तक डटे रहे

यहां से मुख्य जूलुस के रूप में रिक्शा स्टैंड, बाजार गंज, डाकघर रोड होते हुए मंगलपुरा बजरियां, बारादरी आदि परम्परागत रास्तों से होकर लाल मस्जिद तक पहुंचा। जुलूस के दौरान लगे मेले में महिलाओं ने खरीदारी की। जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था पर एसडीएम विकास चन्द्र, सहायक पुलिस अधीक्षक/पुलिस उपाधीक्षक अलोक कुमार, हयात नगर कोतवाली प्रभारी दलबल के साथ मौजूद रहे। जुलूस के दौरान जगह-जगह स्वयं सेवी संस्थाओं के कार्यकर्ताओं और सोगवराने हुसैन ने लंगर व शरबत और पानी की प्याऊ लगाकर वितरण किया। नगर पालिका परिषद की चैयरमेन पति चौ. मुशीर अली खान ने घूमकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जबकि भारतीय सद्भावना मंच गौ प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक पूर्व चैयरमेन हाजी नुसरत इलाही,मेम्बर समी, मेम्बर रिहान, पूर्व सभासद रईस, नाजिर खान, मौ. जिशान आदि व्यवस्था बनाने में जुटे रहे।

# शमां गुल कर दी शबे आशूर यूं शब्बीर ने

## हुसैन के लश्कर में एक और सिपाही का इज़ाफा

## चचा जान सबसे पहले मैं कुर्बान होउंगा

शाह टाइम्स संवाददाता

**सिरसी।** आज की सुबह हुसैन के चेहरे का यकीन बता रहा है कि उनके सोचे-समझे सफर पर उनके सब्र का काफिला बिल्कुल ठीक रफ्तार से चल रहा है। आज हुसैन के लश्कर में एक और सिपाही हबीब इब्ने मज़ाहिर का

नौवीं मोहर्रम

इजाफा हो गया जो कूफे से आए है। उधर सुलह की एक और कोशिश होती है तय पाया जाता है कि एक उमर-ए-साद और उसका बेटा और हुसैन के साथ उनका बेटा होगा। हुसैन ने देखा पीछे अब्बास भी आ रहे है। हुसैन ने कहा मेरे साथ बेटा और उमर-ए-साद के साथ उसका बेटा है तुम क्यूं आए? हज़रत अब्बास ने कहा देखिए पीछे उमर-ए-साद का गुलाम भी है मैने सोचा आपके साथ भी गुलाम होना चाहिए। उमर-ए-साद ने नई शर्ते रखी हुसैन ने साफ इंकार करते हुए फरमाया मैने बचपन में नाना से जो वादा किया था उसे हर हाल और हर कीमत पर निभाऊंगा। इसका मतलब है कि जंग यकीनी है, लेकिन इमाम हुसैन ने एक दिन की मोहलत मांगी ताकि एक रात और इबादत-ए-इलाही में बसर की जा सके। हुसैन ने अपने साथियों को खेमे में इकट्ठा किया, फरमाया साथियों ये यजीद की फौज, तलवारे, खंजर सब मेरे लिए है मैं तुम से अपनी बैअत उठाए लेता हूँ जो जाना चाहे चला जाए आगे कहा अगर रौशनी में जाने में शर्म महसूस करते हो तो मैं शमा गुल करे देता हूँ तारीकी में चले जाना यह कहकर हुसैन ने खेमे की शमा गुल कर दी **'जिसका जी चाहे वह तारीकी में ले राहे निजात-शमा गुल कर दी शबे आशूर यूं शब्बीर ने।'** कुछ देर बाद शमा रौशन की देखा सब अंसार बैठे हुए है। आपने कहा गए नहीं, बचपन के दोस्त हबीब इब्ने मज़ाहिर ने हुसैन के कदम पकड़ लिए जहरा के लाल इस बेकसी के आलम में आपको तन्हा छोड़कर हम कहा जाए आका हम सब आपके कदमों में जान दे देंगे आपको जालिमों के नरगे में तन्हा न छोड़ेंगे। हुसैन अंसारों के हक में दुआएं कर बहन जैनब के खेमे में आए जनाबे जैनब ने कहा भाई आपने अपने अंसारों को आजमा लिया है हुसैन ने कहा कि बहन अल्लाह का शुक्र है कि जैसे अंसार मुझे मिले ऐसे अंसार न नाना को मिले न बाबा अली को और न भाई हसन को मिले।

इमाम इसके बाद अपने खेमे की तरफ वापस हुए जब वापसी में हज़रत अब्बास के खेमे के करीब पहुंचे तो महसूस किया के जैसे कुछ लोग आपस में बातें कर रहे है। हज़रत अपनी जगह पर खामोश खड़े हो गए। यह हज़रात आपस में बातचीत कर ही रहे थे कि बातचीत का रूख शबे आशूर की तरफ हो गया। हज़रत अली अकबर बोले ऐ चचा जान आज सुबह को बाबा जान पर सबसे पहले मैं अपनी कुर्बानी दूंगा। हज़रत अब्बास बोले गुलाम की मौजूदगी में शहजादे को जंग की आंच नही आनी चाहिए पहले में कुर्बान होऊंगा। हज़रत अब्बास व हज़रत अली अकबर की गुफ्तगू सुन रहे हज़रत कासिम ने कहा कल सबसे पहले चचा जान पर मैं कुर्बान होऊंगा इस लिए कि मैं यतीम हूँ और अपने बाप की तरफ से सबसे पहले कुर्बानी देने की तमन्ना रखता हूँ। यह सुनना था कि हज़रत इमाम हुसैन खेमे में दाखिल हो गए और हज़रत कासिम को सीने से लगाकर फरमाया 'बेटा बाप के न होने का रंज न कर मैं तेरा बाप मौजूद हूँ।' तेरी शहादत से मुझे इतना ही रंज होगा जितना मेरे भाई हसन को होता।

# स्थानांतरण पर शाखा प्रबंधक को दी विदाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** भारतीय स्टेट बैंक गुन्नौर के शाखा प्रबंधक कृष्ण कुमार शर्मा के वरिष्ठ प्रबन्धक गोरखपुर स्थानांतरण होने के अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रवि शर्मा ने कहा कि इन्होंने पूर्ण मेहनत और लगन से लगातार अपना कार्य किया।जोकि सराहनीय रहा। इस मौके पर रवि शर्मा ने उन्हें शॉल उढाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे और विदाई दी। शाखा प्रबंधक कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि शाखा में आने वालों को अच्छी सेवा देने की कोशिश की।स्टाफ के साथ भी व्यवहार प्रेमपूर्ण रहा। सभी ने अच्छा साथ दिया।इस मौके पर स्टफ व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री को सम्मान मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जताया हर्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को घाना सरकार ने देश के सर्वोच्च सम्मान ऑफिसर ऑफ द स्टार ऑफ घाना से सम्मानित किये जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया। भाजपा जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय ने अपने आवास पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वैश्विक कूटनीति, द्विपक्षीय सम्बंधों को मजबूत करने और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत की सक्रिय भूमिका के लिए मिला है। पीएम मोदी को यह सम्मान भारत-घाना सम्बंधों को नई ऊंचाईयों पर ले जाने में अहम भूमिका निभाने के लिए दिया गया है। प्रधानमंत्री का यह सम्मान केवल उनका नहीं बल्कि 130 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। यह सभी के लिए गर्व की बात है। इस दौरान जूलियस सीजर, हर्षित वार्ष्णेय, उमेश चन्द्र, राहुल कुमार, अरविंद आदि मौजूद रहे।

# दहकते अंगारों पर अज़ादारों ने किया मातम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** शहर के मौहल्ला नूरियो सराय में मेहंदी के मातमी जुलूस में अजांदारो ने दहकते अंगारों पर नंगें पांव चल कर मातम किया। बीती रात इमाम बारगाह सगीर हसन से इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की सवारी जुलजनाह और अलम बरामद किए गए इससे माहौल गमगीन हो गया हुसैनी चौक में अजांदारो ने पहले दहकते अंगारों पर नंगें पांव चल कर मातम किया इन मातम दारो में छोटे छोटे बच्चे भी शामिल रहे। इस के बाद अजांदारो ने छुरियों से अपनी पीठ और सर पर मातम किया जिससे अजांदार जख्मी हो गए इनके जख्मों से रक्त जारी होने लगा इस मंजर को देख कर रोने पीटने की आवाजे बुलंद हो ने लगी। मातमी जुलूस हुसैनी चौक से अपने तयशुदा रास्तों से हो कर इमाम बारगाह नरमान हुसैन में पहुंचा जहां अजांदारो ने मातम व नोहा ख्वानी की मातमी जुलूस को समाप्त करने से पहले मजलिस की गयी। बाद मजलिस के जियारत पढ़कर मातमी जुलूस समाप्त किया गया इस दौरान महोसिन रजा, नैय्यर अब्बास, शाने अब्बास, अली सादिक, शमाईम रजा, रहबर हुसैन, साजिद, फुरान हुसैन, रजी हैदर, वसीम हुसैन, नसीम हुसैन, अली जहीर, हसन जहीर आदि शामिल रहे। मातमी जुलूस में पहले इमाम बारगाह नम्बरदारान में मजलिस की गयी।

# जिला मुख्यालय की स्थापना सम्भल की परिधि में की जाए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जिला मुख्यालय की स्थापना सम्भल तहसील क्षेत्र में करने की मांग निरंतर तेज होती जा रही है। जिला संघर्ष समिति के पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन ईमेल से भेजकर सम्भल की परिधि में जिला मुख्यालय की स्थापना करने की मांग की।

## मुख्यमंत्री को ई मेल से ज्ञापन भेजकर की मांग

जिला संर्घष समिति चौ रविराज चाहल एडवोकेट द्वारा माननीय मुख्यमंत्रे महोदय को एक ज्ञापन ईमेल द्वारा भेजा गया। ज्ञापन में कहा गया कि सम्भल एक तीर्थ नगरी है। सम्भल को कल्कि भगवान के अवतार के रूप में जाना जाता है। सम्भल नगर में हिंदू अल्पसंख्यक है। जिला मुख्यालय संभल नगर की परिधि में बन जाने से संभल का विकास तीव्र गति से होगा। सम्भल तहसील के दूर दराज के गांव जैसे आलिया नेकपुर, मड़न आदि के ग्रामीणों को काफी सहूलियत मिल सकेंगे। और इन लोगों की काफी लंबे समय से चली आ रही मांग का भी निराकरण हो सकेगा।

# गुमशुदा युवक पाकर खिल उठे परिजनों के चेहरे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**समील।** आपरेशन मुस्कान में गुमशुदा बालक को बरामद कर पुलिस ने परिजनों को सौंपा। बच्चे को पाकर परिजनों में चेहरे खुशी से खिल उठे।

## बिन बताए कहीं गायब हो गया था मंदबुद्धि

हयात नगर थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर धतरा निवासी चन्द्रसैन पुत्र रामप्रसाद का पुत्र गुडडू (21) मंदबुद्धि बिना बताये घर से कहीं चला गया था। काफी तलाश करने के बाद भी युवक का कहीं पता नहीं चला था। पिता ने थाना हयात नगर में उसकी गुमशुदगी दर्ज करायी थी। पुलिस अधीक्षक के के विश्नोई व अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी/सहायक पुलिस अधीक्षक अलोक कुमार भाटी व थाना प्रभारी थाना हयातनगर संजीव कुमार सोम के नेतृत्व में आपरेशन मुस्कान के तहत अविलम्ब एक टीम का गठन किया। टीम ने अथक प्रयास एवं आस पास के लोगों व सोशल मिडिया/सीसी टीवी के माध्यम से बामुश्किल बच्चे को तलाशा। जिसके बाद गुमशुदा मंदबुद्धि बच्चे को उसके परिजनों को नियमानुसार सुपुर्द किया। इस दौरान अपने गुमशुदा बच्चे को पाकर काफी प्रसन्न हुए। टीम में उपनिरीक्षक सुभाष चन्द्र,सचिन कुमार, अजयपाल सिंह आदि का सहयोग रहा।

# पेड़ की डाली टूटने से बाइक सवार घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** पेड़ की डाली टूटकर गिरने से सड़क पर गुजर रहा बाइक सवार घायल हो गया।घायल को एम्बुलेंस से अस्पताल गुन्नौर लाया गया।

शुक्रवार को बबराला अनूपशहर मार्ग पर गांव जमालपुर के पास अचानक बबुल के पेड़ का डाली टूटकर सड़क पर गुजर रहे बाइक सवार रामखिलाड़ी पुत्र शिवराज सिंह निवासी गांव बहलोलपुर थाना गुन्नौर की बाइक पर गिरा।जिससे अनियंत्रित हो गयी।जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल बाइक सवार को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया। डाक्टर ने उसके सिर में चोट आने से मेडिकल कालेज अलीगढ़ रेफर कर दिया।सूचना पर परिजन भी अस्पताल आ गये।



सम्भल- कांग्रेस के संविधान बचाओ सम्मेलन को सम्बोधित करते कोआर्डिनेटर रिजवान कुरैशी।

# हुसैनी लश्कर के अलमदार की शबीहे जुलजुनाह बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**सिरसी।** अशरा-ए-मोहर्रम के आठवें दिन कस्बे भर में कर्बला में हुसैनी फौज के अलमदार हज़रत अब्बास और शबीहे पैगम्बर हज़रत अली अकबर के शबीहे जुलजुनाह व अलमे मुबारक के जुलूस बरामद किए गए।जुलूस-ए-जुलजुनाह शबीहे हज़रत अब्बास में मौलाना ने खिताब करते हुए फरमाया कि इमाम हुसैन ने हज़रत अब्बास को जंग करने से रोका ताकि कोई यह न कह सके कि यह जंग राजशाही के लिए थी। आगे कहा कि तारीखों में मिलता है कि हज़रत अब्बास इतने बहादुर थे कि अकेले ही यजीद की फौज पर भारी थे, लेकिन इमाम हुसैन के हुक्म के आगे मजबूर थे। मौलाना ने आगे फरमाया कि जालिम यजीद ने सात मोहर्रम से नहरे फरात का पानी बंद कर दिया हज़रत अब्बास से बच्चों की प्यास देखी न गई दुनिया का ताकतवर इंसान इमाम हुसैन से इजाजत लेकर बिना तलवार सिर्फ मश्क लेकर दरिया पर गया। 'प्यासे ने खुश्क होंठ न रक्खे फरात पर, तारीख में यह पानी की पहली शिकस्त है।'जालिम फौज ने जब हज़रत अब्बास के दोनों बाजू कलम कर दिए इमाम हुसैन हज़रत अब्बास के करीब पहुंचते है तो देखा कि हज़रत अब्बास तीरों से छलनी मश्के सकीना को सीने से लगाए हुए नहरे फरात के किनारे लेटे हुए है। 'सीने से यू थी मश्के सकीना लगी हुई, रो-रोके जैसे सोयी हो बच्ची थकी हुई।' हज़रत अब्बास की शहादत का बयान सुनकर अजादार फूट-फूटकर रोने लगे।



सम्भल- पुलिस उप महानिरीक्षक मुनीराज पैदल मार्च करते हुए।

# संविधान बचेगा तो देश बचेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के अहान पर संविधान बचाओ सम्मेलन में संविधान बचाने की लड़ाई को सुदृढ़ बनाने को अपने-अपने सुझाव दिए गए।

शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष तौकीर अहमद के कार्यालय पर आयोजित सम्मेलन में मुख्य अतिथि शहर फ्रंटल के कोआर्डिनेटर हाजी रिजवान कुरैशी ने कहा कि संविधान बचेगा तो देश बचेगा, संविधान बचेगा तो हर समाज के अधिकार बचेंगे इसलिए हर समाज के हर वर्ग के प्रत्येक व्यक्ति को इस लड़ाई में जुड़ जाना चाहिए ताकि सभी के अधिकारों की रक्षा संविधान की छाया में की जा सके। सम्मेलन में जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने संविधान का निर्माण करते सभी धर्म समुदाय वर्ग को बराबरी का दर्जा दिया था। हर किसी को अपने-अपने धर्म के अनुसार धार्मिक कार्य करने की स्वतंत्रता प्रदान की, लेकिन भाजपा सरकार बाबा साहेब के संविधान को खत्म कर मन स्मति लाग करना चाहती है। इसलिए सभी को सर्तक रहकर संविधान को बचाना है और इसके लिए लड़ाई लड़ रहे कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ कांधे से कांधा मिलाकर चलना है। उन्होने मुस्लिम और दलित समुदाय से इस बार 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में सोच समझकर ही निर्णय लेने पर ज़ोर देकर संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहे राहुल गांधी का साथ देने का आहवान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर अध्यक्ष शिव किशोर गौतम जी ने और संचालन फाजिल अंसारी ने किया। सम्मेलन में पूर्व शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद, महिला जिलाध्यक्ष कल्पना सिंह जी, संजीव सिंह साहू जी, डीके वाल्मीकि, जेपी सहगल, आरिफ तनवीर, दाऊद पाशा, सुब्हानी, वीर सिंह जाटव, तौसीफ अहमद, आसिफ एडवोकेट, अक्षय ठाकुर, युनुस अंसारी, अंकुर, वीर सिंह सागर,मास्टर जयपाल, विरासत खान, मोहम्मद अखलाक, वासुदेव जी, मोअज्जम, सरफराज, डा. मरगूब अहमद, इफ्तेखार कुरैशी आदि मौजूद रहे।

# बहजोई मार्ग की हुई नापजोख

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बहजोई रोड के चौड़ीकरण को लेकर चल रही कवायद पर अमल करना शुरू हो गया है। राजस्व विभाग और नगर पालिका की टीम ने नापजोख की।

मुरादाबाद से बहजोई तक सड़क का चौड़ीकरण का कार्य प्रस्तावित है। लोक निर्माण विभाग की और से मुरादाबाद मार्ग पर निशान लगाकर अतिक्रमण को हटवा दिया है। अब बहजोई मार्ग पर चौड़ीकरण का कार्य कराने से पूर्व मार्ग की नापजोख का कार्य शुरू हो गया है। शुक्रवार को नगर पालिका परिषद और राजस्व विभाग की टीम ने बहजोई मार्ग स्थित मौहल्ला नाला से चौधरी सराय चौराहे तक नापजोख की। नायब तहसीलदार और लेखपाल ने पहुंचकर सड़क की नापजोख का कार्य किसलिए कराया जा रहा है इसकी कोई जानकारी नहीं दी लेकिन सूत्रों के अनुसार टीम ने सड़क की चौड़ाई मानकनुसार है अथवा उस पर अतिक्रमण किया गया है। इसकी चौड़ाई नापी गयी है। माना जा रहा है कि इस मार्ग पर भी जल्द अतिक्रमण के नाम पर तोड़फोड़ का कार्य शुरू कराया जायेगा।

# छात्राओं ने लिया आम का स्वाद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** एक माह बाद स्कूल में शिक्षा पार्जन करने पहुंची छात्राओं के लिए प्रबंधक ने आम पार्टी का आयोजन किया। सामूहिक आम पार्टी में छात्राओ ने फलों के राज आम का जमकर स्वाद लिया।

## प्रबंधक ने स्कूल में किया मैंगों पार्टी का आयोजन

माह जून के अवाकश के बाद स्कूलों में छात्र-छात्राओं की रौनक बढ़ गयी है। राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज में प्रबंधक साहू दिनेश गुप्ता ने छात्राओं के सम्मान में फलों के राजा आम की पार्टी का आयोजन किया। स्कूल की उप प्रबंधिका कविता गुप्ता और कार्यवाहक प्रधानाचार्य सितारा सिंह समेत स्कूल की अन्य शिक्षिकाओं और छात्राओं ने विभिन्न प्रजाति के आमों का जमकर स्वाद लिया। इस मौके पर डा. प्रशांत वार्ष्णेय, प्रबंधक साहू दिनेश गुप्ता समेत प्रबंध समिति के सदस्य भी मौजूद रहे।

# डीआईजी ने किया पैदल मार्च

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कांवर यात्रा और मोहर्रम पर निकलने वाले ताजिये के जुलूस को लेकर पुलिस उपमहानिरीक्षक ने पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ स्थानिय अधिकारी भी मौजूद रहे।

शुक्रवार को श्रावण मास में कांवण यात्रा व मोहर्रम की तैयारियों के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण सुनिश्चित किये जाने को पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुनिराज ने पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार वपुलिस बल के साथ पैदल गश्त की। गश्त के दौरान प्रमुख मार्गों, ताजिया जुलूस मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण किया तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सभी आमजन से मोहर्रम को शांतिपूर्ण एवं पारंपरिक तरीके से मनाएं जाने, पुलिस/प्रशासन का सहयोग करने, किसी भी आपत्तिजनक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने, किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दिये जाने तथा स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों तथा धर्मगुरुओं से संवाद स्थापित कर आपसी समन्वय एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। जबकि पैदल गश्त का मुख्य उद्देश्य आम जनता में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करना तथा अपराध व अराजक तत्वों पर प्रभावी निगरानी रखना रहा। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) राजेश कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार आदि मौजूद रहे।

## कांवड़ और मोहर्रम जुलूस मार्गों का निरीक्षण

# धर पकड़ अभियान में पुलिस ने वारंटी दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**सम्भल।** अपराध रोकने और अपराधियों की धर पकड़ को अभियन जारी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वाँछितों और वारंटियों की धरपकड़ अभियान में पुलिस ने एक वारंटी को धर दबौच लिया। असमोली थाना क्षेत्र के ग्राम शकरपुर सोत निवासी रवि पुत्र चरन सिंह मारपट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी थे। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। असमोली थाने के उपनिरीक्षक रोहित मलिक ने कां. सनोज कुमार के साथ वारंटी रवि पुत्र चरन सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने जिला चिकित्सालय-जेल का किया निरीक्षण

■ राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती संगीता जैन की अध्यक्षता में सर्किट हाउस के सभागार में आयोजित हुई महिला जनसुनवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती संगीता जैन की अध्यक्षता में सर्किट हाउस के सभागार में महिला जनसुनवाई आयोजित हुई। महिला जनसुनवाई के दौरान विभिन्न प्रकार के उत्पीड़न/ समस्याओं से संबंधित 12 शिकायतें पत्र प्राप्त हुए। उन्होंने प्रत्येक महिला की समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य महिला आयोग द्वारा आयोजित जनसुनवाई का उद्देश्य महिलाओं के साथ हो रहे उत्पीड़न को रोकना तथा उन्हें न्याय दिलाना है। इसके बाद वे थाना मझोला पहुंचीं जहां उन्होंने माह जनवरी 2025 से अब तक महिला उत्पीड़न से जुड़े कुल दर्ज मामलों की संख्या के बारे में पुलिस इंस्पेक्टर से जानकारी ली साथ ही महिलाओं की सुविधा के लिए थाने में मौजूद संसाधनों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। वन स्टाफ सेंटर पहुंचकर राज्य महिला आयोग की सदस्य ने कुल प्राप्त मामले, निस्तारित मामले एवं महिलाओं की काउंसिलिंग को लेकर विभागीय नियमों के अनुपालन के बारे में वन स्टाफ सेंटर की मैनेजर से जानकारी ली। पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडलीय जिला चिकित्सालय पहुंचकर उन्होंने विभिन्न वार्डों का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने वार्डों में पहुंचकर वहां भर्ती मरीजों से डॉक्टरों के आने और दवाइयां उपलब्ध कराने की स्थिति के बारे में पूंछा। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड,



हड्डी वार्ड और बच्चा वार्ड पहुंचकर वहां भर्ती मरीजों से समय पर दवाइयां मिलने और भोजन मिलने के बारे में पूंछा। उन्होंने चिकित्सालय में डॉक्टरों की संख्या और एक्सरे एवं अल्ट्रासाउंड सेवाओं के बारे में भी जानकारी ली। जिला जेल पहुंचकर उन्होंने महिला बंदियों के लिए जेल मानकों के अनुसार संसाधनों की उपलब्धता के साथ ही पाकशाला और चिकित्सालय आदि की व्यवस्थाएं देखीं।

# काम न मिलने पर तनाव में आकर आत्महत्या का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** स्थानीय रेलवे ट्रैक के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक व्यक्ति ने आत्महत्या की कोशिश की लेकिन मौके पर मौजूद जीआरपी कर्मियों ने व्यक्ति को बचा लिया और समझा-बुझाकर शांत किया तथा उसके परिजनों को बुलाकर उनके सुपुर्द किया। उक्त व्यक्ति ने नाम पर अपना विनीत पुत्र रामौतार नि0 ग्राम नगला थाना बनियाठेर बताया। उसने बताया कि वह कई दिनों से काम की तलाश कर रहा था परंतु नहीं मिल पाया जिस कारण पत्नी से विवाद हो गया। इसी के चलते वह रेलवे ट्रेक पर आत्महत्या करने पहुंच गया परंतु जीआरपी कर्मियों ने उसे बचा लिया और सुरक्षित परिजनों को सुपुर्द किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार,



विनीत काम की तलाश में भटक रहा था। रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा न कर पाने के कारण उसके घर में अक्सर तनाव का माहौल रहता था। बताया जा रहा है कि घटना से पहले उसकी पत्नी से कहासुनी हुई थी, जिसके बाद वह घर से निकल गया और आत्मघाती कदम उठाने की को. शिश की।

इस घटना ने एक बार फिर बेरा. जगारी से जुड़े मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे को उजागर कर दिया है। ऐसे में सरकार को न केवल रोजगार के अवसर बढ़ाने चाहिए, बल्कि मान. सिक स्वास्थ्य पर भी गंभीरता से काम करने की आवश्यकता है।

# आईटीआई के सामने नगर पालिका बनवा रही लोहे की दुकानें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगरपालिका ने जहां अतिक्रमण हटाने का कार्य तेजी से किया है, वहीं नगरपालिका अब लोगों को उनके रोजगार के लिए स्थान मुहैया कराने का कार्य कर रही है। पूर्व उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा द्वारा चन्दौसी नगरी से अतिक्रमण हटाकर चांदसी नगरी बनाने का प्रयास किया गया था लेकिन चन्दौसी का दुर्भाग्य यह रहा कि चन्दौसी में पूर्व उपजिलाधिकारी का कार्यकाल अधिक नहीं रहा। उपजिलाधिकारी के निर्देशन में फुब्बारा चौक, नगरपा. लिका कार्यालय के सामने दुकानें तोड़कर नाला निर्माण अथवा स्थायी अतिक्रमण को हटाया गया था। अब



चन्दौसी के राजकीय आईटीआई के सामने नगरपालिका द्वारा लोहे से बनीं दुकानों को तैयार किया जा रहा है। यह दुकानें उन्हीं दुकानदारों को मिलेंगी जिनकी दुकानें तोड़ी गई हैं अथवा बेरोजगारों को मुहैया करायी जायेंगी। नगरपालिका द्वारा सड़क के किनारे पटरी के ऊपर आईटीसी दीवार के सहारे इन दुकानों को लगाया जा रहा है।

# कन्थरी मार्ग पर ठेकेदार ने कृषि भूमि से मिट्टी उठाकर किया गड्ढा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** कंथरी चन्दौसी मार्ग का चौड़ीकरण किया जाना है जिससे यातायात सुचारु रुप से चले। सड़क के चौड़ीकरण का टेंडर पास हो चुका है।

टेंडर के अनुरुप सड़क के दोनों ओर मिट्टी डालकर सड़क का चौड़ीकरण किया जायेगा। चन्दौसी भारत गैस एजेन्सी के स्वामी वसीम अख्तर का कहना है कि कंथरी चन्दौसी मार्ग पर उनकी लगभग 04 बीघा जमीन है जिसे पर कृषि कार्य किया जाता है। कुछ दिनों पहले जमीन की जुताई कराकर उड़द की फसल की बुबाई कराई थी परंतु ठेकेदार ने जेसीबी की सहायता से



खेत की 4-5 फीट मिट्टी उठाकर सड़क पर डाल दी जिससे सड़क किनारे खेत में काफी गहरा गड्ढा हो गया है। अब जैसे ही बरसात होगी, उपजाऊ मिट्टी गड्ढे में पहुंचेगी जिससे फसल बेकार हो जायेगी। वसीम अख्तर ने कहा कि इस संबंध में शिकायत उपजिलाधिकारी से की गई है कि सड़क बनाने के लिए मिट्टी डंपरों से मंगाई जाए।

## एक नजर

### अमेजन इंडिया ने प्राइम डे 2025 डील्स का किया ऐलान

**मुरादाबाद।** अमेजन इंडिया ने आज बहुप्रतीक्षित प्राइम डे 2025 डील्स का ऐलान किया है, जो विशेष रूप से प्राइम मेंबर्स के लिए हैं। 12 जुलाई की आधी रात 12:00 बजे से लेकर 14 जुलाई की रात 11:59 बजे तक, ग्राहक 72 घंटों की नॉन-स्टॉप शॉपिंग, बेहतरीन डील्स और ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट का आनंद ले सकेंगे। चाहे आप अपना टेक अपग्रेड करना चाहते हों, वार्डरोब या घर को रिफ्रेश करना चाहते हों तो प्राइम डे आपके लिए शानदार बचत के साथ स्मार्टफोन्स, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, टीवी, अप्लायंसेज, अमेजन डिवाइसेज, फैशन और ब्यूटी, होम और किचन, फर्नीचर, डेली एसेंशियल्स और बहुत कुछ लेकर आ रहा है।

यह शॉपिंग का एकदम सही समय है, इसलिए अपनी प्राइम मेंबरशिप का अधिकतम लाभ उठाएं और खासतौर पर प्राइम मेंबर्स के लिए तैयार किए गए ऑफर्स का आनंद लें। ग्राहक आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड, एसबीआई क्रेडिट कार्ड और आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड व एसबीआई क्रेडिट कार्ड पर ईएमआई ट्रांजैक्शन के माध्यम से भुगतान कर 10% तक की बड़ी बचत कर सकते हैं।

### शक्तिनगर में हॉटमिक्स सड़क बनकर तैयार

**चन्दौसी।** पूर्व उपजिलाधिकारी विनय मिश्र के कार्यशैली का असर अब साफ दिखाई दे रहा है। हालांकि प्रारंभिक दौर में लोगों को लगा उनके साथ अन्याय हो रहा है और काफी विरोध भी हुआ।

उपजिलाधिकारी का स्थानांतर महाकुंभ मेला में हो जाने से अतिक्रमण हटाओ अभियान की गति थम सी गई परंतु पुनः उनके आने के बाद अतिक्रमण हटाना शुरु हुआ। उपजिलाधिकारी ने शक्तिनगर से अतिक्रमण हटाकर उसे नया रुप प्रदान किया है। अब शक्तिनगर की चौड़ी सड़क लोगों को लुभा रही है। शक्तिनगर के वाशिंदों ने कभी नहीं सोचा होगा कि शक्तिनगर की सड़क इतनी चौड़ी होंगी। फिलहाल शक्तिनगर में हॉटमिक्स सड़क बनकर तैयार है और लोगों को जाम से निजात मिलेगी।

### रामनगर कैथल से प्रेमी युगल फरार, पूर्व में भी गायब हो चुके हैं दोंनों

**चन्दौसी।** वर्तमान समय में प्रेम के चलते किशोर-किशोरियों या युवक-युवतियों का घर से भाग जाना एक आम सामाजिक चिंता का विषय बनता जा रहा है। अक्सर ऐसे प्रेमी युगल भागकर विवाह कर तो लेते हैं, लेकिन सामाजिक अस्वीकार्यता, आर्थिक संकट और असुरक्षित माहौल के कारण उनका जीवन संघर्षों से भर जाता है। कई बार नाबालिग लड़कियों के अपहरण या तस्करी जैसे अपराधों में भी ऐसी घटनाएं शामिल पाई जाती हैं। अतः यह एक संवेदनशील सामाजिक व कानूनी मुद्दा भी है।

कोतवाली चन्दौसी के क्षेत्र गांव कैथल रामनगर से एक प्रेमी युगल के घर से अचानक लापता हो जाने का मामला सामने आया है। दोनों के फरार होने से उनके परिजनों में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कैथल रामनगर का रहने वाला युवक अंकित कश्यप पुत्र भूरे अपने गांव की ही एक युवती के साथ फरार हो गया है। दोनों के बीच काफी समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों एक ही मोहल्ले में रहते थे। फिलहाल परिजनों द्वारा गुमशुदगी दर्ज कराई गई है और पुलिस दोनों की तलाश में जुटी है।

### वृक्षारोपण व पर्यावरण संरक्षण की ली शपथ

**चन्दौसी।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र स्थित मायादेवी सीताराम डिग्री कॉलेज में छात्राओं ने वृक्षारोपण और पौधों के संरक्षण हेतु सामूहिक रूप से शपथ ली। इसके पश्चात छात्राओं को पर्यावरण की महत्ता, वनों की भूमिका, जलवायु परिवर्तन के खतरों और वृक्षों के संरक्षण की आवश्यकता के विषय में जानकारी दी गई। इस अवसर पर छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे न केवल खुद पेड़ लगाएँगी, बल्कि अपने आस-पास के लोगों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक करेंगी और रोपे गए पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगी।

# टीएमयू में एकेडमिक सिस्टम्स एंड प्रोसेसेज मॉडयूल पर एफडीपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के सेंटर फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड डवलपमेंट- सीटीएलडी की ओर से एकेडमिक सिस्टम्स एंड प्रोसेसेज मॉडयूल पर हुई फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम- एफडीपी में रोल एंड रेस्पॉसिबिलिटीज फॉर टीचर्स, बीआईसी और आईआईसी इन्नोवेशन और संस्थागत नवाचार प्रकोष्ठ की उपयोगिता, प्रोफेसनल एंड इफेक्टिव कम्युनिकेशन इन एकेडमिया, प्रोजेक्ट्स/इंटर्नशिप/ प्रैक्टिकल्स सुपरविजन सरीखे विषयों पर मंथन हुआ। इनके अलावा 10 दिनी इस एफडीपी में एनईपी-2020 और क्रेडिट बेस्ड सिस्टम- सीबीसीएस, रैंकिंग एंड एक्रिकेडिटेशन सिस्टम्स इन इंडिया एंड नैक क्राइटेरिया- एआईआई-7 प्रणाली, क्रिटिकल थिंकिंग एंड डिसीजन-मेकिंग इन एकेडमिया, रिसर्च इंसेंटिव्स/ सीड मनी, डिजिटल माध्यमों द्वारा संस्थान की ब्रांडिंग, लर्निंग रिसोर्सेज एंड देयर यूज आदि टॉपिक्स भी व्याख्यान हुए। टीएमयू के कुलपति प्रो. वीके जैन ने रोल एंड रेस्पॉसिबिलिटीज फॉर टीचर्स पर बोलते हुए कहा, शिक्षकों में नैतिक, आचारिक और मार्गदर्शी उत्तरदायित्व जरूरी हैं।

साथ ही प्रो. जैन बोले, शिक्षकों को स्वयं को सुविधादाता, आदर्श और आजीवन शिक्षार्थी के रूप में देखना चाहिए। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने शिक्षकों को संस्थागत नवाचार इकोसिस्टम का परिचय देते हुए, अकादमिक क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सीड फंडिंग, युक्ति और स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन सरीखी राष्ट्रीय नवाचार योजनाओं पर चर्चा की। सीटीएलडी के निदेशक, प्रो. पंकज कुमार सिंह ने रचनात्मक संवाद के लिए आई फील- वेन- बिकॉज- आई नीड फ्रेमवर्क से भी अवगत कराया। एफडीपी में एफओई के डीन प्रो. आरके द्विवेदी ने प्री-लैब, इन-लैब और पोस्ट-लैब चरणों की चर्चा करते हुए निरंतर मूल्यांकन के महत्व को भी रेखांकित किया।

एसोसिएट डीन, एकेडमिक्स प्रो. अमित कंसल ने एनईपी- 2020 में दिए गए सुधारों- लचीलेपन और बहु-विषयक दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित किया। आईक्यूएसी के निदेशक, प्रो. निशीथ कुमार मिश्रा ने नैक मान्यता प्रक्रिया, एनआईआरएफ और क्यूएस रैंकिंग एवं सतत गुणवत्ता सुधार पर विस्तार से चर्चा की। रिसर्च इंसेंटिव्स/ सीड मनी के एसोसिएट डीन प्रो. पीयूष मित्तल ने टीएमयू में शोध इकोसिस्टम, उपलब्ध प्रोत्साहन, परामर्श अवसर, आईपीआर सहायता, पीएचडी फेलोशिप और फंडिंग योजनाओं पर जानकारी दी। डिजिटल मार्केटिंग के हेड श्री नितेश जायसवाल ने इंस्टाग्राम, लिंक्डइन, यूट्यूब आदि की संस्थान की ब्रांडिंग में योगदान पर गहनता से चर्चा की।

विश्वविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्षा डॉ. विनीता जैन ने टीएमयू के डिजिटल लर्निंग इंफ्रास्ट्रक्चर का परिचय कराते हुए एनडीएलआई, शोधगंगा, ई-शोधसिंधु, ई-बुक्स, जर्नल्स और डेटाबेस के उपयोग के लिए मार्गदर्शन दिया। संचालन श्री चंद्र भूषण कुमार सिन्हा ने किया।




# टिमिट के होनहार छात्र को शानदार जॉब ऑफर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के टी.एम.यू. से सम्बन्ध टिमिट कॉलेज ने प्लेसमेंट में सफलता के नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं व इसे मैनेजमेंट शिक्षा का मंडल का नं0 1 कालेज बनाया है। टिमिट में पढने वाले विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य को संवारने के लिए संस्थान लगातार नाम. चीनी कंपनियों की प्लेसमेंट ड्राइव व प्लेसमेंट फेयर आयोजित कर रहा है। बहुप्रतिष्ठित कम्पनी "इंडियामार्ट इंटरमेश लिमिटेड" ने वर्तमान सत्र में टिमिट एमबीए के छात्र रणबहादुर सिंह को चयन किया व ऑफर लेटर प्रदान किया। चयनित विद्यार्थी ने एग्जीक्यूटिव-क्लाइंट सर्विसिंग के पद पर जॉब ज्वाइन किया है। इस अवसर पर प्रो. विपिन जैन डीन-फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि वैश्विक स्तर की कंपनियों में कार्य करते हुये उंचाइयों को प्राप्त करना ही समस्त प्रबंधन संकाय के तत्वावधान में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य होता है और टिमिट के विद्यार्थियों ने अपनी लगन और मेहनत के बल पर अपना एक अलग ही मुकाम बनाया है जिसका परिणाम है कि टिमिट के विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट की कोई कमी नही है। इस अवसर पर टीएमयू कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के असि0 डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर और जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि टिमिट के छात्रों को भारत व विदेश की सुप्रसिद्ध कंपनियों तक पहुंचाना व उनका सुनहरा भविष्य सुनिश्चित करना ही टिमिट प्लेसमेंट सैल का मूल उद्देश्य है टिमिट के विद्यार्थियों को इंडस्ट्री के बेहतरीन पैकेज पर अन्तंराष्ट्रिय कम्पनियों में काम करने का मौका मिल रहा है। इससे छात्रों में अत्यधिक उत्साह है।

## लॉकर तोड़कर नकदी-गहने चुराए

**नोएडा।** सेक्टर-31 स्थित मकान की पहली मंजिल पर बने कमरे से बदमाश 80 हजार रुपये की नगदी और गहने चोरी कर फरार हो गए। अलमारी का लॉक तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत सेक्टर-20 थाने की पुलिस से की है। शिकायत में सी ब्लॉक निवासी श्वेताभ कौशिक ने बताया कि 24 जून की रात में उनके मकान की पहली मंजिल के कमरे में चोरी हो गई। सुबह जब शिकायतकर्ता उठा तो अंदर का सामान बिखरा हुआ था। तलाशी के दौरान पता चला कि आलमारी में रखी नगदी और गहने गायब हैं। मकान के पीछे ग्रिल काटकर चोर अंदर घुसे थे।

# सम्भल गेट में नाले पर अतिक्रमण

## एसडीएम ने दिए अतिक्रमण हटाने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगरपालिका के नाले पर लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया गया है। एसडीएम चन्दौसी आशुतोष तिवारी व तहसीलदार रवि सोनकर तथा अधिशासी अधिकारी धर्मराज नगरपालिका कर्मियों के साथ संभल गेट पर औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे जहां नाले के ऊपर पूरी इमारत बनी देखी तो वह चकित रह गये। उपजिलाधिकारी द्वारा तत्काल अतिक्रमण हटाने के लिए आदेश दिये गये।

उपजिलाधिकारी ने कहा कि नाले पर अतिक्रमण करना अवैध है, साथ ही शहर की जल निकासी व्यवस्था को बाधित करता है। उपजिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित अतिक्रमण



कारियों को नोटिस दिया जाये। यहां बताते चलें कि पूर्व एसडीएम विनय मिश्रा के जाने के अतिक्रमण हटाओ अभियान ठंडा पड़ गया था।लेकिन जनता नये एसडीएम से अतिक्रमण हटवाने की आस में है।

ताकि जलभराव जाम की समस्या से बचा जा सके।


### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मैं अपने पति विनोद कुमार उर्फ केटी पुत्र स्व. गुरूचरन निवासी ऋषिनगर, सहस्त्रधारा रोड थाना रायपुर जिला देहरादून (उत्तराखण्ड) को गलत आचरण व व्यवहार करने के कारण अपने पारिवारिक संबंध विच्छेद करती हूं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा उसके परिवार से कोई लेना-देना नहीं है। उक्त मामला जिला न्यायालय मुरादाबाद में विचाराधीन है। श्रीमती सपना सेलवान पत्नी श्री विनोद कुमार उर्फ केटी पुत्री श्री जगदीश सरन निवासनी बंगला गांव बिजली घर के सामने, थाना नागफनी, तहसील व जिला मुरादाबाद।

### बेदखली सूचना

मैंने अपने पुत्र मुशर्रफ अलीम व पुत्रवधू श्रीमती शाहीन को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **मुस्तकीम अहमद पुत्र जुम्मा निवासी हाउस नं.-256 मौहल्ला धर्मपुर पोस्ट पीपलसाना, कस्बा व थाना भोजपुर, जिला मुरादाबाद।**


### एसडीएम के स्थानांतरण के बाद अतिक्रमण हटाओ अभियान की गति पर लगी रोक

**चन्दौसी।** पूर्व उपजिलाधिकारी विनय मिश्र द्वारा जिस ऊर्जा के साथ अतिक्रमण हटाने का कार्य किया था, वह काफी सराहनीय है।

वह राजस्व विभाग की बारीकियों को अच्छे समझते थे, यही कारण था कि एसडीएम के सामने तर्क करने वाले का ग्राफ नीचे चला जाता था। उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा द्वारा एक ही दिन में कई स्थानों से अतिक्रमण हटाया गया।

परंतु अब उनके स्थानांतरण के बाद अतिक्रमण हटाओ अभियान थम सा गया है। हालांकि चन्दौसी के नए एसडीएम आशुतोष तिवारी से लोगों को उम्मीद हैं कि वह नई ऊर्जा के साथ अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रखेंगे।

# हाय अब्बास हाय अब्बास की सदाएं गूंजी

■ देर रात बड़ी मेहंदी का जुलूस निकला, आठ मोहर्रम को हजरत अब्बास की शहादत का गम मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** आठ मोहर्रम को हजरत अब्बास की शहादत के गम में अलम मुबारक, शबीहे ताबूत जुलाजिन्हा का हाय अब्बास की सदाओ के साथ निकला । जुलूस में छोटे छोटे बच्चे हाथों ने कुजे लिए हुए हाय अब्बास हाय प्यास की सदाए बुलंद कर रहे थे जिससे महौल गमगीन हो गया। नगर में शिया समुदाय के इमामबाडो और आजाखानो में शुक्रवार की सुबह से ही मजलिसों का सिलसिला शुरू हो गया था तथा महबूब हुसैन रिजवी



के आजाखाने पर मजलिस में कमर अब्बास काजमी ने मर्सिया पढ़ा और मजलिस को काशिफ अब्बास काजमी ने खिताब करते हुए कहां की नवासे रसूल हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों ने इस्लाम और इंसानियत को बचाने के लिए कुर्बानी पेश की तथा उन्होंने हजरत अब्बास अलमदार की शहादत को बयां किया तो आजादारों की आंखें नम हो गई नम आंखों के बीच है हाय अब्बास हाय अब्बास की सदाओ के साथ हजरत अब्बास अलमदार का शबीहे आलम मुबा. रक शबीहे ताबूत व जुलाजिन्हा(घोड़ा ) का जुलूस बरामद हुआ तो जुलूस में शामिल छोटे-छोटे बच्चे अल्लाह तश हाय प्यास हाय अब्बास की सदाए बुलंद करने लगे तो माहौल गमगीन हो गया।

जुलूस के दौरान अंजुमन अकबरी, अंजुमन शाने हैदरी, अंजुमन अल मूर्तजा, कमर अब्बास काजमी ने नौहा ख्वानी की तथा जुलूस अपनी राहो से होता हुआ हसन मेहंदी रिजवी के आजाखाने में पहुंच कर समाप्त हुआ। उधर देर रात नगर के मुहल्ला सादात स्थित अहले सुन्नत के पंचायती इमामबाड़े से बड़ी मेंहदी का जुलूस बरामद हुआ जुलूस में ताजिए ढोल शामिल रहे जुलूस के दौरान अहले सुन्नत युवा हुसैन जिंदाबाद हुसैन जिंदाबाद के नारे व शहादत नामे पढ़ते चल रहे थे जुलूस पूरी रात गश्त करता हुआ सदर इमामबाड़े पर पहुंच कर शनिवार की भोर में पंचायती इमामबाड़े पर पहुंच कर समाप्त हुआ।

आजादरी कमेटी के अध्यक्ष मेंहदी नकवी ने बताया की नौ मोहर्रम का शिया व सुन्नी समुदाय का जुलूस शनिवार की दोपहर से निकलेगा तथा दस मोहर्रम का मुख्य मातमी जुलूस 6 को निकलेगा।


### खोया-पाया सूचना

मैने व मेरे परिवार ने अपने पुत्र मुख्तार हुसैन को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मुख्तार हुसैन के द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **श्रीमती शब्बीरन पत्नी मरहूम अब्दुल गफ्फार निवासी नई बस्ती कोटला बाडा शाह सफा, निकट प्रेस महानगर की आवाज थाना कोतवाली सदर, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

### बेदखली सूचना

हमने अपने पुत्र अजय सिंह व पुत्रवधू श्रीमती शिवानी को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। बृजपाल सिंह उर्फ महीपाल सिंह पुत्र अमर पाल सिंह व श्रीमती अरूणा देवी पत्नी बृजपाल सिंह निवासीगण मकान संख्या 186, नया गांव शिव शक्ति नगर, लाकड़ी फाजलपुर, तहसील व जिला मुरादाबाद।

# जनता दरबार के माध्यम से जनता के बीच रहना ही सपाईयों का संकल्प: कमाल अख्तर

**शाह टाइम्स, ब्यूरो**

**कांठ।** क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर ने जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना और उन्हें उनकी समस्याओं का निस्तारण कराने का भरोसा दिलाया उन्होंने कहा कि जनता दरबार लगाकर जनता के करीब रहना ही समाजवादी के पदाधिकारियो का संकल्प है जिसे वह बखूबी निभा रहे हैं। इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने विभिन्न विभागों से सम्बंधित अपनी-अपनी शिकायतों को दर्ज कराया। जिसे उन्होंने जल्द ही निस्तारण कराने का विश्वास दिलाया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को भी क्षेत्र के लोगों की शिकायतों का समय से निस्तारण कराने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जिस तरह से आम आदमी की अंदेखी कर रही है लोगों की शिकायतों का निस्तारण समय से ना करके उन्हें परेशान किया जा रहा है। यह बड़े दुख की बात है लेकिन समाजवादी पदाधिकारी लोगों के समस्याओं के निदान के लिए रात दिन तैयार हैं और रहेंगे। इस मौके पर विक्रम सिंह यादव, फुरकान अली, अरशद खघन, असलम चौधरी, दानिश चौधरी, डॉ दानिश, अंजार चौधरी, भूरा खघन, मुजीब चौधरी, अतिकुर्रहमान, मेम्बर, अमजद अली आदि मौजूद रहे।



# एसपी देहात ने मोहर्रम के उपलक्ष में इब्राहिमपुर मिर्जा में किया फ्लेग मार्च

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर मिर्जा में मोहर्रम पर्व को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया। शुक्रवार को शाम के समय एसपी देहात कुंवर आकाश और एसडीएम विनय कुमार सिंह ने भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मोहर्रम पर्व की सुरक्षा की दृष्टि से फ्लैग मार्च किया और गांव वासियों को सुरक्षा का अहसास कराया, इसके साथ ही उन्होंने गांव वासियों को जागरुक करते हुए कहा कि अगर कोई भी अराजक तत्व किसी भी हिंसा को बढ़ावा दे तो हमें अवगत करायें, उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहां।



# श्रम विभाग से की मजदूरी के बकाया रुपये दिलाने की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** श्रम उपायुक्त श्रम विभाग कार्यालय मुरादाबाद को मजदूरी के बकाया रुपये दिलाने हेतु शिकायत पत्र दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार कुमरपाल पुत्र गंगाराम,पूजा पत्नी निवासी ग्राम पालनपुर तहसील बिलारी ने शिकायती पत्र में लिखा कि विगत तीन वर्ष पूर्व ठेकेदार राधेश्याम निवासी ग्राम मुड़िया राजा तहसील बिलारी ने मेरी पत्नी और मेरे पिता को वसीम भट्टा सूरन नगला तहसील धामपुर में ईंट थापने के कार्य के लिए ले गया था।

हमारी मजदूरी की दर 400 रुपये प्रतिदिन प्रति व्यक्ति निर्धारित थी कार्य के दौरान ठेकेदार राधेश्याम ने बीच-बीच में कुछ खर्चे के रुपये दिये। जून में भट्टा बंद होने पर हिसाब करने पर मेरे,मेरी पत्नी और मेरे पिता के कुल बकाया मजदूरी 25,000 रुपये निकली। ठेकेदार ने घर आने पर 5,000 रुपये किराये के रूप में दे दिए और शेष 20,000 रुपये पांच दिन बाद देने का वादा किया।कई बार मांगने के बावजूद ठेकेदार राधेश्याम ने शेष 20,000 रुपये का भुगतान नहीं किया। शुरू में वह भुगतान का वादा करता रहा लेकिन अब वह कहता है कि तुझसे रुपये लिए जाएं तो ले लियो। इसके अतिरिक्त उसने मेरी पत्नी को कई बार धक्का दिया और धमकी दी कि मेरे पास रुपये मांगने आएं तो जान से मार दूंगा।मैं एक गरीब मजदूर हूँ और मेरा परिवार मजदूरी से ही चलता है। मेरी मेहनत की कमाई के 20,000 रुपये बकाया हैं जो मेरे परिवार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। आपसे विनती है कि ठेकेदार राधेश्याम से मेरी बकाया मजदूरी दिलाने की कृपा करें। साथ ही ठेकेदार द्वारा दी गई धमकियों और मेरी पत्नी के साथ दुर्व्यवहार के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की कृपा करें।

श्रम विभाग के लेबर इंस्पेक्टर को मजदूरी के बकाया रुपये दिलाने हेतु शिकायती पत्र देने के दौरान कुम. रपाल, पूजा के साथ ह्यूमन राइट डिफेंडर प्रेम कुमार भी मौजूद रहे।

# वित्तविन विद्यालयों में नहीं है ऑनलाइन उपस्थिति की आवश्यकता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिलारी।** कुंदरकी स्थित ज्वालीराम इंटर कॉलेज में आज वित्त. विहीन विद्यालयों के प्रधानाचार्य की एक बैठक हुई। जिसमें सरकार द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति का आदेश का पुरजोर विरोध किया गया साथ ही सरकार से मांग की की वित्तविन स्कूलों को सहूलियत प्रदान की जाए जिससे बिना टेंशन के विद्यालयों को संचालित किया जा सके। वित्तविहीन विद्यालय सरकार के महत्वपूर्ण कार्य देश को साक्षर और शिक्षित बनाने का कार्य कर रहे हैं। तहसील बिलारी के दर्जनों स्कूल के प्रधानाचार्य ने बैठक में भाग लेकर सरकार के आदेश का का विरोध किया। शुक्रवार को आयोजित बैठक में प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने कहा कि ऑनलाइन उपस्थिति से देहात क्षेत्र के विद्यालयों पर काफी दिक्कतें आएगी क्योंकि छात्र पढ़ाई के साथ-साथ कृषि कार्य मैं भी अपने अभिभावकों का सहयोग करते हैं। जिससे वह समय पर स्कूल नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसे में ऑनलाइन उपस्थिति कैसे लग पाएगी तथा शिक्षण कार्य भी प्रभावित होगा।

प्रधानाचार्य गणपत सिंह ने कहा कि अनेक तकनीकी समस्याएं सामने आ रही है तथा पठन-पाठन की व्यवस्था को सुचारू रखने में भी काफी दिक्कत आएंगी। ऐसे में सरकार को देहात क्षेत्र के छात्रों का हित देखते हुए इस आदेश को तत्काल वापस लेना चाहिए। नियमों को सरल से सरल बनाकर वित्तविन विद्यालयों के संचालन में सरकार को मदद करनी चाहिए। प्रांजल अग्रवाल ने कहा कि सरकार के ऐसे कडे नियमों से वित्तविन विद्यालय परेशान होते हैं और उनका शिक्षण कार्य भी प्रभावित होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व इंटरनेट सेवाएं पर्याप्त नहीं है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में इस कानून को लागू करने में काफी परेशानियां आयेंगी। सरकार को वित्त विभिन्न विद्यालयों पर विश्वास करते हुए अध्यापक उपस्थिति पंजिका तथा छात्र उपस्थित पंजिका की उपस्थिति पर ही भरोसा करना चाहिए। बैठक में मुख्य रूप से संघ के तहसील अध्यक्ष अमर सिंह सैनी, गणपत सिंह, मोहम्मद उमर, नवनीत अग्रवाल, विजेंद्र सिंह चौहान, विजयपाल सिंह राघव ,नवाब हुसैन, बृजेश राघव, अनवर हुसैन, मोहम्मद जीशान पासा, प्राजंल अग्रवाल, मोहसिन पासा, मोहम्मद जुबेर, जितेंद्र कुमार सिंह, मोहम्मद हारुन, विनीत बंसल, सोमेश शर्मा, नीरज सक्सेना ,अनिल कुमार, प्रतिपाल सिंह, नितिन कुमार आदि सहित आनेको प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### धूमधाम से निकाला गया अलम का जुलूस, या हुसैन की गूंजी सदाएं

**बिलारी।** नगर में मोहर्रम की 7 तारीख की शाम को अलम का जुलूस धूमधाम से निकाला गया, इस दौरान या हुसैन की सदायें बुलंद की गई। बीते दिन देर रात मोहल्ला अंसारियान फुलवार वाली मस्जिद के पास से रशीद अहमद उर्फ पन्ना के अलम का जूलूस हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी परंपरागत तरीके से तय शुदा मार्गों से ही निकाला गया, जिसकी शुरुआत मोहल्ला अंसा. रियान, फुलवार वाली मस्जिद के पास से फौजी चौक, रजा चौक, गल्ला स्टोर, बर्फ वाला चौराहा, गुड़ मंडी, मोनी भटनागर के सामने से होते हुए सर्राफ मार्केट, नेहरू चौक, रैली चौक, झंडा चौक, शकील हलवाई के पास से डॉक्टर मदन बंसल के आगे होते हुए सिंगाड़ियों वाले रास्ते से मोहल्ला अब्दुल्ला पहुंचकर समापन किया। इस दौरान मुख्य रूप से अलम कमेटी के रशीद पन्ना, मोहम्मद रईस, शमशाद हुसैन, मोहम्मद उस्मान गनी आदि लोग मौजूद रहे।

### बाइक हटाने को लेकर हुई मारपीट का आरोपी रानू गिरफ्तार



**कांठ।** कासमपुर निवासी अक्षय कुमार पुत्र विरेन्द्र कुमार 29 जून को रात्री 08.00 बजे नया गांव कासमपुर में दवाई लेनें गया था उसने मोटर साईकिल गली में मैडिकल स्टोर के पास किनारे पर खडी की थी तभी रानु पुत्र नन्हे निवासी नया गाव अकबरपुर चौदरी आया और बाइक हटाने को कहा और रानु ने गाली गलौच करनी शुरू कर दी। और अपने साथीयो को बुलाकर जान से मारनें की नियत से अक्षय का गला दबा दिया जिससे उसका दम घुटने लगा और उसे नीचे गिरा कर तीनो मारपीट करने लगे शोर शराबे से आसपास के लोग आ गये लोगो को आता देख आईदा मिलनें पर जान से मारने की धमकी देकर चले गये। मारपीट के दौरान गले मे पहनी सोने की चेन भी गिर गई। पुलिस ने आरोपी रानू को गिरफ्तार कर चालान किया है।

### पूर्व महासचिव सुगम पवार को तहसील बार ने किया सम्मानित



**कांठ।** निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने और पूर्व महासचिव सुगम पवार द्वारा बार हित में किए गए कार्यों को देखते हुए आज नवगठित कार्यकारिणी ने शील्ड देकर सम्मानित किया। तहसीलबार के अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बताया कि एल्डर कमेटी द्वारा निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न कराए गए इसके अलावा पूर्व महासचिव रहे सुगम पवार ने अपने कार्यकाल में बार हित के लिए ऐतिहासिक कार्य किया। जिनको प्रोत्साहित करते हुए आज कार्यकारिणी ने शील्ड देकर सम्मानित किया। बार अध्यक्ष का कहना था कि अच्छे कार्य करने वालों को सम्मानित करने से उनका हौसला बढ़ता है और दूसरे लोगों में भी इस सम्मान से कुछ और बेहतर करने की भावना पैदा होती है। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष बाबू प्रेम सिंह गुप्ता जी, दीपक बिश्नोई डॉक्टर विनीत नैन विजयवीर सिंह शहजाद रफी सीपी सिंह आदि मौजूद रहे।

### जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में रोस्टर बनाकर चलेगा सफाई अभियान, शिकायत नंबर जारी

**कांठ।** सीडीओ ने जिले की सभी ग्राम पंचायतों में सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। चेताया कि इस दौरान कर्मचारी बीमारियों से बचाव के लिए झाड़ियों की कटाई के साथ एंटी लार्वा का छिड़काव करेंगे।सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी ने जिले की सभी ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान और सचिवों के माध्यम से विशेष साफ सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया है। उन्होंने ग्राम पंचायतों में सफाईकर्मी एवं अतिरिक्त श्रमिक लगाकर नालियों की सफाई, जलभराव वाले स्थानों की सफाई, झाड़ियों की कटाई व एंटी लार्वा का छिड़काव कराने के निर्देश दिए। बताया कि इसके लिए रोस्टर के अनुसार सफाई कार्य की जिला स्तर पर बनाए गए कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग की जाएगी। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है। कंट्रोल रूम में दो कर्मचारी तैनात किए गए हैं। आमजन सफाई से जुड़ी शिकायत के लिए सुबह 10 से शाम पांच बजे तक कर्मचारी अमर सिंह के मोबाइल नंबर 9927618104 व कर्मचारी सुनील कुमार के नंबर 9897717944 पर संपर्क कर सकते हैं।

### उर्वरक कंट्रोल रूम की स्थापना से रखी जाएगी उर्वरक की उपलब्धता पर नजर

**कांठ।** किसानों को समय से और निर्धारित दरों पर उर्वरकों की उप**लब्धता** सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग ने उर्वरक कंट्रोल रूम की स्थापना कर दी है। यह कंट्रोल रूम जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में संचालित किया जा रहा है।जिला कृषि अधिकारी डा. राजेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि किसानों को उर्वरकों से जुड़ी किसी भी समस्या के समाधान के लिए तुरंत संपर्क करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारियों की ड्यूटी प्रात: 10 बजे से शाम पांच बजे तक निर्धारित की गई है। कंट्रोल रूम में एक शिकायत पंजिका भी रखी गई है, जिसमें प्रतिदिन की समस्याएं दर्ज की जाएंगी और उनके निस्तारण की कार्रवाई को तिथिवार अंकित किया जाएगा। निर्देशों का कठोरता से पालन सुनिश्चित करेंगे। जनपद के कृषकों से अपील की गई है कि उर्वरकों से जुड़ी किसी भी शिकायत, कालाबाजारी, उपलब्धता में कमी या अनियमितता की स्थिति में वे सीधे कंट्रोल रूम से संपर्क करें, ताकि त्वरित कार्रवाई संभव हो सके।

# 5-5 अधिकारियों के हवाले रहेगा मोहर्रम पर तहसील कांठ क्षेत्र

**कांठ।** मोहर्रम शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए एसडीएम ने तहसील क्षेत्र में पांच अधिकारियों को तैनात किया है कांठ क्षेत्र के लिए तहसीलदार कांठ नायब तहसीलदार कांठ और खंड शिक्षा अधिकारी कांठ को जिम्मेदारी दी गई है। और कहा गया है कि अपने अपने क्षेत्र में रहकर लगातार भ्रमण सील रहेंगे और किसी भी प्रकार के अवरोध को तुरंत दूर करने का काम करेंगे। जबकि छजलैट क्षेत्र में खंड विकास अधिकारी और नायब तहसीलदार छजलैट को जिम्मा सौंपा गया है। बताया गया की तहसील कांठ में शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में मोहर्रम के मुख्य पर्व से पूर्व मजलिसे आदि का कार्यक्रम चलता है। परंतु मोहर्रम की सातवीं आठवीं तारीख को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है मुस्लिम समुदाय की जनता द्वारा मोहर्रम के उपलक्ष में कांठ उमरी कला, छजलैट एवं अन्य गांव में जुलूस निकाले जाते हैं जिसमें काफी भीड़ रहती है सभी अधिकारियों को इस दौरान अपने-अपने क्षेत्र में रहकर पर्व शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके अलावा कानून गो और लेखपालों को भी ताजियों की लंबाई चौड़ाई रास्ता विवाद एवं अन्य समस्याओं पर पहले से ही जानकारी कर उनकी सूचना दिए जाने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी विवाद का नक्सी नजरा बनाकर समय से पहले उनका निस्तारण करें और उन्हें भी अवगत कराया जाए। जुलूस के मार्ग में पडने वाले पेड़ बिजली के तार टेलीफोन के तार आदि से यदि कहीं परेशानी महसूस होती है तो उसका भी समाधान तुरंत करने के एसडीएम ने निर्देश दिए हैं कुल मिलाकर मोहर्रम का पर्व शांतिपूर्वक संपन्न कराने की जिम्मेदारी तहसील के पांच अधिकारियों के कंधे पर डाली गई है।

# स्कूल मर्ज के विरोध में विधायक को दिया ज्ञापन, विधायक ने दिलाया सदन में मुद्दा उठाने का भरोसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** सरकार द्वारा कम नामांकन के आधार पर परिषदीय विद्यालय को पास के विद्यालय में युग्मित (मर्जर) करने के,150 से कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक विद्यालयों व 100 से कम वाले छात्र संख्या वाले उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाध्यापक को सरप्लस घोषित करने के विरोध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट के प्रतिनिधि मण्डल ने अध्यक्ष डॉ कपिल सिरोही के नेतृत्व में क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर को ज्ञापन दिया।जिसमे बताया गया कि पूर्व में एक ही परिसर में स्थित लगभग 20 हजार विद्यालयों का संविलियन करके प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों के पद समाप्त कर दिए गए हैं। वर्तमान में चल रही मर्जर प्रक्रिया से जहां छात्रों से विद्यालयों की दूरी अधिक होगी वहीं हजारों रसोइयों की सेवाएं समाप्त हो जाएंगी। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा संबंधित प्रधानाध्यापक को एवं ग्राम प्रधान/विद्यालय प्रबंध समिति पर दबाव बनाकर विद्यालय बंद करने के समर्थन में प्रस्ताव मांगे जा रहे हैं।



लोकतंत्र में इस प्रकार विद्यालय बंद करके नौनिहालों की शिक्षा से खिलवाड़, हजारों प्रधानाध्यापकों के पद एवं रसोइयों की सेवा समाप्ति जैसे निर्दयी एवं कठोर निर्णय की कल्पना नहीं की जा सकती है। इसके विरोध में 30 जून 2025 को प्रदेश के 822 ब्लॉक में संघ पदाधिकारीयों, बंद किए जाने विद्यालयों के छात्रों के अभिभावकों, एवं ग्राम प्रधानों की बैठक में इस निर्णय के विरुद्ध जबरदस्त रौष देखने को मिला है। पत्र में संगठन के पदाधिकारीयों द्वारा विधायक से उक्त आदेश को निरस्त करने हेतु मुख्यमंत्री से संस्तुति करने का निवेदन किया गया है।

विधायक ने बताया की विद्यालयों के मर्जर की प्रक्रिया पूर्ण रूप से गलत है।शिक्षकों की समस्याओं को हम जोरदार तरीके से सदन में उठाएंगे। ज्ञापन के समय दुष्यंत यादव, गरिमा गुप्ता,सर्मेंद्र कुमार, हरवीर सिंह, हेतराम सिंह, दिनेश सैनी, मोहम्मद रिजवान, कृष्ण गोपाल सिंह, विग्नेश कौशिक, धर्मेंद्र सिंह, सलिल चौधरी, तरूश यादव, शकील अहमद आदि शिक्षक उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत घोसीपुरा बाबूपुरा
### विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 04.07.2025

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत घोसीपुरा बाबूपुरा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए दिनांक 21.07.2025 को साप्ताहिक बाजार की नीलामी ग्राम पंचायत में स्थापित ग्राम पंचायत भवन पर दोपहर 1.00 बजे आयोजित की जायेगी। जिसमें बाजार की नीलामी में सम्मिलित समस्त इच्छुक व्यक्तियों को सादर आमंत्रित किया जाता है।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत घोसीपुरा बाबूपुरा**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

## कार्यालय ग्राम पंचायत घोसीपुरा बाबूपुरा
### विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 04.07.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत घोसीपुरा बाबूपुरा विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 08.01.2025 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 19.07.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 19.07.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राहुल के घर से करन के घर तक नाली/ सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेता, रोड़ा, बजरफुट, ईंट टाईल्स आदि। | 130 मी0 | 347220.90 | 1000 | 2% | 12 माह |
| 2 | पंचायत घर के गेट से रनजीत सिंह के घर तक नाली/सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेता, रोड़ा, बजरफुट, ईंट टाईल्स आदि। | 40 मी0 | 191868.90 | 1000 | 2% | 12 माह |
| 3 | मैन रोड से वीर सिंह के घर तक नाली/ सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेता, रोड़ा, बजरफुट, ईंट टाईल्स आदि। | 30 मी0 | 110140.34 | 1000 | 2% | 12 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत घोसीपुरा बाबूपुरा**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**


# अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

**शाह टाइम्स, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29 ए के प्राविधानों के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग में पंजीकृत उत्तर प्रदेश के 119 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा वर्ष 2019 से 2024 तक (06 वर्षों) के मध्य आयोग द्वारा आयोजित निर्वाचनों एक भी चुनाव नहीं लड़े जाने के फलस्वरूप भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुसार अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा इस पार्टियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुज सिंह ने बताया कि आयोग में दर्ज पार्टी के पते के अनुसार तहसील सदर के मझोला आवास विकास के निवासी अध्यक्ष/महासचिव किसान शक्ति जनतांत्रिक पार्टी और सैधरी, पोस्ट हरथला, वाया पाकबड़ा के अध्यक्ष/महासचिव राष्ट्रीय कांग्रेस (जे0) पार्टी को नोटिस जारी किया गया है। कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा इन दोनों पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को ष्कारण बताओ नोटिस पार्टी के पंजीकृत पते पर रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित किए गए हैं। कारण बताओ नोटिसष के संबंध में पार्टी के अध्यक्ष/ महासचिव अपना प्रत्यावेदन हलफनामा एवं सुसंगत अभिलेखों के साथ दिनांक 14 जुलाई 2025 तक कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश, चतुर्थ तल विकास भवन, जनपथ मार्केट, लखनऊ-226001 को उपलब्ध करा सकते हैं एवं सुनवाई के लिए निर्धारित दिनांक 21 जुलाई 2025 को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के समय के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष उपस्थित हो सकते हैं।

यदि पार्टी की ओर से कारण बताओ नोटिस के सम्बन्ध में निर्धारित तिथि के भीतर प्रत्यावेदन उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो यह माना जाएगा कि पार्टी को इस मामले में कुछ नहीं कहना है और पार्टी को राजनैतिक दलों की सूची से हटाए जाने के सम्बन्ध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश की ओर से संस्तुति सहित प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित कर दिया जाएगा।

# डीजे संचालकों के साथ बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डिलारी।** शुक्रवार को थाना डिलारी परिसर में अमन शांति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी डिलारी मनोज कुमार ने की, बैठक में क्षेत्र के सभी डी जे संचालक मौजूद रहे ,आने वाले त्यौहार महा. शिवरात्रि पर कावड़ गंगा जल लाने के दौरान डी जे धीमी आवाज से बजाने की अपील की, इस मौके डॉ अनुपम शर्मा , प्रधान रईस अहमद, हरिओम फौजी, ग्राम प्रधान बलराम सिंह, मनीष ठाकुर, हरपाल सिंह ठाकुर, आदि मौजूद रहे।



# गिल की पारी ने तोड़े कई रिकॉर्ड

## गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ एजबस्टन टेस्ट में 269 रन बनाए




**बर्मिंघम, वार्ता।** शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ एजबस्टन टेस्ट में 269 रन बनाए, जो टेस्ट में भारतीय कप्तान का सर्वाधिक स्कोर है, उन्होंने विराट कोहली के 2019 में पुणे में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बनाए नाबाद 254 रन को पछाड़ा। गिल के 269 रन एशिया के बाहर किसी भारतीय का सर्वोच्च स्कोर भी है, उन्होंने सचिन तेंदुलकर के नाबाद 241 रनों को पछाड़ा जो उन्होंने 2004 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में बनाए थे। यह घर के बाहर टेस्ट में किसी भारतीय का तीसरा सर्वोच्च स्कोर भी है। उनसे आगे वीरेंद्र सहवाग के मुल्तान में 309 और राहुल द्रविड़ के 2004 में रावलपिंडी में 270 रन हैं। उनसे पहले केवल दो भारतीयों ने इंग्लैंड में दोहरे शतक लगाए थे।

उनसे पहले 1979 में सुनील गावस्कर ने 221 और 2002 में राहुल द्रविड़ ने 217 रन बनाए थे, दोनों ही दोहरे शतक द ओवल में आए थे। कुल मिलाकर गिल के 269 रन टेस्ट में भारत के लिए सातवां सर्वोच्च स्कोर है। मेहमान बल्लेबाजों ने इससे पहले एजबस्टन में शतक लगाए थे। ग्रीम स्मिथ ने 2003 में 277, जबकि जहीर अब्बास ने 1971 में 274 रन बनाए थे। गिल के 269 रन किसी विदेशी बल्लेबाज का इंग्लैंड में बनाया आठवां सर्वोच्च स्कोर है। गिल समेत सात बल्लेबाजों ने बतौर कप्तान अपने पहले दो टेस्ट में शतक लगाए हैं। पिछले छह में से तीन भारतीय थे, जिसमें विजय हजारे, सुनील गावस्कर और विराट कोहली शामिल हैं। इसके अलावा जैकी मकग्लू, एलिस्टेयर कुक और स्टीवन स्मिथ शामिल हैं। पांच बल्लेबाजों के टेस्ट और वनडे दोनों में दोहरे शतक हैं। गिल के अलावा ऐसा सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, रोहित शर्मा और क्रिस गेल ने किया है। नीतीश रेड्डी के आउट होने के बाद एजबस्टन में भारत ने 376 रन जोड़े, ये टेस्ट पारी में आखिरी पांच विकेट के लिए जोड़े उनके सबसे अधिक रन हैं। टेस्ट में छठे विकेट या उससे कम के लिए तीन 200 से अधिक साझेदारियों में रवींद्र जडेजा शामिल रहे। केवल एडम गिलक्रिस्ट (6), बीजे वाटलिंग (5) और एमएस धोनी (4) ही इससे अधिक साझेदारियों में हिस्सा रहे हैं।




# जडेजा ने बीसीसीआई दिशा निर्देश तोड़ा, पर सजा की उम्मीद नहीं

● **ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद बीसीसीआई ने आदेश दिया था कि कोई भी खिलाड़ी अकेले मैदान पर जाएगा और न ही मैदान से आएगा**

**बर्मिंघम, वार्ता।** बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन रवींद्र जडेजा ने बीसीसीआई की नई मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का उल्लंघन किया। ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद बीसीसीआई ने आदेश दिया था कि कोई भी खिलाड़ी अकेले मैदान पर नहीं जाएगा और न ही मैदान से आएगा, बल्कि वे सभी टीम बस में एक साथ आएंगे। जडेजा ने ऐसा नहीं किया। लेकिन किसी सजा की उम्मीद नहीं है क्योंकि जडेजा ने एसओपी तोड़कर जल्दी आने का फैसला किया ताकि वह अपनी पारी को फिर से शुरू करने से पहले कुछ अतिरिक्त गेंदें खेल सकें। उन्हें पता था कि भारत लीड्स में दो बार ढह चुका है और इस बार उन्होंने सपाट पिच पर भारत को 211/5 से बचाने का आधा काम कर दिया था।

भारत के लिए फिर से कम स्कोर पर आउट होना कोई जोखिम नहीं था। जडेजा 41 रन दोबारा अपनी पारी की शुरुआत की, शुभमन गिल के साथ उनकी साझेदारी 99 रन की थी, लेकिन नई गेंद का खतरा बना हुआ था। जडेजा ने कहा कि कहीं न कहीं मुझे लगा कि मुझे अतिरिक्त बल्लेबाजी करनी चाहिए क्योंकि गेंद अभी भी नई थी। मुझे लगा कि अगर मैं नई गेंद को देख पाऊं, तो बाकी की पारी आसान हो जाएगी। सौभाग्य से मैं लंच तक बल्लेबाजी कर सका, और फिर वॉशिंगटन सुंदर ने भी शुभमन के साथ अच्छी बल्लेबाजी की। इंग्लैंड में आप जितनी अधिक बल्लेबाजी करते हैं, उतना ही बेहतर होता है क्योंकि आपको कभी नहीं लगता कि आप इंग्लैंड में सेट हैं। किसी भी समय गेंद लस्वग हो सकती है और आपका किनारा ले सकती है या आपको बोल्ड कर सकती है। जडेजा तेज गेंदबाज जोश टंग की एक बाउंसर पर 89 रन बनाकर आउट हो गए। उन्होंने गिल के साथ 203 रन जोड़कर भारत को 500 के पार पहुंचाने में मदद की। जडेजा ने कहा कि जब आप टीम के लिए बल्ले से योगदान देते हैं, तो बहुत अच्छा लगता है, लेकिन जब आप भारत से बाहर खेल रहे होते हैं और टीम को आपकी ज्यादा जरूरत होती है, तो अच्छा लगता है। 210 रन पर 5 विकेट गंवाने के बाद टीम को आगे ले जाने के लिए बड़ी साझेदारी करना एक चुनौती है।

मैंने इसे एक चुनौती के रूप में लिया। अगर आप कप्तान के साथ बने रहते हैं और बड़ी साझेदारी करते हैं, तो यह आपको एक क्रिकेटर और बल्लेबाज के रूप में आत्मविश्वास देता है कि आने वाले मैचों में भी आप योगदान दे सकते हैं। जडेजा इंग्लैंड को परेशान करने में कभी पीछे नहीं रहते। फ्रंटफुट शॉट खेलने और सीधे पिच पर दौड़ने की उनकी आदत से इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स नाराज हो गए, जो जडेजा के खतरे वाले क्षेत्र से दूर रहने के बाद भी अंपायरों से बहस करते रहे। जडेजा ने कहा कि उन्हें लगा कि मैं अपने लिए रफ बना रहा हूं। तेज़ गेंदबाज वैसे भी ऐसा कर रहे थे। मुझे ऐसा करने की जरूरत नहीं है। वह बार-बार अंपायर से कह रहे थे कि मैं विकेट पर दौड़ रहा हूं। मेरा ऐसा कोई इरादा नहीं था। हो सकता है कि गलती से एक या दो बार ऐसा हुआ हो, लेकिन मेरा ऐसा करने का कोई इरादा नहीं था। भले ही भारत ने नई गेंद से तीन विकेट लिए हों, लेकिन यह पिच कुछ खुरदरी लग रही है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### मुर्मु ने किया डूरंड कप टूर्नामेंट की ट्रॉफियों का अनावरण

**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित एक समारोह में डूरंड कप टूर्नामेंट 2025 की ट्रॉफियों का अनावरण किया। यहां इस अवसर पर श्रीमती मुर्मु ने कहा कि खेल अनुशासन, दृढ़ संकल्प और टीम भावना को बढ़ावा देते हैं। खेलों में लोगों, क्षेत्रों और देशों को जोड़ने की अनूठी शक्ति है। भारत में यह राष्ट्रीय एकीकरण का एक शक्तिशाली साधन रहा है। ओलंपिक या किसी भी अंतर्राष्ट्रीय आयोजन में जब तिरंगा फहराया जाता है तो सभी साथी नागरिक रोमांचित हो जाते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि फुटबॉल का लाखों लोगों के दिलों में एक विशेष स्थान है। यह सिर्फ एक खेल नहीं है, एक जुनून है। फुटबॉल का खेल रणनीति, धीरज और एक समान लक्ष्य की ओर मिलकर काम करने के बारे में है। डूरंड कप जैसे आयोजन न केवल खेल की भावना को बढ़ावा देते हैं बल्कि फुटबॉल खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को विकसित करने में भी मदद करते हैं।

### गुकेश ने कार्लसन को फिर हराया

**जागरेब, वार्ता।** शतरंज के क्लासिकल प्रारूप में मौजूदा विश्व नंबर 1 भारत के डी-गुकेश ने गुरूवार को जागरेब में सुपर यूनाइटेड रैपिड एंड ब्लिट्ज क्रोएशिया 2025 में मैग्नस कार्लसन को हरा दिया। नॉर्वे के दिग्गज के खिलाफ गुकेश की हालिया जीत नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के कुछ ही सप्ताह बाद आई है। नॉर्वे शतरंज के विपरीत जहां जीत क्लासिकल प्रारूप में हुई थी, हालिया जीत रैपिड प्रारूप में आई है। कार्लसन ने 49 चालों के बाद हार मान ली, इसके बाद हाथ मिलाया और फिर वे मंच से चले गए।

# भारतीय महिला टीम की निगाहें ऐतिहासिक टी-20 सीरीज जीत पर

● **भारत ने इंग्लैंड में इससे पहले कभी भी टी-20 सीरीज नहीं जीती है**

**लंदन, वार्ता।** भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में 2-0 की बढ़त के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के करीब है, जबकि अभी तीन मैच और खेलने हैं। भारत ने इंग्लैंड में इससे पहले कभी भी टी-20 सीरीज नहीं जीती है।

अब उनके पास शुक्रवार को ओवल में मेजबान टीम का सामना करते हुए समय रहते सीरीज अपने नाम करने का मौका है। भारत ने अब तक बल्ले और गेंद दोनों से प्रभावित किया है। स्मृति मंधाना के पहले टी-20 शतक की बदौलत टीम ने पहले मैच में 97 रनों से जीत दर्ज की और इसके बाद दूसरे मैच में ब्रिस्टल के किले को भेदकर जीत दर्ज की।




इसमें जेमिमाह रॉड्रिग्स और अमनजोत कौर का अहम योगदान रहा। दूसरी ओर, इंग्लैंड की कप्तान नैट सीवर-ब्रंट शुक्रवार के टी-20 मैच से बाहर हो गई हैं और मंगलवार को ब्रिस्टल में टीम की 24 रन से हार के दौरान कमर में खिंचाव के कारण वह पांच मैचों की सीरीज के शेष मैचों से भी बाहर हो सकती हैं। टैमी बोमॉन्ट अपने 247 मैचों के अंतर्राष्ट्रीय करियर में पहली बार कप्तान के रूप में कदम रखेंगी, जबकि सीवर-ब्रंट को चोट की गंभीरता का आकलन करने के लिए आगे स्कैन से गुजरना होगा।

मंगलवार के मुकाबले के अधिकांश समय के लिए उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा, उनकी अनुपस्थिति में उनकी आधिका. रिक उप-कप्तान सोफिया डंकली ने कमान संभाली। हालांकि, इंग्लैंड के तीन मैच शेष रहते 2-0 से सीरीज़ में पिछड़ने के बाद टीम को बोमॉन्ट के अनुभव की अधिक जरूरत पड़ेगी। बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में बाएं हाथ की स्पिनर एन श्री चरणी भी शामिल हैं, जिन्होंने इस दौरे पर पदार्पण किया और दो मैचों में छह विकेट लिए।

# अंडर-15 वर्ग में युवराज सिंह ने जीता पहला स्वर्ण पदक

● **युवराज ने पहला गोल्ड मेडल 8:54:42 का समय निकालकर जीता**

**नई दिल्ली, वार्ता।** 59वीं दिल्ली राज्य जूनियर और सब जूनियर तैराकी चैंपियनशिप का आज यहां तालकटोरा स्विमिंग पूल में उद्घाटन एडहॉक कमेटी के अध्यक्ष सीताराम साहू और पंजाब स्विमिंग एसोसिएशन के सीईओ बलराज शर्मा ने किया। चैंपियनशिप का आयोजन 7 जुलाई तक चलेगा।

ैंपियनशिप में 410 से अधिक लड़के और लड़कियां भाग ले रहे हैं। चैंपियनशिप के पहले दिन 800 मी फी स्टाइल अंडर 17 में युवराज सिंह ने पहला गोल्ड मेडल 8 मिनट 54-42 का समय निकालकर अपना नाम किया जबकि वंश ने दूसरा और धनुष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह लड़िकयों में अन्य रावत ने 9 मिनट 56-59 का समय निकाल. कर पहला स्थान पाया। तितिक्षा रावत ने दूसरा और प्रकृति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 14 लड़कों में रक्षित टोकस ने 9 मिनट 48 ,55 का समय निकाल. कर पहला स्थान प्राप्त किया जबकि विशु मौर्य ने दूसरा और मानव लाकर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों में अमीरा सिंगल ने 10 मिनट 55-47 का समय निकालकर पहला स्थान पाया। यादवी नेगी ने दूसरा और प्रांजल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कों के अंडर 12 वर्ग में 400 मीटर फी स्टाइल में विराट ने पहला , नियमित ने दूसरा और तेजस ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों में मारिया ने पहला, स्नेहा ने दूसरा और रमैया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कों के अंडर 17 वर्ग में 200 मी ब्रैस्ट स्ट्रोक में ध्रुव ने पहला, वीर चावला ने दूसरा और तनुष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# गेंदबाजों की फिटनेस से संबंधी चिंताएं इंग्लैंड के लिए 'अशुभ' संकेतः वॉन

**बर्मिंघम, वार्ता।** पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा है कि गेंदबाजों की फिटनेस संबंधी चिंताएं इंग्लैंड के लिए 'अशुभ' संकेत हैं।

वॉन ने कहा कि बेन स्टोक्स की टीम ने टेस्ट मैच के दूसरे दिन पूरी मेहनत की, हालांकि भारत ने 587 रन बनाए और मेजबान टीम ने 77 के स्कोर पर तीन विकेट गंवा दिये। ब्राइडन कार्स को पैर की समस्या से जूझना पड़ा, जबकि बेन स्टोक्स और क्रिस वोक्स ने अपने पहले स्पैल के बाद गेंदबाजी नहीं की। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि ब्रायडन कार्स के साथ समस्या है और हम इंग्लैंड में पांच मैचों की सीरीज में दूसरा टेस्ट मैच खेल रहे हैं और उसमें ज्यादा समय नहीं बीता है। इसके बाद हमें ऑस्ट्रेलिया में पांच मैच खेलने होंगे, जहां बहुत



● **ब्राइडन को पैर की समस्या से जूझना पड़ा जबकि क्रिस-बेन ने अपने पहले स्पैल के बाद गेंदबाजी नही की**

गर्मी होगी। इस साल की शुरुआत में कार्स को पैर की उंगलियों पर गंभीर कट और छाले के कारण टीम से तीन महीने के लिए बाहर कर दिया गया था।

यह समस्या क्रिसमस से पहले पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के दौरे पर पहली बार सामने आई थी। हालांकि वह बर्मिंघम में मैदान पर रहे, लेकिन उन्हें क्षेत्ररक्षण और गेंदबाजी के दौरान कई बार लंगड़ाते हुए देखा गया। इस बीच, स्टोक्स हैमस्ट्रिंग सर्जरी के बाद इस साल गेंदबाजी में वापस आ गए हैं।

पहले दिन उनमें कमर में खिंचाव की समस्या को देखा गया और खेल से पहले लंबे अभ्यास के बाद दूसरे दिन गेंदबा. जी की शुरुआत की। इसी तरह वोक्स ने दिन की शुरुआत में चार ओवर में 22 रन देने के बाद नहीं खेले। ऑफ स्पिनर शोएब बशीर ने 45 ओवर फेंके और तीन विकेट लेकर 167 रन दिए। जॉश टंग ने संघर्ष करते हुए 119 रन देकर दो विकेट लिए। 28 ओवरों में और यहां तक कि हैरी ब्रूक ने उनकी अनुपस्थिति में अपने पार्ट-टाइम सीम के पांच ओवर फेंके।

# चीन की वांग शिनयू विंबलडन में महिला एकल के दूसरे दौर में बाहर

● **चीन की खिलाड़ी को तुर्किए की जेनेप से 7-5, 7-5 से मिली हार**

**लंदन, वार्ता।** चीन की वांग शिनयू विंबलडन में महिला एकल के दूसरे दौर में तुर्किये की जेनेप सोनमेज से 7-5, 7-5 से हार कर बाहर हो गई।

पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे पर हमला किया, जब तक कि सोनमेज ने जीत हासिल नहीं कर ली। दूसरे सेट में 5-5 से बराबरी के बाद, सोनमेज ने जीत सुनिश्चित करने के लिए अधिक आक्रामक खेल दिखाया।

वांग ने मैच के बाद कहा कि मुझे लगता है कि उसने आज असाधारण रूप से अच्छा खेला, खासकर अपने सर्विस रिटर्न और बेसलाइन गेम में। मुझे कोई आसान अंक नहीं मिला। वांग ने कहा कि '4-1 से, शायद उसने खुद को और अधिक स्वतंत्र रूप से खेला।

वह कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सफल रही, और फिर वह शायद अधिक आराम से खेली। मुझे लगता है कि उस पल से, उसने निश्चित रूप से अपना स्तर बढ़ाया। बेशक, मुझे लगता है कि यह बहुत दुखद है। भले ही मेरे प्रतिद्वंद्वी ने वास्तव में अच्छा खेला, हमारा मैच बहुत करीबी था, और कुछ ऐसे क्षेत्र थे जहां मुझे लगता है कि मैं बेहतर प्रदर्शन कर सकती थी। लेकिन मुझे लगता है, आज, मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

# किदांबी श्रीकांत कनाडा ओपन के क्वार्टरफाइनल में



**कनाडा, वार्ता।** पूर्व विश्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत ने वांग पो-वेई के खिलाफ शानदार जीत दर्ज कर कनाडा ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

मार्कहम पैन एम सेंटर में खेले गये प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में किदांबी ने चीनी पाइपे के वांग पो-वेई के खिलाफ 21-19, 21-14 से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बनाई। 41 मिनट तक चले मुकाबले में एक समय भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी 18-13 से पीछे चल रहे थे, फिर उन्होंने वापसी करते हुए पहला गेम जीत लिया। श्रीकांत दूसरे गेम में भी 13-10 से पीछे थे, लेकिन फिर उन्होंने वापसी की और गेम और मुकाबला जीत लिया। श्रीकांत क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के शीर्ष वरीयता प्राप्त और ओलंपियन चोउ टिएन-चेन से भिड़ेंगे। श्रीकांत के हमवतन और विश्व में 57वें नंबर के खिलाड़ी शंकर सुब्रमण्यम भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गये। उन्होंने चीनी ताइपे के हुआंग यू काई को 21-19, 21-14 से हराया। शंकर सुब्रमण्यम अगले दौर में ओलंपियन और विश्व में 12वें नंबर के खिलाड़ी जापान के केंटा निशिमोटो से मुकाबला होगा। इस बीच बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट में महिला एकल में भारतीय खिलाड़ी श्रीयांशी वलीशेट्टी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं।

● **दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ घरपर** ●

# मुकाबला करने को बहुत उत्साहित हूंः नीरज

## सभी एथलीट्स ने एक वर्ल्ड क्लास कंपीटीशन देने और जैवलिन को बढ़ावा देने की बात कही



**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत का पहला इंटरनेशनल जैवलिन कंपटीशन कि नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025', शनिवार यानी 5 जुलाई 2025 को बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में होने जा रहा है। यह इवेंट वर्ल्ड एथलेटिक्स द्वारा गोल्ड-लेवल मीट के तौर पर अप्रूव किया गया है और इसे एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) का भी सपोर्ट मिला है। यह भारत को ग्लोबल एथलेटिक्स मैप पर एक खास जगह दिलाएगा।

इवेंट से पहले हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा, भारत के युवा जैवलिन थ्रोअर सचिन यादव, जर्मनी के थॉमस रोहलर, और केन्या के जूलियस येगो मौजूद थे। सभी एथलीट्स ने एक वर्ल्ड-क्लास कंपटीशन देने और भारत में जैवलिन को बढ़ावा देने की बात कही। नीरज चोपड़ा ने इस इवेंट की अहमियत बताते हुए कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि ऐसा इवेंट भारत में हो रहा है और इतने अच्छे एथलीट्स यहां कंपीट करने आए हैं। मैं इस इवेंट को लेकर बहुत उत्साहित हूं। एक साथ ऑर्गेनाइज करना और खेलना मुश्किल है। मैंने हमेशा खेलने पर ध्यान दिया है, लेकिन अब मुझे सब कुछ देखना होगा। एक आयोजक के तौर पर मुझे इन छोटी-छोटी चीजों के बारे में सोचना होगा। मुझे यह पसंद है। कर्नाटक सरकार और हमें सपोर्ट करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद। जेएसडब्ल्यू टीम को उनके सपोर्ट के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद - वे हमारे साथ बहुत मेहनत कर रहे हैं। जर्मन जैवलिन स्टार थॉमस रोहलर ने कहा कि हम यहां आकर बहुत शुक्रगुजार हैं। हम जैसे इंटरनेशनल एथलीट्स के लिए, मुझे लगता है कि एक ऐसे देश में आना खुशी की बात है जो जैवलिन में सच में आगे बढ़ रहा है। तो, यह हम सभी के लिए एक खास पल भी है। 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' में खेलने का फैसला करना बिल्कुल भी मुश्किल नहीं था। हमने सीजन की शुरुआत में ही इस मीट के बारे में बात की थी। मैंने सोचा कि हां, मैं इसे करूंगा।' क्योंकि मेरे लिए यह काफी खास साल है, कई सालों की परेशानियों और चोटों के बाद बड़े स्टेज पर वापसी कर रहा हूं। इसलिए मैंने सोचा कि हां, मैं इस मौके को भुनाऊंगा'। इस अनुभव से सीखने और आगे बढ़ने के मौके पर सचिन यादव ने कहा कि सबसे पहले, मैं नीरज भैया को इस कंपटीशन में इनवाइट करने के लिए धन्यवाद देना चाहूंगा।

# डॉक्टर के बेटे ने संदिग्ध परिस्थिति में लगाई फांसी

## ■ प्रेम विवाह के बाद से था तनाव






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर में संदिग्ध परिस्थित में युवक की फांसी के फंदे पर लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। युवक की मौत से सनसनी फैल गयी है। पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया है। मौत की सूचना पर परिजनों को. हराम मच गया। नगर के धोवियाान चौराहे स्थित निजी अस्पताल शिफा हेल्थ केयर में उस समय हड़कंप मच गया , जब अस्पताल स्वामी के बेटे का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतक की पहचान जुनेद के रूप में हुई है, जो शिफा हेल्थ केयर के संचालक डॉक्टर समीर का बेटा था। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई, वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मृतक जुनेद ने 15 अप्रैल 2025 को नगर निवासी सोनम उर्फ रूबी से प्रेम विवाह किया था। शादी के कुछ समय बाद से ही दोनों के बीच रिश्तों में दरार आ गई थी और आए दिन झगड़े होने लगे थे। परिजनों का आरोप है कि जुनेद की पत्नी सोनम का किसी अन्य युवक से प्रेम संबंध चल रहा था, जिसकी वजह से वैवाहिक जीवन में तनाव बना हुआ था। मृतक के पिता डॉ. समीर ने थाने में तहरीर देकर अपनी पुत्रवधू सोनम और उसके दो भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। उनका कहना है कि इन्हीं लोगों के मानसिक उत्पीड़न से तंग आकर जुनेद ने यह कदम उठाया। मृतक की पत्नी सोनम और उसके परिवार ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि जुनेद और सोनम का प्रेम विवाह परिवार की इच्छा के विरुद्ध हुआ था, जिससे जुनेद के घरवाले नाराज रहते थे। आरोप है कि जुनेद को उसके ही परिजन मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे, जिससे वह अवसाद में था और यही आत्महत्या का कारण बना। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। दोनों पक्षों के आरोप-प्रत्यारोप के बीच पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए साक्ष्य जुटा रही है। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाकर बारीकी से जांच कराई। पुलिस मौत के पीछे की गुत्थी को सुलझाने में जुटी है। मृतक के शव को फांसी के फंदे से उतारकर पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी रुद्र कुमार सिंह ने कहा कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चलेगा। उसी के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

# उप्र में समान शिक्षा नीति लागू कराये जाने की उठाई मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** इन्सानियत सेवा समिति (ट्रस्ट) ने जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र देकर उत्तर प्रदेश में समान शिक्षा नीति लागू कराये जाने की मांग की है।जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में बन्द होने जा रहे 5 हजार सरकारी स्कूलो को बन्द होने से बचाने के लिये उत्तर प्रदेश में समान शिक्षा नीति लागू कराये जाने की मांग की है। सरकारी प्राईमरी स्कूलो में छात्रो की संख्या 50 से भी कम होने की वजह से 70 रूकूल जनपद मुरादाबाद में कुल 5 हजार स्कूल उत्तर प्रदेश में बन्द होंगे । महोदय स्कूलो में छात्रो की संख्या कम होने की बजह यह नही है कि सभी लोग धनवान हो गये है ओर इसी बजह से वह अपने बच्चो को मंहगे प्राईवेट स्कूलो में पढ़ा रहे है। महोदय इसकी बजह है कि प्रदेश में समान शिक्षा नीति लागू नही है । समान शिक्षा नीति लागू न होने की बजह से सरकारी स्कूलो की पढाई के स्तर एवं प्राईवेट स्कूलो की पढ़ाई के स्तर में काफी अन्तर है जिस कारण एक निर्धन व्यक्ति भी कर्ज लेकर यही सोचकर अपने बच्चो को मंहगे प्राईवेट स्कूलो में शिक्षा दिलाता है। ज्ञापन देने वालों में त्रिलोक चन्द्र दिवाकर एडवोकेट, अनिरूद्ध अरोड़ा, चौधरी दीक्षांत देओल, अरविन्द कुमार आदि के ज्ञापन पर हस्ताक्षर थे।

# उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ ने विद्यालयों के मर्ज किए जाने के फैसले के विरोध में संबोधित विधायक प्रतिनिधि को सौंपा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक ठाकुरद्वारा ने सरकार द्वारा 50 और उससे कम नामांकन वाले परिषदीय विद्यालयों को पैयरिंग के नाम पर स्कूल दो से तीन किलोमीटर की दूरी पर मर्ज किए जाने के फैसले के विरोध में एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के संबोधित विधायक के प्रतिनिधि को सौंपा। ज्ञापन में कहा संगठन अध्यक्ष वीर सिंह ने कहा कि उ०प्र० शासन द्वारा जारी विद्यालयों को पैयरिंग के नाम पर बन्द किया जा रहा है। प्रदेश में 150 से कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक विद्यालय एवं 100 से कम छात्र संख्या उच्च प्राथमिक विद्यालय को प्रधानाध्यापक विहीन करते हुए हजारों प्रधानाध्यापकों को सरप्लस घोषित गया है। इसके पूर्व भी एक ही परिसर में स्थित लगभग 20 हजार विद्यालयों का संविलियन करके प्राथमिक विद्यालयो के प्रधान अध्यापकों के पद समाप्त कर दिये गये हैं। वर्तमान में चल रही मर्जर प्रक्रिया से जहाँ छात्रों से विद्यालयों की दूरी अधिक होगी,वहीं हजारों रसोईयों की सेवा भी समाप्त हो जायेगी। इसका सबसे ज्यादा असर बालिका शिक्षा पर होगा, जहां एक तरफ सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देती है वहीं स्कूलों को बंद कर रही है। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिये बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा सम्बन्धित प्रधानों एवं विद्यालय प्रबन्ध समिति पर दबाव बनाकर विद्यालय बन्द करने के समर्थन में प्रस्ताव मांगे जा रहे हैं । प्रदेश में इस प्रकार विद्यालय बन्द करके नौनिहालों की शिक्षा से खिलवाड किया जा रहा है।

विद्यालय के बंद किए जाने के फैसला का विरोध कर रहा है तथा इसी क्रम में 6 जुलाई को ट्विटर पर हैशटैग अभियान और 8 जुलाई को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री जी को धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया जाएगा। ज्ञापन देने में अध्यक्ष वीर सिंह, मंत्री त्रिवेंद्र कुमार, तहसील प्रभारी अनुज कुमार चौहान, नरेंद्र कुमार, हरि सिंह, सोनिया चौहान, राकेश कुमार,सुब्हान असद, मारूफ अली, अंकित कुमार, जितेंद्र सिंह, निकेश कुमार, सुरेश कुमार, महमूद नासिर, नितिन मोगा, नरेश चंचल, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# छापेमारी में भैंस का 180 किग्रा मांस बरामद, सात के खिलाफ केस दर्ज

**भोजपुर।** पीपलसाना में छापेमारी कर भैंस का कटान कर रहे युवक को हिरासत में ले लिया। उसके छह साथी पुलिस को चकमा देकर भाग गए। पुलिस ने मौके से 180किग्रा भैंस का मांस एवं मांस काटने में प्रयुक्त उपकरण बरामद कर सात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार को उप निरीक्षक अनिल कुमार गोस्वामी ने मुखबिर की सूचना पर हमराही अनुज कुमार, अतुल कुमार एवं अजय कुमार को साथ लेकर गांव पीपलसाना में ईदगाह के निकट शकील मुल्ला जी के मकान के निकट खाली पड़ी जमीन में भैंस का कटान कर रहे जमील पुत्र खैराती को मौके से हिरासत में ले लिया। उसके साथी तौसीम पुत्र सगीर,फिरोज पुत्र शफीक, शहनवाज पुत्र महबूब,इबरा वसीम पुत्र जमील, कमरूद्दीन पुत्र सहाबुद्दीन एवं अजीम उर्फ मंत्री पुत्र शरीफ पुलिस को चकमा देकर मौके से भाग गए। पुलिस ने मौके से भैंस की खाल,चार पैर,180किग्रा मांस एवं मांस काटने में प्रयुक्त उपकरण कुल्हाड़ी, छुरी, सुम्मी, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, रस्सी, लकड़ी का गुटका बरामद कर सील कर दिया। पशु चिकित्सक को मौके पर बुलाकर बरामद मांस की जांच कराई तो उन्होंने भैंस का होने की पुष्टि की। इस पर पुलिस ने मांस के नमूने लेकर बरामद मांस को ढेला नदी के किनारे जेसीबी से गड्ढा खोदकर जमीन में दबा दिया

## एक नजर

### चोरी के शक में सफाईकर्मी को पीटने पर चिकित्सक व परिजनों के खिलाफ दलित उत्पीड़न का केस दर्ज

**भोजपुर।** चोरी के शक में सफाई कर्मचारी को पकड़कर एकांत जगह में लेजाकर टोर्चर करना डाक्टर को भारी पड़ गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चिकित्सक एवं अज्ञात के खिलाफ मारपीट एवं जाति सूचक शब्द कहकर अपमानित करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक जून की आधी रात को को गांव पीपलसाना निवासी चिकित्सक इम्तियाज के बंद पड़े घर में चोर सेफ अलमारी के ताले तोड़कर 22 तौले सोने, आधा किलो चांदी के आभूषण एवं 80 हजार रुपए चोरी कर ले गए थे। घटना के समय चिकित्सक अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ अजमेर शरीफ दरगाह पर चादरपोशी करने गया था। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार चिकित्सक एवं उसके परिजनों ने सफाई कर्मचारी राहुल पुत्र विनोद कै बैटरी वाले रिक्शे से खिंचकर एकांतवास में लेजाकर मारपीट एवं जाति सूचक शब्द कहकर अपमानित कर पुलिस को सौंप दिया था। पुलिस ने भी युवक से अपने स्तर से पूछताछ की थी। बाद में चोरी का खुलासा होने पुलिस ने सफाई कर्मी को छोड़ दिया था। वाल्मीकि संगठनों का दबाव बढ़ने पर पुलिस ने शुक्रवार को चिकित्सक एवं अज्ञात परिजनों के खिलाफ मारपीट एवं दलित उत्पीड़न के आरोप में केस दर्ज किया है। केस की विवेचना डिप्टी एसपी ठाकुरद्वारा।

### महिला ने देवरों व नन्दोई के खिलाफ लिखाया मारपीट का मुकदमा दर्ज

**भोजपुर ।** गांव हमीरपुर में देवर से उधार के रुपए मांगना महिला को भारी पड़ गया। देवरों और नन्दोई ने महिला को मारपीट कर घर से खदेड़ दिया। आरोपियों ने महिला के घर में घुसकर भी मारपीट की। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में गांव हमीरपुर निवासी मौहम्मद हसन की पत्नी आयशा ने कहा है कि शुक्रवार को देवर मुस्तफा के घर उधार के रुपए मांगने गई थी। आरोप है कि देवर ने अपने भाईयों मौ नबी,मतलूब एवं थाना डिलारी के गांव सलेम सराय की मड़ैया निवासी बहनोई मुर्तजा को साथ लेकर मारपीट की। आरोपी पीछा करते हुए घर में घुस आये और मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चोरी करने का आरोपी कंपाउंडर पुलिस हिरासत में

**भोजपुर।** पुलिस गांव पीपलसाना में चिकित्सक के घर हुई चोरी करने के शक में नाबालिग कंपाउंडर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। शुक्रवार को हिरासत में लिए गए नाबालिग कंपाउंडर के पक्ष में भाकियू के पदाधिकारियों एवं कंपाउंडर का भाई साथी मीडिया कर्मियों को लेकर थाने में आकर पुलिस पर दबाव डालने लगे। वह चोरी में शामिल पांच अन्य कंपाउंडरों को भी पकड़ने की मांग को लेकर हंगामा खड़ा कर रहे थे। पुलिस का कड़ा रुख अख्तियार करने पर दबाव बना रहे लोग चुपचाप थाने से खिसक लिए।

### राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) श्री असीम अरुण आज जिले में राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास का करेंगे लोकार्पण

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण श्री असीम अरुण का 05 जुलाई 2025 को जनपद मुरादाबाद में भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित है। प्रशासनिक स्तर से जारी कार्यक्रम के अनुसार मा. राज्यमंत्री 13:30 बजे मुरादाबाद सर्किट हाउस पहुंचेंगे।

इसके बाद 14:15 बजे जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय का भ्रमण करेंगे तथा 15:00 बजे मुरादाबाद में आदर्श कॉलोनी में निर्मित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास का लोकार्पण करेंगे।

### जेठ की अरस्ठी के दौरान महिला से मारपीट अश्लील हरकतें कर छीने कुंडल

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव खैरुल्लापुर में जेठ की अरस्ठी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान महिला के घर में घुसकर दो युवकों ने जमकर उत्पात मचाया। आरोप है कि महिला से गाली-गलौज कर लाठी-डंडों से मारपीट की गई और विरोध करने पर अश्लील हरकतें करते हुए उसके कुंडल छीन लिए गए।खैरुल्लापुर निवासी एक महिला ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 3 जून को उसके जेठ की तेहरवीं का कार्यक्रम था। इसी दौरान थाना डिलारी के गांव रहटा माफी निवासी रवि कुमार और बल्ली पुत्र धर्मवीर लाठी-डंडे लेकर उसके घर में घुस आए। दोनों ने गाली-गलौज करते हुए उससे मारपीट शुरू कर दी। महिला ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ अश्लील हरकतें कीं और उसके कानों से करीब 30 हजार रुपये कीमत के सोने के कुंडल नोच लिए।महिला के चिल्लाने पर जब उसका बेटा भूवन और पति सुनील बचाने पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की।

शोर सुनकर जब मोहल्ले के लोग पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने पुलिस से कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस तहरीर के आधार पर जांच में जुट गई है।

# घर में घुसकर मारपीट व जान से मारने की धमकी के आरोप में 5 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

ठाकुरद्वारा। घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नगर के मोहल्ला लालबाग निवासी अधिवक्ता साकिर खान ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 जून 2025 को उनके मकान मालिक अन्जारुल द्वारा मोहल्ले की ही युवती कु. तरन्नुम के विरुद्ध 45 ग्राम सोने के आभूषण चोरी किए जाने की शिकायत दी गई थी। इस शिकायत की ड्राफ्टिंग और पैरवी उन्होंने स्वयं की थी। इसी बात को लेकर तरन्नुम और उसके परिजन उनसे रंजिश रखने लगे। साकिर खान के अनुसार, घटना 2 जुलाई 2025 की शाम लगभग 5 बजे की है। आरा. ेप है कि तरन्नुम, रुखसार, अंजुम, अकीला और फैजानकृंसस निवासी मोहल्ला लालबागकृएक राय होकर उनके घर में जबरन घुस आए। इन लोगों ने उनकी पत्नी फातिमा खान के साथ मारपीट की और गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

वही चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर पीड़िता को हमलावरों से बचाया। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर पांचों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन के द्वारा महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेक. ानंद जी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके किया गया। इस मौके पर मेजर राजीव ढल ने कहा की आज के ही दिन 4 जुलाई 1902 में मात्र 39 साल की अल्प आयु में स्वामी विवेकानंद ने इस दुनिया को छोड़ दिया लेकिन आज इतने वर्षो के बाद भी उनके संदेश दुनिया को प्रेरणा देते हैं मेजर राजीव ढल ने आगे कहा की जब 11 सितंबर 1893 को शिकागो में आयोजित धर्म संसद में स्वामी विवेकानंद जी ने भारत की संस्कृति और सभ्यता का जो परिचय दिया दुनिया उसकी कायल हो गई और उनके पीछे नतमस्तक हो गई उन्होंने अपनी वाणी को विराम देते हुए कहा,कथानक व्याकरण समझे जो सुरभित छंद हो जाए हमारे देश में फिर से सुखद मकरंद हो जाए मेरे दाता मेरे ईश्वर में मांगता तुझसे युवा पीढ़ी संभल के विवेकानंद हो जाए राहुल चौधरी ने कहा की स्वामी जी का जीवन एक आदर्श जीवन था और जो हमें प्रेरणा देता है और उन्हीं के बताएं रास्ते पर चलने का प्रयास करते हैं। स्मिता सक्सेना,विमल कुमार,सुमित कुमार शर्मा, संजय कुमार,रति कौशिक,रश्मि कूपर,भूपेंद्र सिंह बिष्ट ने स्वामी विवेक. ानंद से जुड़े प्रेरक प्रसंगों के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया और कहा कि आप युवा है और युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।इस मौके पर एक कला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने स्वामी विवेकानंद जी के सुंदर चित्रों के माध्यम से अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की. इस कला प्रतियोगिता में छात्रों में प्रथम स्थान सिद्धार्थ कुमार,द्वितीय स्थान रेहान और तृतीय स्थान अनुज कुमार ने प्राप्त किया। छात्राओं में प्रथम स्थान सोनिका ने प्राप्त किया सभी को मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सुंदर व सफल संचालन ग्रंथ सिंह जी द्वारा किया गया।इस मौके पर मेजर राजीव ढल, रति कौशिक, रश्मि कूपर, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, राहुल कुमार ओंकार सिंह सुरेश कुमार आदित्य कुमार उदयपाल सिंह राजपाल सिंह और सुखलाल जी का विशेष योगदान रहा।

### महिला कांग्रेस की जिला उपाध्यक्ष बनीं रजिया आजम

**बिलारी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और जिला महासचिव इंजी० मु० अयाज एडवोकेट की पत्नी रजिया आजम को महिला कांग्रेस मुरादाबाद का जिला उपाध्यक्ष बनाया है। रजिया आजम का सम्बंध राजनीतिक घराने से है वह राजनीतिक माहौल में रही हैं और राजनीति की अच्छी समझ है। रजिया आजम में समाज सेवा का जज्बा है। उनकी प्राथमिक शिक्षा नैनीताल से हुई है और उन्होंने एम एस सी बीएड किया है ।रजिया आजम के दादा इजहार अहमद कानूनगो रहे थे और राजनीति में बहुत सक्रिय थे । उनके पति मु० अयाज एड० 2022 में 30 विधानसभा बिलारी से कांग्रेस के मजबूत दावेदार थे। उनके पिता इंजी० मु० जरीफ विद्युत विभाग से सेवानिवृत्त हैं। राजनीति में उनका संघर्ष काफी लम्बा है। उनकी राजनीति की शुरुआत एएमयू से हुई।

# नगर में आठ मोहर्रम को अलम का तारीखी जुलूस बरामद

## ■ अजादारों ने किया जंजीर का मातम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अगवानपुर।** नगर पंचायत में आठ मोहर्रम को कदीमी ओर तारीखी जुलूस बरामद किया गया जिसमें अजादारों ने जंजीर का मातम कर खुद को लहूलुहान कर लिया। ओर इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम को खून का पुरसा पेश किया गया। नगर पंचायत के मोहल्ला सराय फारूख स्थित इमामबाड़ा पंजेतनी से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आठ मोहर्रम को तारीखी जुलूस बरामद किया गया। जिसमें बच्चे बुजुर्ग और जवानों ने जंजीर का मातम किया। जुलूस में अंजुमन जीनत ए अजा के नोहेख्वानो ने नोहेख्वानी की। जुलूस इमामबाड़ा पंजेतनी से इमामबाड़ा सफदर हुसैन से स्टेशन रोड होता हुआ इमामबाड़ा मीर खैरात अली से इमामबाड़ा तहजीबुल हसनैन से शुक्रवार का बाजार पहुंचा। जहां खतीबे नहजुलबलागा मौलाना डॉ मंजर अली आरफी ने तहरीर करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन का हम शुक्रिया अदा करते हैं। जो इस कदीमी जुलूस में हमारी सुरक्षा के लिए जुलूस में शामिल है। उसके बाद मौलाना ने कहा कि मोहर्रम में जो इमाम हुसैन के अलम को सलामी न दे। वो इस्लाम द्रोही है। मोहर्रम में इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की शहादत पर जो गम मनाता हैं। वो ही अल्लाह के रसूल का अपना है। ओर जो मोहर्रम में खुशी मनाता हैं। उसका रिश्ता यजीद के साथ है। तकरीर के बाद जुलूस गांधी वाला मंदिर से जामा मस्जिद से मोहल्ला नियरियांन से इमामबाड़ा मनिहारान से तारा वाला कुआं से सोमवार का बाजार से इमामबाड़ा तकिया याद अली से इमामबाड़ा मुतालिब हुसैन से इमामबाड़ा वाजिद अली कोतवाल से मोहल्ला कुरेशियांन से स्टेशन रोड होता हुआ इमामबाड़ा पंजेतनी पर जुलूस का समापन हुआ। इस दौरान सी ओ सिविल लाइंस सुधीर कुमार गुप्ता थाना प्रभारी मनीष सक्सैना, चौकी प्रभारी सुनील कुमार राठी के नेतृत्व में आर.ए.एफ ओर स्थानीय पुलिस चप्पे चप्पे पर नजर रखें हुई थी। सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात रहा। जुलूस में नैय्यर अब्बास नकवी , नासिर हुसैन, दानिश नकघ्वी, गुलजार रजा, अंजुम नकघ्वी, आदिल नकवी , ऐजाज हुसैन, जावेद हुसैन, शबी अब्बास , हैदर हसन, तसव्वुर हुसैन, जॉन नकवी, मासूम रजा, मो. अब्बास , परवेज नकघ्वी, अजीम आदि लोग मौजूद रहे।

# भगवान कृष्ण की लीलाओं का वर्णन कर झूमे श्रद्धालु



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के गांव शेरपुर पट्टी में मनोकामना सिद्ध कुटी चरण दासी संत समागम श्री श्री 108 रामदास बाबा जी के स्थान पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन, कथावाचक सर्वेश्वर महाराज ने अपने मुख से कथा मे बताया आमतौर पर राजा परीक्षित के जन्म और उनके द्वारा शुकदेव जी से कथा सुनने के प्रसंग का वर्णन किया जाता है। इसके अलावा, इस दिन भागवत कथा का श्रवण करने से होने वाले लाभों और भगवान कृष्ण की महिमा का भी बखान किया जाता है। दूसरे दिन की कथा में, आमतौर पर निम्नलिखित विषयों पर प्रकाश डाला जाता हैरूराजा परीक्षित का जन्मरूराजा परीक्षित, जो बाद में भागवत कथा के श्रोता बने, का जन्म कैसे हुआ, इसका वर्णन किया जाता है। शुकदेव जी का प्रसंगरूशुकदेव जी, जो व्यासजी के पुत्र थे और भागवत कथा के प्रमुख वक्ता थे, का जन्म कैसे हुआ और उन्होंने राजा परीक्षित को कथा सुनाई, इसका वर्णन किया जाता है। भागवत कथा का महत्वरूभागवत कथा सुनने के क्या लाभ हैं, इसका वर्णन किया जाता है। भगवान कृष्ण की महिमारूभगवान कृष्ण के विभिन्न लीलाओं और उनकी महिमा का वर्णन किया जाता है।

भक्ति, ज्ञान और वैराग्यरूभक्ति, ज्ञान और वैराग्य के महत्व पर प्रकाश डाला जाता है। सत्य का मार्ग सत्य का पालन करने और भगवान कृष्ण के स्वरूप को समझने के महत्व पर जोर दिया जाता है। इसके अतिरिक्त, दूसरे दिन की कथा में, श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते हैं और कथावाचक के साथ मिलकर भगवान की महिमा का गुणगान करते हैं।

इस अवसर पर कथा में हरिदास बाबा व समस्त ग्रामवासी मौजूद थे।

### आठवीं मोहर्रम को ग्राम हरियाना में अलमों का जुलूस अकीदत के साथ निकाला गया

**कुन्दरकी।** आठवीं मोहर्रम को कुन्दरकी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम हरियाना में आलमों का जुलूस अकीदत के साथ निकाला गया जुलूस जरीफ अहमद के मकान से शुरू हुआ जोकि निर्धारित मार्ग से होता हुआ अन्सारियों वाली मस्जिद पर पहुँचकर समाप्त हुआ जुलूस में सुन्नी अजादार अलम लिए हुए चल रहे थे वही ढोल भी शामिल रहे जुलूस में अकीदतमंदों ने नोहे भी पढ़े जुलूस में ग्राम प्रधान गुलशन मोहम्मद, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शरीफ उस्ताद,पूर्व ग्राम प्रधान अफसर अली खान, जावेद खान मुगल पूर्व जिला सचिव, असद खान, शाद खान,अबरार खाँ,डीलर खुर्शीद सैफी, मोमीन सैफी, जीशान खान, भूरा खान, शाहरूख वारसी,मकसूद चौधरी, माजिद हाफिज जी,समेत काफी सँख्या में लोग शामिल रहें सुरक्षा व्यवस्था के साथ पुलिस भी तैनात रही।

# वाल्मीकि समाज के लोगों के साथ मारपीट व धमकी पर हुआ हंगामा, कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** वाल्मीकि समाज के दो लोगों के साथ मारपीट और जातिसूचक शब्दों के प्रयोग व जान से मारने की धमकी देने के आरोपों को लेकर भारतीय वाल्मीकि धर्म सभा के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने डिप्टी एसपी रुद्र कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि मुरादाबाद के मोहल्ला खुशहालपुर अलकनंदा कॉलोनी निवासी कमल प्रसाद पुत्र प्यारे लाल, जो भारतीय स्टेट बैंक के सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं, से पहले से जान पहचान रखने वाले दो युवकों ने बुलेट मोटरसाइकिल दिलाने के नाम पर उनसे करीब 10 लाख रुपये ले लिए। लेकिन न तो मोटरसाइकिल दिलाई गई और न ही रुपये लौटाए गए। जब उन्होंने पैसे की मांग की तो उन्हें जातिसूचक शब्द कहे गए और जान से मारने की धमकी दी गई। दूसरा मामला भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव पीपलसाना निवासी राहुल पुत्र विनोद का है, जो एक निजी क्लीनिक पर सफाई कार्य करता है। 1 जुलाई को सफाई करने के बाद राहुल अपनी मां के साथ ई-रिक्शा से रिश्तेदारी में गया था। लौटते समय पीपलसाना स्थित श्मशान पुलिया के पास कुछ लोग, जिनमें एक डॉक्टर भी शामिल था, उसे जबरन ई-रिक्शा से उतारकर अपनी बाइक पर बैठा सुनसान जगह ले गए और बुरी तरह मारपीट की। उस पर झूठा चोरी का आरोप लगाकर पुलिस के हवाले कर दिया गया। परि. जनों के आने पर उसे छोड़ा गया, लेकिन आरोप है कि अब भी आरोपी उसे लगातार धमका रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यह केवल दो व्यक्तियों का मामला नहीं, बल्कि वाल्मीकि समाज को दबाने का प्रयास है। प्रदर्शन में राकेश दानव, सुभाष चंद्र, कमल भारती, सुनील नील, जसपाल सिंह बाल्मीकि, दिनेश कुमार, रही फसी नागवंशी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बेमतलब की रार

देश के कई राज्यों में हिन्दी भाषा को लेकर टकराव की बातें समय-समय पर सामने आती रहती हैं। महाराष्ट्र और दक्षिण के राज्य विशेषकर तमिलनाडु हिन्दी विरोध के लिए जाने जाते हैं। ताजा मामले में भी महाराष्ट्र के ठाणे से ऐसी खबर आई है, जो बेहद चिंता पैदा करती है। वहां पर एक दुकानदार से मन से कार्यकर्ताओं ने केवल इसलिए मारपीट कर दी, क्योंकि वह हिन्दी नहीं जानता था। मनसे के कार्यकर्ताओं ने एक गुजराती दुकानदार से मराठी में बात करने को कहा था और ऐसा न करने पर उसे थप्पड़ मारे थे। यह घटना 30 जून की बताई जाती है। दिलचस्प बात यह है कि गुरुवार को 7 मनसे कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, लेकिन कुछ ही देर बात उन्हें जमानत भी दे दी गई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को कहा कि मनसे कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और कार्रवाई की जाएगी। उनका यह भी कहना था कि मराठी भाषा का सम्मान होना चाहिए पर मराठी के नाम पर गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं करेंगे। दिलचस्प बात यह है कि आरोपियों पर जमानती धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। इन धाराओं में सीधे गिरफ्तारी नहीं की जा सकती, जिस वजह से उन्हें छोड़ दिया गया। सीधी सी बात है कि यह दोहरा आचरण ही कहा जाएगा कि मारपीट का मामला भी इस तरह का नहीं बनता जिस पर गिरफ्तारियां हो सकें। फिर मुख्यमंत्री फडणवीस किस आधार पर सख्ती की बात कर रहे हैं और कैसे कह रहे हैं कि गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं करेंगे। जैसाकि हमने पहले ही कहा कि कई राज्यों में इस तरह की बातें सामने आती हैं। तमिलनाडु से भी समय-समय पर इस तरह के समाचार मिलते रहते हैं। देखने वाली बात यह है कि यह विरोध कई बार इतना उग्र हो जाता है कि हिंसा का रूप लेने लगता है। अपने ही देश में हिन्दी भाषा के साथ इस तरह की बातें बेहद चिंता पैदा करने वाली हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि भारत विभिन्न वाला देश है। जहां के राज्यों की वेशभूषा, खानपान, भाषाएं अलग हैं। हर कोई राज्य अपनी भाषा का तरजीह देना पसंद करता है। इसमें कोई बुराई भी नहीं है, क्योंकि सारी भाषाएं हमारी अपनी हैं। किसी भी भाषा से दुराग्रह नहीं रखा जा सकता, लेकनि समस्या तब आती है जब भाषा के नाम पर शत्रुता जैसा व्यवहार किया जाता है। भाषा किसी की शत्रु नहीं हो सकती और भाषा का मतलब भी यही होता है कि एक-दूसरे को एक-दूसरे के साथ जुड़ाव पैदा किया जाए। आखिर जब हमारा अंग्रेजी से कोई विरोध नहीं है, यह तो अपने देश की भाषा भी नहीं है, तो फिर अपनी ही भाषा से इतना सौतेला रवैया क्यों अपनाया जाता है। मनसे के नेता राज ठाकरे इस बात के लिए जाने ही जाते हैं कि वह हिन्दी के साथ दुश्मनी की हद तक पहुंच जाते हैं। इस तरह की बातों को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन यह काम बलपूर्वक भी नहीं होना चाहिए। लोगों को इस बात के लिए जागरूक किया जाना चाहिए कि प्रत्येक देश की एक भाषा होती है और यह भाषा ही देश को एकजुट रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जहां तक बात राज्यों की भाषा की है, उनका भी सम्मान किया जाना चाहिए।

## चिंता सार्वजनिक रूप से सामने आई



सेना के उप-प्रमुख (क्षमता विकास और स्थायित्व) लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने आज सार्वजनिक रूप से वह बात कही है, जो ऑपरेशन सिंदूर के अचानक खत्म होने के बाद से आमतौर पर मानी जा रही थी, यह वही ऑपरेशन है, जिसे अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प के दखल के चलते 10 मई को रोक दिया गया था, लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने जो कहा, वह उसी चिंता को सार्वजनिक रूप से सामने लाता है कि हम वास्तव में पाकिस्तान से नहीं, बल्कि चीन से लड़ रहे थे, चीन, पाकिस्तान की वायु सेना को असाधारण स्तर तक नियंत्रित कर रहा था, यह खुलासा उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) की ओर से सिंगापुर में किया गया था।

**-जयराम रमेश, कांग्रेस सांसद**

# कर्बला से मिलती है चरित्र निर्माण की शिक्षा



नासिर हैदर ज़ैदी



कर्बला की दुखद घटना से अवगत कराने से पहले मैं कर्बला के उसे अजीम किरदार का परिचय करना चाहूंगा जिसका नाम है हजरत इमाम हुसैन (अ.) वालिद का नाम हजरत अली अली (अ.) वाल्दा का नाम हजरत फातिमा ज़हरा, नाना हजरत मुहम्मद मुसतुफा (स.अ.व.) और दादा हजरत अबूतालिब हैं। कर्बला खुली हुई आयत की तरह मोहर्रम की 10 तारीख सन 61 हिजरी को ईराक सरजमीन कर्बला नहर फुरात के किनारे खुले मैदान में दोपहर को होने वाला एक ऐसा वाक्या है जिसका ना ग्राउंड उलझा हुआ है ना बैकग्राउंड तारीख की निगाहों ने उन खंजरों को भी देखा है जो चल रहे थे और उन गलों को भी देखा है जो कट रहे थे वक्त पूरी तरह से उन तीरों को भी पहचान रहा था जो सजदा करने वाली परेशानियों में चुभ रहे थे और उस खून के कतरों को भी देख रहा था, जो गर्म रहती पर टपक रहे थे तारीख उन सूखे होंटों को भी पहचानती है जो अल्लाह की बड़ाई का ऐलान कर रहे थे और उन सूखी हुई जुबानो को भी जानती है जो अल्लाह के जिक्र से तर हो रहीं थीं वक्त उन मांओं को भी देख रहा था जो अपने नोनिहालों को अपनी गोद में उठाकर मौत के हवाले कर रहीं थीं और उन लाशों से भी बा खबर था जो घोड़ों की टापों से रोंदी की जा रहीं थीं कातिल भी सामने खड़े थे और कत्ल होने वाले भी।

हम तो बस इतना जानते हैं कि नबी का नवासा भूख प्यास अपने खानदान और अपने कुछ साथियों के साथ इंतेहाई बेदर्दी से शहीद कर दिया गया, उसके घर के समान को लूट लिया। लाशों को बे गोरोकफन तपती हुई जमीन पर छोड़कर उनके अहलेबैत को कैदी बना लिया गया। यूं तो दुनिया में हजारों इंकलाब आए लाखों जंगें हुईं और जमीन ने करोड़ों बेगोरो कफन लाशें देखीं और यतीम बेवाओं को व लावारिसों की आवाजें सुनी जो दुनिया में इंसानियत और इंसाफ की फरियाद करते पाए गए, लेकिन इराक की सर जमीन पर कर्बला में जो दर्दनाक घटना हुई यह जंग किसी तखतो ताज के लिए नहीं बल्कि दो इरादों की जंग थी एक तरफ यजीद पुत्र माविया पुत्र अबु सूफियान का इरादा था, जो अपने बुजुर्गों की शरीयत को स्थापित कर इस्लाम की असल शरीयत को मिटा देना चाहता था और हजरत इमाम हुसैन से तलवार के जुल्मों सितम के बल पर अपनी शरीयत को स्वीकार, मनवाना करना चाहता था यानि बैयत लेना चाहता था, लेकिन दूसरा इरादा इमाम हुसैन का था जो अपने नाना हजरत मुहम्मद (स.अ.व.) यानी इस्लाम की शरीयत को खत्म होते नहीं देखना चाहते थे हजरत इमाम हुसैन पैगंबर हजरत मुहम्मद मुस्तफा (स.अ.व.) के सगे नाती थे और यजीद इस्लाम धर्म को तबाह वह बर्बाद कर रहा था परंतु इमाम हुसैन अपने व अपने परिवार व अपने साथियों पर भयंकर अत्याचार तो सहन कर सकते थे, लेकिन वास्तविक इस्लाम धर्म को तबाह व बर्बाद होते नहीं देख सकते थे यजीद का उद्देश्य हजरत इमाम हुसैन से अपनी शरीयत जिसमें समाज की हर बुराई जुल्म सितम शामिल था स्वीकार करने का था कि इस्लाम धर्म के पैगंबर के घराने की मोहर उसकी अपनी शरीयत पर लग जाए और उसकी शरीयत ही इस्लाम धर्म की शरीयत मानी जाए, जबकि हजरत इमाम हुसैन जंग करने नहीं गए थे अगर जंग के लिए जाते तो अपने परिवार के छोटे छोटे बच्चों और औरतों को साथ ना ले जाते इमाम तो कूफे के रहने वालों के इस्लाम की इसलाह के सैकड़ों खतों के जरिए बुलाने पर जा रहे थे रास्ते में कूफे गवर्नर इब्ने जियाद यजीद के आदेश पर कि या तो इमाम हुसैन से बैयत लो वरना उनका सिर कलम करके उसके सामने पेश करें और इबने जियाद के इमाम को यजीद के आदेश बैयत के लिए इमाम को कहा, लेकिन इमाम ने बैयत करने से साफ इंकार करते हुए कहा कि मुझ जैसा यजीद जैसे की बैयत नहीं कर सकता है यह आदेश इब्ने जियाद ने मदीने में ही इमाम हुसैन के चलने से पहले सुनाया था। इस प्रकार कर्बला संग्राम अच्छाई व बुराई सच और झूठ के बीच था। उल्लेखनीय है मनुष्य के चरित्र निर्माण में वीरता, साहस, सच्चाई, ईमानदारी, सत्य, प्रियता, धर्म पालन, कर्तव्य, बलिदान, निष्ठा, उपासना, इबादत, माता-पिता तथा बड़ों का आदर व सम्मान भाई बहन का प्यार माता-पिता की आज्ञा का अनुपालन, सेवा भाव स्नेह, वफादारी अत्याचार व अन्याय से हटकर धैर्य व सहनशीलता ये ऐसी विशेषताएं हैं जो कि मनुष्य के चरित्र निर्माण में सहायक होती हैं और उनके योग से ही मनुष्य का चरित्र बनता वह संवरता है। उनके उदाहरण विश्व के समस्त धर्मों में मिलते हैं और हर धर्म में ऐसे लोग मिल जाते हैं, जिनमें यह विशेषताएं पाई जाएं परंतु यह एक वास्तविकता है जो संसार की सृष्टि से अब तक के इतिहास में हमें ऐसी कोई घटना नहीं मिलती, जिसमें इन समस्त विशेषताओं के प्रत्यक्ष उदाहरण एक ही दिन में एक साथ मिल जाते हैं यदि कोई घटना है तो वो कर्बला संग्राम की एकमात्र घटना है यदि यह घटना ना होती तो इस्लाम भी ऐसा कोई उदाहरण पेश नहीं कर पाता। कर्बला इमाम हुसैन का इस्लाम धर्म पर उपकार है जिसे भुलाया नहीं जा सकता।

हजरत इमाम हुसैन का यह महान बलिदान कर्बला की दिल हिला देने वाली घटनाओं से जुड़ा हुआ है जो विश्व के इतिहास में और ना इससे पूर्व घटीं और ना ही भविष्य में घटने की संभावना है, कर्बला की इस दर्दनाक घटना में हजरत इमाम हुसैन के भाई, भतीजे, दोस्तों और परिवार की औरतों ने व चाहने वाले साथियों ने जिस तरह बढ़ चढ़कर अपनी कुर्बानियां पेश की हैं उससे कर्बला में समस्त उच्च कोटि की विशेषताएं सिमट कर आ गई हैं जो की गागर में सागर भरने वाली कहावत चरितार्थ सत्य होती है।

**वीरता**- यदि वीरता को देखना हो तो कर्बला का प्रत्येक शहीद अपनी मिसाल स्वयं है। हर जांबाज सच्चाई पर अपने प्राण न्यौछावर करने के लिए एक दूसरे से आगे निकलना चाहता है मैदान-ए- कर्बला की और बढ़ते समय रास्ते में हजरत इमाम हुसैन अपने जवान बेटे हजरत अली अकबर से कहते हैं कि बेटा हम आगे-आगे जा रहे हैं और मौत हमारे पीछे-पीछे आ रही है तो अली अकबर कहते हैं अब्बा जान क्या हम हक पर नहीं हैं तो इमाम कहते हैं कि बेटा हम हक पर ना होंगे तो कौन होगा। यह सुनकर अली अकबर कहते हैं कि फिर हमें मौत की क्या चिंता, मौत हम पर आ पड़े या हम मौत पर जा पड़ें।

**वफादारी**- शब-ए-आशूर यानी 10 मोहरम युद्ध के दिन की पूर्व रात्रि इमाम हुसैन शहीदों के नाम की सूची सुनकर इमाम के भतीजे जनाबे कासिम पुत्र हजरत इमाम हसन पूछते हैं कि चाचा जान क्या इस सूची में उनका नाम नहीं है तो इमाम प्रश्न करते हैं कि बेटा कल के दिन मृत्यु तुम्हारी दृष्टि में कैसी है जनाबे कासिम उत्तर देते हैं कि कल आप पर प्राण नयोछावर करना मेरे लिए शहद से भी ज्यादा मीठा है। साहस का प्रदर्शन भी कर्बला के अंदाज का नहीं मिलता 6 महीने की आयु वाले हजरत अली असगर से लेकर 80 साल के योद्धा और हबीब इब्ने मजाहिर सब हिम्मत व साहसी हैं।

यजीद की ओर से लाखों की सेना और इमाम की ओर से कुल 72 हैं परंतु कोई मौत से डरने वाला नहीं है एक-एक करके हर योद्धा रण क्षेत्र में जाता है और लाखों से अकेले धर्म युद्ध करके वीरगति को प्राप्त होता है और उत्साह का यह हाल है कि हर मुजाहिद प्रातः काल से ही जान देने पर कमर बंधे हैं और बार-बार इमाम से रण क्षेत्र में जाने की आज्ञा मांगता है खुशामद करता है और इमाम समझ कर रोक रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दलाई लामा के चयन पर चीन का साजिशपूर्ण हस्तक्षेप

**चीन की विस्तारवादी नीति और आक्रामक कूटनीति को देखते हुए भारत को अपनी रणनीतिक स्थिति स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करनी होगी।**

**चीन ने तिब्बत की पहचान को मिटाने की हर मुमकिन कोशिश कर ली है। दलाई लामा के पद पर दावा ऐसी ही एक और कोशिश है। उसकी वजह से यह मामला धर्म से आगे बढ़कर वैश्विक राजनीति का रूप ले चुका है, जिसका असर भारत और उन तमाम जगहों पर पड़ेगा, जहां तिब्बत के लोगों ने शरण ली है।**



ललित गर्ग

तिब्बत के आध्यात्मिक नेता एवं वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो की उत्तराधिकार प्रक्रिया न केवल बौद्ध धर्म और तिब्बत की संस्कृति से जुड़ा विषय है, बल्कि यह अंतर्राष्ट्रीय राजनीति, मानवाधिकार और भारत-चीन संबंधों के संदर्भ में भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। चीन द्वारा इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने का प्रयास न केवल धार्मिक स्वतंत्रता का हनन है, बल्कि यह वैश्विक जनमत की भी अवहेलना है।

इन स्थितियों में उत्तराधिकार के मसले पर भारत की भूमिका एक निर्णायक मार्गदर्शक के रूप में उभरती है और इसे दृष्टि में रखते हुए भारत ने दलाई लामा का पक्ष लिया है। ऐसा करने में कुछ भी अप्रत्याशित नहीं हैं। भारत शुरू से तिब्बतियों के अधिकार, उनके हितों और उनकी परंपराओं व मूल्यों के समर्थन में खड़ा रहा है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का बयान चीन के लिए यह संदेश भी है कि इस संवेदनशील मसले पर उसकी मनमानी नहीं चलेगी। चीन, दलाई लामा के उत्तराधिकारी के चयन में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रहा है, यह दावा करते हुए कि यह धार्मिक और ऐतिहासिक प्रक्रिया का हिस्सा है। हालांकि, दलाई लामा और तिब्बती समुदाय का कहना है कि यह अधिकार केवल उनके पास है और चीन का हस्तक्षेप धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है। चीन, स्वर्ण कलश प्रणाली का उपयोग करके अपने पसंदीदा उम्मीदवार को स्थापित करना चाहता है। चीन का कहना है कि दलाई लामा का उत्तराधिकारी चुनने का अधिकार उसे स्वर्ण कलश प्रणाली के माध्यम से है, जो 1793 में किंग राजवंश के समय से चली आ रही है।

इस प्रणाली में, संभावित उत्तराधिकारियों के नाम एक कलश में डाले जाते हैं और फिर एक नाम निकाला जाता है। दलाई लामा केवल तिब्बत के धार्मिक नेता नहीं हैं, वे तिब्बती अस्मिता, स्वतंत्रता और आत्म-सम्मान के प्रतीक हैं। वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो, 1959 में चीन की दमनकारी नीतियों के कारण तिब्बत छोड़कर भारत आए और धर्मशाला में निर्वासित तिब्बती सरकार की स्थापना हुई। भारत ने न केवल उन्हें शरण दी, बल्कि एक शांतिपूर्ण संघर्ष के पथप्रदर्शक के रूप में वैश्विक स्तर पर उनके विचारों को मंच भी प्रदान किया। वर्तमान दलाई लामा ने इस पद के लिए अगले शख्स को चुनने की सारी जिम्मेदारी गाडेन फोडरंग ट्रस्ट को दे दी है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में किसी और को हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। उनका इशारा चीन की ओर था।

रिजिजू ने भी इस बात का समर्थन किया है। वहीं, चीन ने इस मसले में साजिशपूर्ण हस्तक्षेप करते हुए कहा है कि उत्तराधिकारी का चयन चीनी मान्यताओं के अनुसार और पेइचिंग की मंजूरी से होना चाहिए। चीन दलाई लामा की उत्तराधिकार प्रक्रिया पर नियंत्रण चाहता है ताकि तिब्बती जनता को अपने ही धार्मिक नेता से अलग किया जा सके। 2007 में चीनी सरकार ने एक धार्मिक मामलों पर नियंत्रण कानून लागू किया जिसके अंतर्गत दलाई लामा जैसे धार्मिक नेताओं की नियुक्ति भी राज्य की अनुमति से ही संभव बताई गई। यह न केवल बौद्ध धर्म के सिद्धांतों के विरुद्ध है, बल्कि यह तिब्बती जनता की आस्था और पहचान का गला घोंटने जैसा है।

1959 में जब दलाई लामा को कम्युनिस्ट सरकार के दमन के चलते भारत में शरण लेनी पड़ी थी, तब से हालात बिल्कुल बदल गए हैं- चीन बेहद ताकतवर हो चुका है और तिब्बत कमजोर। इसके बाद भी अगर तिब्बत का मसला जिंदा है, तो वजह हैं दलाई लामा। चीन इसे समझता है और इसी वजह से इस पद पर अपने प्रभाव वाले किसी शख्स को बैठाना चाहता है। चीन की योजना यह है कि जब वर्तमान दलाई लामा का देहांत हो, तो वह अपनी पसंद का एक दलाई लामा घोषित करे, जिसे वैश्विक समुदाय भले ही स्वीकार न करे, लेकिन चीन उसकी पहचान को जबरन वैधता प्रदान करे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पाकिस्तान की सुरक्षा परिषद अध्यक्षता: कूटनीति का चेहरा

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान की जुलाई महीने के लिए अध्यक्षता ने देश के कुछ राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। कई जगहों पर इसे भारत की रणनीतिक पराजय की संज्ञा दी जा रही है और यह प्रचा. रित किया जा रहा है कि भारत ने पाकिस्तान को वैश्विक मंच पर एक बड़ी कूटनीतिक जीत सौंप दी है, लेकिन जब इस घटनाक्रम को तथ्यों और प्रक्रिया की कसौटी पर कसा जाता है, तो स्थिति पूरी तरह उलट दिखती है। वास्तव में पाकिस्तान की यह अध्यक्षता न किसी चुनाव का परिणाम है, न किसी अंतर्राष्ट्रीय बहस या मतद्वंद्व की उपज। यह केवल एक रोटेशन प्रणाली का भाग है, जो सुरक्षा परिषद के संचालन का नियमित नियम है, न कि कोई असाधारण या आश्चर्यजनक घटना।



**संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कुल 15 सदस्य होते हैं, जिनमें पांच स्थाई सदस्य- अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन तथा दस अस्थाई सदस्य होते हैं। इन दस अस्थाई सदस्यों का चयन यूएन महासभा द्वारा दो वर्ष की अवधि के लिए किया जाता है, जिसमें हर वर्ष पांच नए सदस्य चुने जाते हैं। प्रत्येक सदस्य को एक-एक महीने के लिए परिषद की अध्यक्षता दी जाती है।**

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कुल 15 सदस्य होते हैं, जिनमें पांच स्थाई सदस्य- अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन तथा दस अस्थाई सदस्य होते हैं। इन दस अस्थाई सदस्यों का चयन यूएन महासभा द्वारा दो वर्ष की अवधि के लिए किया जाता है, जिसमें हर वर्ष पांच नए सदस्य चुने जाते हैं। प्रत्येक सदस्य को एक-एक महीने के लिए परिषद की अध्यक्षता दी जाती है और यह क्रम पूरी तरह से अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार चलता है। जुलाई में पाकिस्तान की बारी आई, तो वह राष्ट्रपति बन गया। न तो कोई वोटिंग हुई, न ही किसी देश ने इसके खिलाफ खड़ा होकर मुकाबला किया। यह चुनाव नहीं, बल्कि प्रशासनिक क्रम है, जिसकी रूपरेखा पहले से तैयार रहती है। अब सवाल उठाताची है कि पाकिस्तान को अस्थाई सदस्यता कैसे मिली? इसके लिए हमें पीछे लौटकर वर्ष 2024 की ओर देखना होगा, जब संयुक्त राष्ट्र महासभा में एशिया-प्रशांत क्षेत्र से एक सीट के लिए नामांकन हुआ। पाकिस्तान एकमात्र प्रत्याशी था और उसके खिलाफ किसी भी देश ने नामांकन नहीं किया। भारत, जो कि हाल ही में वर्ष 2021-22 में इस परिषद का अस्थाई सदस्य रह चुका था, परंपरा के अनुसार उस समय नामांकन का पात्र ही नहीं था। यूएन की रीति है कि कोई भी देश दो कार्यकाल लगातार सदस्य नहीं बन सकता। इसलिए भारत की अनुपस्थिति न तो चौंकाने वाली है, न ही रणनीतिक चूक। भारत ने न केवल नियम का पालन किया, बल्कि स्वयं को भविष्य की सदस्यता 2028-29 के लिए योग्य और भरोसेमंद बनाए रखने का मार्ग प्रशस्त किया।

पाकिस्तान को महासभा में 182 वोट मिले, जो इस बात को रेखांकित करते हैं कि उसका नामांकन बिना मुकाबले के हुआ था। चीन, तुर्की, मलेशिया, इंडोनेशिया जैसे देश पाकिस्तान के समर्थन में थे और बाकी देशों ने औपचारिकता पूरी करते हुए अपना मत दिया। यहां यह भी गौरतलब है कि पाकिस्तान की यह सफलता प्रतीकात्मक मात्र है, इसका कोई नीतिगत अथवा निर्णयात्मक प्रभाव नहीं है। परिषद का अध्यक्ष केवल बैठकों की अध्यक्षता करता है, एजेंडा को प्रस्तुत करता है और तकनीकी समन्वय करता है। उसे कोई प्रस्ताव लाने, पास कराने या सुरक्षा परिषद की दिशा बदलने का अधिकार नहीं होता। कई लोग यह आशंका जता रहे हैं कि पाकिस्तान इस दौरान जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठा सकता है और भारत के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय मंच पर माहौल बना सकता है, लेकिन यह आशंका न केवल अतिश्योक्ति है, बल्कि कूटनीतिक अज्ञानता भी दर्शाती है। सुरक्षा परिषद में कोई भी देश यहां तक कि अध्यक्ष भी तब तक कोई मुद्दा नहीं उठा सकता, जब तक किसी स्थाई सदस्य द्वारा प्रस्ताव न रखा जाए और अन्य सदस्य उसका समर्थन न करें। पाकिस्तान, जो स्वयं स्थाई सदस्य नहीं है, इस स्थिति में केवल संयोजक की भूमिका निभा सकता है, न कि निर्णायक की। यदि वह अध्यक्षता का दुरुपयोग करता है, तो न केवल उसकी प्रतिष्ठा पर आंच आएगी, बल्कि परिषद की मर्यादा भी भंग होगी, जिसका विरोध भारत सहित अन्य राष्ट्र निश्चित ही करेंगे।

भारत ने इस मुद्दे पर जो चुप्पी साधी है, वह कोई कमजोरी नहीं, बल्कि दूरदृष्टि का प्रमाण है। भारत जानता है कि यदि वह पाकिस्तान की उम्मीदवारी का विरोध करता, तो उसे व्यापक स्तर पर समर्थन जुटाना पड़ता। साथ ही, वह कुछ ऐसे देशों की नाराजगी मोल लेता, जिनका समर्थन भविष्य में उसकी आवश्यकता बन सकता है। भारत फिलहाल अपनी कूटनीतिक ऊर्जा उन मंचों पर केंद्रित कर रहा है जहां दीर्घकालीन लाभ की संभावना है जैसे ब्रिक्स, क्वाड, जी-20 और सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता। ऐसे में एक महीने की अध्यक्षता के लिए अपने संसाधनों और संबंधों को दांव पर लगाना बुद्धिमत्ता नहीं होती। भारत की यह नीति एक प्रकार से नैतिक धरातल को भी सुरक्षित रखती है। विरोध न करके भारत ने यह भी सिद्ध किया कि वह अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं की प्रक्रिया और नियमों का



वीरेश तरार

सम्मान करता है। यह व्यवहार उस समय की स्थिति के लिए लाभकारी होगा जब भारत स्वयं सदस्यता की दौड़ में होगा। भारत की नजर लंबे रास्ते पर है, और वह अपने कूटनीतिक सफर को राजनीतिक आक्रोश के बजाय विवेक और संतुलन से संचालित करता है। इस पूरी प्रक्रिया को यदि कोई जीत कहता है, तो वह केवल प्रतीकों की दुनिया में रह रहा है। पाकिस्तान को जो जिम्मेदारी मिली है, वह सीमित और औपचारिक है। इसके माध्यम से वह कोई अंतर्राष्ट्रीय एजेंडा स्थापित नहीं कर सकता, और न ही भारत को घेरने की उसकी कोई कोशिश वास्तविकता में परिणत हो सकती है। भारत इस पूरे घटनाक्रम में शांत रहा, पर उसका मौन दूरदर्शिता की परतों में लिपटा हुआ था। इस लेख का उद्देश्य न किसी पक्ष की वाहवाही करना है, न किसी को दोषी ठहराना बल्कि केवल सच्चाई का वस्तुनिष्ठ और प्रमाणित रूप प्रस्तुत करना है। पत्रकारिता का धर्म है कि वह अपने पाठकों को भ्रम से मुक्त कर यथार्थ से जोड़ सके और यह लेख उसी दिशा में एक विनम्र प्रयास है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दुनिया हैरान: रूस ने तालिबान सरकार को दी मान्यता

## तालिबान बोला: बहादुरी भरा है कदम



**मान्यता प्रदान करने वाला दुनिया का पहला देश, रूस बोला: मान्यता देने से द्विपक्षीय सहयोग तेजी से बढ़ेगा**

**तालिबान सरकार ने रूस के कदम को बहादुरी भरा फैसला बताया, फैसला दूसरों के लिए मिसाल बनेगा**

**काबुल/मॉस्को।** अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता को रूस ने आधिका. रिक मान्यता दे दी है। ऐसा करने वाला रूस दुनिया का पहला देश बन गया है। यह घोषणा काबुल में अफगान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी और अफगानिस्तान में रूस के राजदूत दिमित्री झिरनोव के बीच हुई बैठक के बाद की गई। तालिबान सरकार ने रूस के इस कदम को बहादुरी भरा फैसला बताया है। मुत्ताकी ने बैठक के बाद जारी एक वीडियो बयान में कहा यह साहसी फैसला दूसरों के लिए एक मिसाल बनेगा।

अब मान्यता की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, रूस सबसे आगे रहा। तालिबान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जिया अहमद तकाल ने भी एएफपी को पुष्टि करते हुए कहा कि रूस पहला देश है जिसने इस्लामिक अमीरात को आधिकारिक मान्यता दी है। तालिबान खुद को इस्लामिक अमीरात ऑफ अफगानिस्तान कहता है। रूस के अफगानिस्तान मामलों के विशेष प्रतिनिधि जामिर काबुलोव ने रिया नोवोस्ती ने तालिबान सरकार को मान्यता देने की पुष्टि की। रूसी विदेश मंत्रालय ने भी बयान जारी कर कहा कि इस्लामिक अमीरात की सरकार को मान्यता देने से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग तेजी से बढ़ेगा। चीन, पाकिस्तान और ईरान जैसे कई देशों ने अपने-अपने यहां तालिबान राजनयिकों को तैनात कर रखा है, लेकिन अभी तक किसी ने भी तालिबान शासन को आधिकारिक मान्यता नहीं दी थी। जब एक देश दूसरे देश को आधिकारिक मान्यता देता है, तो वह उसे एक स्वतंत्र राष्ट्र मानता है। यानी उस देश की अपनी सरकार है, अपनी सीमा है और वह दुनिया के दूसरे देशों से रिश्ते बना सकता है। यह मान्यता 1933 की मोंटेवीडियो संधि जैसे अंतर्राष्ट्रीय कानूनों पर आधारित होती है। इसके लिए चार शर्तें होती हैं, स्थाई आबादी, सीमा, सरकार और विदेशों से संबंध बनाने की क्षमता। मान्यता मिलने से किसी देश को वैधता, अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं में जगह और दूसरे देशों से व्यापार व रिश्ते बनाने का मौका मिलता है। तालिबान ने 15 अगस्त 2021 को काबुल के साथ ही पूरे अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया था। अमेरिका और भारत समेत अब तक कई देशों ने तालिबान को अफगानिस्तान की सरकार के तौर पर मान्यता नहीं दी है। अफगानिस्तान लगातार दुनिया से उसे मान्यता देने की मांग करता रहा है। तालिबान के कार्यकारी रक्षा मंत्री मुल्लाह मोहम्मद याकूब मुजाहिद ने एक इंटरव्यू में कहा था कि सरकार ने मान्यता हासिल करने के लिए सारी जरूरतों को पूरा किया है। इसके बावजूद अमेरिका के दबाव में आकर दूसरे देश हमें मान्यता नहीं दे रहे हैं। तालिबान की स्थापना 1994 में अफगानिस्तान के कंधार शहर में हुई थी। यह संगठन उन गुटों में शामिल था, जो 1989 में सोवियत सेना की वापसी के बाद अफगानिस्तान में सत्ता के लिए चल रहे गृहयुद्ध में शामिल थे। तालिबान के ज्यादातर सदस्य वही मुजाहिदीन थे, जिन्होंने अमेरिका की मदद से नौ साल तक सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध लड़ा और उसे पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। इस सहयोग की वजह से तालिबान को शुरुआत में अमेरिका का समर्थन भी मिला। हालांकि, 1990 के दशक के अंत तक तालिबान की छवि बदलने लगी। 1999 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें कहा गया कि तालिबान दुनियाभर के आतंकी संगठनों को शरण और प्रशिक्षण दे रहा है। इसी के कुछ महीनों बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूएन के इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए तालिबान पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। 2003 में रूस की सुप्रीम कोर्ट ने तालिबान को आधिकारिक रूप से एक आतंकी संगठन घोषित कर दिया था। रूस ने आरोप लगाया कि तालिबान के चेचन्या में सक्रिय अवैध संगठनों से संबंध हैं।



रुद्रप्रयाग। प्राकृतिक आपदाओं के कारण केदारनाथ धाम जाने वाले मार्ग के अवरुद्ध होने के बाद बचाव व राहत अभियान चलाकर लोगों को सुरक्षित जगह ले जाते बचावकर्मी।

## हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स में पास हुआ 'बिग ब्यूटीफुल बिल'

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कांग्रेस (संसद) के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स ने गुरुवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कर और खर्च में कटौती करने वाले 'बिग ब्यूटीफुल बिल' को पास कर दिया। हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स में विधेयक के समर्थन में 218, जबकि विरोध में 214 लोगों ने वोट डाला। इस तरह के यह विधेयक चार मतों के अंतर से कांग्रेस के निचलने सदन में पास हो गया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार ट्रम्प की ही पार्टी के दो सांसद थॉमस मैसी और ब्रायन फिट्जपैट्रिक ने इस विधेय के खिलाफ मतदान किया। गौरतलब है कि इसी विधेयक को लेकर ट्रम्प और प्रसिद्ध उद्योगपति एलन मस्क ने एक-दूसरे के खिलाफ तीखी बयानबाजी की थी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बताया कि ट्रम्प शुक्रवार शाम पांच बजे अमेरिका के स्वतंत्रता दिवस (चार जुलाई) पर एक बड़े और शानदार समारोह में इस विधेयक पर हस्ताक्षर करेंगे। यह बिल दो दिन पहले ही अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट में 50-51 के मामूली अंतर से पास हुआ था।

## इजरायल की ईरान को दो टूक: अबकी बार परमाणु हरकत पर होगा बुरा हश्र



**हमारे पास उनकी गतिविधियों का पता लगाने की पूरी क्षमता है: इजरायल**

**यरूशलम।** इजरायल ने ईरान को परमाणु कार्यक्रमों को आगे नहीं बढ़ाने की चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वह ऐसा करता है, उसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार संयुक्त राष्ट्र में इजरायल के राजदूत डैनी डैनन ने कहा है कि ईरानी कार्यक्रम पर इजरायल की नीति में कोई बदलाव नहीं आया है।

उन्होंने कहा कि हमारे पास उनकी गतिविधियों का पता लगाने की पूरी क्षमता हैं और यदि हमने पाया कि वे उसी रास्ते पर वापस जा रहे हैं,तो हमें निर्णय लेना होगा। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि वे समझ गए होंगे और इजरायल तथा अमेरिका भी उनकी गतिविधियों पर उस पर बारीकी से नज़र रखेगा। हमारा रूख रणनीतिक निगरानी का है और पहले भी हमने कई सालों तक ऐसा किया है और उसके बाद हमने कार्रवाई की। अब हम बारीकी से देख रहे हैं कि वहां क्या हो रहा है। उन्होंने कहा कि मैं इस बारे में नहीं बताऊंगा कि हम भविष्य में क्या कर सकते हैं, लेकिन मैं अंतिम परिणाम को देखता हूं। ईरान के पास परमाणु क्षमता नहीं होगी। हम इसे स्वीकार नहीं कर सकते। जब हमने ईरान को अस्पतालों और नागरिक क्षेत्रों पर मिसाइलों से हमला करते देखा, तो हम समझ गए कि वे हमारे खिलाफ जो कुछ भी है उसका उपयोग करेंगे।

## उत्तरी नाइजरिया में जिहादियों ने की 28 लोगों की हत्या

**अबुजा।** उत्तरी नाइजीरिया में जिहादी समूहों ने दो अलग-अलग घटनाओं में 28 लोगों की हत्या कर दी है। मीडिया रिपोर्टों में सेना और स्थानीय निवासियों का हवाला देते हुए शुक्रवार को यह जानक. ारी दी गई। रिपोर्ट के अनुसार जिहादी समूह लकुरावा के आतंकवादियों ने बुधवार को नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी सोकोतो राज्य के एक गांव पर हमला किया और 17 लोगों की हत्या कर दी। हमलावरों ने गांव में घुसकर 'अंधाधुंध गोलीबारी' की। स्थानीय लोगों का मानना है कि कुछ दिन पहले सुरक्षा बलों द्वारा तीन जिहादियों की हत्या का प्रतिशोध लिया गया है।

## भारत-अमेरिका में मिनी ट्रेड डील के आसार

### भारत कृषि सेक्टर में नो एंट्री पर कायम, ट्रम्प की तरफ से ट्रेड डील की डेडलाइन का काउंटडाउन शुरू

- **माना जा रहा है कि दोनों देशों के बीच कई बिन्दुओं पर सहमति बनी**
- **वॉशिंगटन में व्यापार वार्ता में भारत ने अमेरिका को एग्री सेक्टर में एंट्री देने से इंकार कर दिया है**
- **चीन और ब्रिटेन के साथ भी ट्रम्प ने डील की लेकिन इसके प्रावधान नहीं बताए**

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से सभी देशों के लिए ट्रेड डील की डेडलाइन का काउंटडाउन शुरू हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 9 जुलाई की डेडलाइन से पहले भारत और अमेरिका के बीच 'मिनी ट्रेड डील' होने के आसार हैं।

माना जा रहा है कि दोनों देशों के बीच कई बिन्दुओं पर सहमति बन गई है। अगले दो-तीन दिन में डील हो सकती है। इसे मिनी ट्रेड डील इसलिए कहा जा रहा है, क्योंकि भारत और अमेरिका सितम्बर-अक्टूबर में होने वाले 43 लाख करोड़ रुपये के द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर फोकस कर रहे हैं। वॉशिंगटन में व्यापार वार्ता में भारत ने अमेरिका को एग्री सेक्टर में एंट्री देने से इनकार कर दिया है। जबकि अमेरिका जेनेटिकली मॉडिफाइड फसली उत्पादों को भारत में बाजार मुहैया कराने की मांग करता रहा है। भारत के रवैए को देखते हुए अमेरिका ने फिलहाल कृषि सेक्टर में एंट्री के लिए दबाव नहीं डालने का निर्णय किया है। जबकि भारत लेबर इन्टेंसिव सेक्टर गारमेंट, जेम्स-जूलरी और लेदर प्रोडक्ट पर कम अमे. रिकी टैरिफ पर कायम है। भारत की ओर से कहा गया है कि बीटीए के बाद के तीन सालों में द्विपक्षीय व्यापार के असल आंकड़े सामने आने लगेंगे। भारत-अमेरिका ट्रेड डील जल्द होगी। लेकिन 9 जुलाई से पहले डील के सभी प्रावधान सामने आना मुश्किल हैं। क्योंकि डील के कई प्रावधानों पर सहमति होना जरूरी है।

चीन और ब्रिटेन के साथ भी ट्रम्प ने डील की लेकिन इसके प्रावधान नहीं बताए। भारत से पहले स्टेज में सिर्फ डील घोषित होगी। भारत खेती का सेक्टर नहीं खोलेगा क्योंकि हमारी 60 प्रतिशत आबादी इस पर निर्भर है। अमेरिका की 1 प्रतिशत आबादी खेती पर निर्भर है। भारत, अमेरिका से एनर्जी और डिफेंस की बड़ी खरीद कर इसकी भरपाई करेगा। खरीद शुरू भी हो चुकी। साथ ही भारत कई अमेरिकी प्रोडक्ट्स के लिए बजट में ही डयूटी कम करने का ऐलान कर चुका है। इसमें अमेरिकी मोटरसाइकिल और व्हिस्की शामिल हैं।

## SCO देशों में मित्रता को बढ़ावा देने के लिए पहल

**शंघाई।** 2025 जन मैत्री के लिए शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) फोरम' और 'फ्रेंडशिप सिटीज फोरम' दोनों की शुक्रवार से शुरुआत हो गई। चीन के पूर्वोत्तर भाग में स्थित लियाओनिंग प्रांत की राजधानी शेनयांग में आयोजित एक कार्यक्रम में चीन की पीपुल्स पॉलिटिकल कंसल्टेटिव कॉन्फ्रेंस की राष्ट्रीय समिति की उपाध्यक्ष और एससीओ के अच्छे पड़ोसी, मैत्री एवं सहयोग आयोग की अध्यक्ष शेन यूयुए ने इस दौरान मुख्य भाषण दिया। शेन ने कहा कि चीन बारी बारी से मिलने वाले इस मंच के वर्तमान अध्यक्ष के तौर पर एससीओ के लोगों के बीच मैत्रीपूर्ण सहयोग को और बढ़ावा देने के उद्देश्य से दोबारा से इन मंचों की मेजबानी कर रहा है।

## हवा से भी दिल के दौरे का खतरा



**यह नुकसान स्वस्थ व्यक्तियों व हृदय रोग से पीड़ित दोनों लोगों में देखा गया**

**न्यूयॉर्क।** प्रदूषण के सुरक्षित स्तर पर माने जानी वाली हवा (लो ग्रेड) भी धीरे-धीरे दिल की मांसपेशियों को नुकसान पहुंचा सकती है जो बाद में दिल के दौरे का कारण बन सकता है। पहले इस हवा को तक 'सुरक्षित श्रेणी' में रखा गया था। वैज्ञानिकों ने उन्नत एमआरआई स्कैन की रिपोर्ट में आधार पर किए गए नए शोध में कहा है कि इस स्तर के वायु प्रदूषण के संपर्क में देर तक रहने वाले लोगों की दिल की मांसपेशियों में निशान पड़ने के शुरुआती लक्षण दिखाई दिए। अध्ययन के अनुसार कि प्रदूषित हवा-भले ही वह 'सुरक्षित' मानी जाने वाली मात्रा में हो, दिल को चुपचाप नुकसान पहुंचा सकती है और यह समय के साथ दिल के दौरे का कारण बन सकती है।

यह नुकसान स्वस्थ व्यक्तियों और हृदय रोग से पीड़ित दोनों लोगों में देखा गया। विशेष रूप से महिलाओं, धूम्रपान करने वालों और उच्च रक्तचाप वाले लोगों में इसे देखा गया। रेडियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ नॉर्थ अमेरिका (आरएसएनए) की पत्रिका 'रेडियोलॉजी' में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार कार्डिएक एमआरआई का उपयोग करने वाले शोधकर्ताओं ने पाया है कि इस स्तर के वायु प्रदूषण के संपर्क में लंबे समय तक रहना भी दिल के लिए नुकसानदायक है। इससे दिल की मांसपेशियों को नुकसान होता है जिससे आगे चलकर हृदयाघात हो सकता है। शोध से पता चलता है कि हवा में महीन कण हृदय की मांसपेशियों में विसरित मायोकार्डियल फाइब्रोसिस उत्पन्न करते हैं। इससे दिल की मांसपेशियां जख्मी हो जाती हैं और उनमें कड़ापन आकर वे सिकुड़ने लगती है। टोरंटो विश्वविद्यालय और टोरंटो में यूनिवर्सिटी हेल्थ नेटवर्क के टेमर्टी फैकल्टी ऑफ मेडिसिन के मेडिकल इमेजिग विभाग की इस अध्ययन की वरिष्ठ लेखिका केट हैनिमन (एमडी, एमपीएच) ने कहा कि हम जानना चाहते थे कि ऊतक स्तर पर इस बढ़े हुए जोखिम को क्या प्रेरित करता है। डा. हैनिमन और सहयोगियों ने हृदय एमआरआई, इमेजिग तकनीक का उपयोग करके मायोकार्डियल फाइब्रोसिस को मापने और पीएम 2-5 कणों के लंबे समय तक संपर्क में रहने के साथ इसके संबंधों का आकलन करने के लिए किया।

## कैलिफोर्निया में जंगल की आग 50000 एकड़ क्षेत्र में फैली

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में कैलिफोर्निया के जंगल में लगी भीषण आग ने एक ही रात में 50 हजार एकड़ से अधिक क्षेत्रफल को चपेट में ले लिया, जिसके कारण जंगल के आसपास बसे लोगों को इलाके छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा और राजमार्ग को आंशिक रूप से बंद कर दिया गया। कैलिफोर्निया वन एवं अग्नि सुरक्षा विभाग (कैल फायर) द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, सैन लुइस ओबिस्पो काउंटी में बुधवार अपराह्न में लगी आग गुरुवार शाम तक 52593 एकड़ (212. 8 वर्ग किमी) तक फैल गई थी, जिस पर केवल पांच प्रतिशत क्षेत्रफल पर नियंत्रण किया जा सका था।

## रूस का यूक्रेन पर 500 मिसाइल और ड्रोन से हमला

**23 घायल, जेलेंस्की का दावा, 270 मिसाइलें मार गिराईं, 200 से ज्यादा ड्रोन जाम किए**

**मास्को/कीव।** रूस ने यूक्रेन पर शुक्रवार सुबह 500 मिसाइलों और ड्रोनों से हमला किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की ने दावा किया कि इनमें से 270 मिसा. इलों को हवा में मार गिरा गया।

इनके अलावा 330 शाहेद ड्रोन भी थे। इनमें से 208 ड्रोन को इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम के जरिए जाम कर दिया गया। ये ड्रोन ईरान में बने हैं। इस हमले का सबसे बड़ा निशाना राजधानी कीव ही था। कीव के अलावा दिनप्रो, सुमी, खार्किव, चेर्निहिव और आसपास के इलाकों को भी नुकसान पहुंचाया। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि इस हमले में कम से कम 23 लोग घायल हुए हैं और उनमें से 14 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। अपार्टमेंट बिल्डिंग, दुकानों, एक स्कूल, एक अस्पताल, रेलवे लाइन और दूसरे जरूरी ढांचों को नुकसान पहुंचा है। कीव इंडिपेंडेंट के मुताबिक धमाकों की आवाजें 3 जुलाई को रात 10 बजे से ही सुनाई देने लगी थीं और ये 4 जुलाई की सुबह तक जारी रहीं। यूक्रेन की वायु सेना के मुता. बिक, रूस ने पहले रात 12:30 बजे कीव की तरफ बैलिस्टिक मिसाइल दागी और फिर रात 2:30 बजे के आसपास और मिसाइलें छोड़ीं।

## अफगान में महिलाओं की स्थिति दयनीय

**78% युवा अफगान महिलाएं शिक्षा रोजगार या प्रशिक्षण के क्षेत्र में कहीं भी दिखाई नहीं देती है**

**जिनेवा।** अफगानिस्तान में दस में से आठ युवा महिलाओं की शिक्षा, रोजगार और प्रशिक्षण तक पहुंच नहीं है और वे इस लिहाज से पुरुषों से बहुत पीछे हैं। संयुक्त राष्ट्र महिला संगठन ने अफगानिस्तान के लिये लैंगिक सूचकांक 2024 में यह खुलासा किया है।

संगठन की रिपोर्ट के अनुसार 78 प्रतिशत युवा अफगान महिलाएं शिक्षा, रोजगार या प्रशिक्षण के क्षेत्र में कहीं भी दिखाई नहीं देती हैं। यह रिपोर्ट यूरोपीय संघ की ओर से दी गई वित्तीय सहायता से तैयार की गई है। अफगानिस्तान में दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा लैंगिक अंतर है जहां स्वास्थ्य, शिक्षा, वित्तीय समावेश और निर्णय लेने में महिलाओं और पुरुषों के बीच 76 प्रतिशत असमानता है। संगठन ने कहा सूचकांक यह भी दर्शाता है कि महिलाएं औसतन विकल्प चुनने और अवसरों तक पहुंचने के लिए अपनी पूरी क्षमता का केवल 17 प्रतिशत ही इस्तेमाल कर पाती हैं जबकि औसतन दुनिया भर में महिलाएं इन क्षेत्रों में अपनी क्षमता का 60. 7 प्रतिशत इस्तेमाल कर पाती हैं। संयुक्त राष्ट्र महिला की कार्यकारी निदेशक सिमा बहौस ने कहा कि अफगानिस्तान का सबसे बड़ा संसाधन उसकी महिलाएं और लड़कियां हैं लेकिन उनकी क्षमताओं का अभी भी दोहन नहीं हुआ है। इसके बावजूद भी वे दृढ़ हैं। अफगान महिलाएं एक-दूसरे का समर्थन कर रही हैं, व्यवसाय चला रही हैं, मानवीय सहायता पहुंचा रही हैं और अन्याय के खिलाफ आवाज उठा रही हैं। बहौस के मुताबिक अफगान महिलाओं का साहस और नेतृत्व कड़े प्रतिबंधों के बावजूद उनके समुदायों को नया रूप दे रहा है। हमें उनके साथ एक ऐसे देश की तलाश में खड़ा होना चाहिए जो उनके अधिकारों और सभी अफगानों की आकांक्षाओं को दर्शाता हो।

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782
9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)